# GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 19-07-2021

# झमाझम बारिश में 56 ने किया रक्तदान



रक्तदान शिविर में उपस्थित पुलिस अधीक्षक नगर सोनम कुमार, डा. सजीव गुलाटी व अन्य।

गोरखपुर (एसएनबी)। एक नई आशा के तत्वावधान में रविवार को सिविल लाइंस स्थित एक मैरेज हॉल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 56 लोगों ने रक्तदान किया। यह शिविर सदर अस्पताल की टीम द्वारा संचालित किया गया।

मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक नगर सोनम कुमार आईपीएस ने कहा कि आज इस विषम परिस्थिति में भी संस्था के सदस्यों का उत्साह देखकर वड़ी प्रसन्नता हो रही है। कोरोना काल में रक्तदान करवाकर आप सव भी कोरोना वॉरियर की ही श्रेणी में आयेगें। इस दौरान विशिष्ट अतिथि डॉ. संदीप गुलाटी ने संस्था के कार्यो की प्रशंसा करते हुए कहा कि आज का शिविर तो प्रशंशनीय है। इसी क्रम में विशिष्ट अतिथि डॉ. रीतेश कुमार ने कहा कि मैं तो हतप्रभ हूं कि इतनी वारिश में भी इतना उत्साह सभी सदस्यों को सलाम। अंत में संस्था अध्यक्ष सीमा छापड़िया ने सभी अतिथि व सदर अस्पताल के टीम के प्रति आभार प्रदान किया। साथ ही रक्तदान करने वालों को विशेष रूप से आभार प्रदान किया।

इस अवसर पर आशीष छापड़िया, अरविंद अग्रवाल राजेश छापड़िया, राजू लोहारूका, उषा मस्करा, तन्वी अग्रवाल, सुनयना वंका, कनक हरि अग्रवाल, अनूप वंका, राधा सिंघानिया, सुपन छापड़िया, पवन चौधरी, मनोज वंका, प्रकाश मस्करा, सुशील तुलस्यान, नमामी अग्रवाल, अनुराधा गोयल, निशि अग्रवाल, ज्ञान अग्रवाल, स्वेता तुलस्यान एंव सुजीत ग्रोवर सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## गैंगस्टर का आरोपित गिरफ्तार

गोरखपुर। पीपीगंज थानाध्यक्ष उनि सत्य प्रकाश सिंह ने मुखबिर की सूचना पर सहयोगी टीम के साथ गैंगस्टर में वांछित एक आरोपित को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने अपना नाम रोहन जायसवाल पुत्र संजय जायसवाल निवासी ग्राम जंगलझझवा टोला शुकुलपुरवा थाना पीपीगंज जनपद गोरखपुर बताया। पुलिस ने आरोपित को 3(1) यूपी गैंगस्टर एक्ट में कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## दो गिरफ्तार

गोरखपुर। गुलरिहा पुलिस ने दो शातिरों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम तय्यब खान पुत्र हफिजुल्ला व शिराजुद्दीन पुत्र कमालुद्दीन निवासीगण जाहिदाबाद खपड़ेवाली मस्जिद के पास थाना गोरखनाथ बताया। दोनों के पास से पुलिस ने 228 अवैध नशे की गोली बरामद किया। पुलिस ने आरोपितों को धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

# चोरी की दवा बरामद, दो धराये

गोरखपुर। चिलुआताल पुलिस ने दो शातिरों को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से पुलिस 10 लीटर के डब्बे में कोस्टो वेट फ्रोर्ट पशु दवा बरामद की। पूछताछ में अभियुक्तों ने अपना नामअरविन्द पाण्डेय उर्फ गोलू पुत्र जयराम पाण्डेय निवासी जमुनिया थाना चिलुआताल जनपद गोरखपुर व सिकन्दर उर्फ गरीब पुत्र चौथी निवासी वैरिया घाट थाना गौरी बाजार जनपद देवरिया बताया। पुलिस ने आरोपितों को दर्ज मुकदमे की धार 457, 380, 411 भादवि के तहत कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में लेकर जेल भेज दिया गया।

# लोक सेवक पर हमला करने के तीन आरोपितों को जेल

गोरखपुर। खोराबार थाना क्षेत्र के खोराबार उर्फ सूबाबाजार स्थित विजली पासी के समीप जीडीए द्वारा प्रदान की गयी तकरीबन एक एकड़ भूमि पर कब्जा करने गये अधिशासी अभियंत ट्रांसमिशन राम सुरेश और सहयोगियों पर स्थानीय ग्रामीणों द्वारा शनिवार को हमला किया गया था। पुलिस इस मामले में अधिशासी अभियंता की तहरीर पर केस दर्ज कर आरोपित शैलेन्द्र सिंह पुत्र भगवान सिंह, संतोष सिंह पुत्र अमरदीप सिंह व आनन्द सिंह पुत्र नरसिंह निवासीगण खोराबार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपितों को दर्ज मुकदमे की धाराओं 147, 186, 188, 323, 353, 504, 506, 427 भादवि के तहत कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

# चार लुटेरे गिरफ्तार तीन बाइक बरामद

गोरखपुर (एसएनबी) । जिले की कैंट पुलिस एवं स्वॉट टीम ने वीती रात मुठभेड़ के दौरान चार

**मुठभेड़**

कुशीनगर के हाटा में हुई लूट का **30** हजार नकदी भी बरामद

चोरी की हैं सभी बरामद मोटरसाइकिलें

लुटेरों को अंडर पास रेलवे कालोनी के पास से पकड़ा। इनके कब्जे से पुलिस टीम ने तीन चोरी की वाइक, एक तमंचा, एक फायरशुदा कारतूस, 635 गोली अल्प्राजोलम व लूट के 30 हजार रुपये, पासवुक वरामद किया। वरामद रूपए वदमाशों ने कुशीनगर जिले के हाटा कोतवाली क्षेत्र से लूटे थे।

प्रभारी निरीक्षक कैंट सुधीर कुमार सिंह एवं स्वॉट टीम के प्रभारी सादिक परवेज ने अपनी टीम के साथ वदमाशों को गिरफ्तार किया। वदमाशों ने अपना नाम सोनू कुमार यादव पुत्र स्व. राजेन्द्र यादव, स्वारथ प्रसाद यादव पुत्र रामजस यादव निवासी जागीर कररिया थाना कोटवा जनपद पूर्वी चम्पारण विहार, दीपक कुमार यादव पुत्र सोने लाल राय निवासी वरजी थाना मोतीपुर जनपद मुजफ्फरपुर विहार, जितेन्द्र राय पुत्र स्व. वावूलाल राय निवासी मथुरापुर थाना तुर्कोलिया जनपद पूर्वी चम्पारण विहार वताया। पुलिस ने आरोपितों को दर्ज मुकदमे की धाराओं में कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में लेकर जेल भेज दिया गया।

# शांतिपूर्वक मनाएं त्योहार

बड़हलगंज (एसएनबी)। स्थानीय थाना परिसर में बकरीद, जलाभिषेक व रक्षाबंधन के त्यौहार को सकुशल संपन्न कराने के लिए पीस कमेटी की बैठक हुई। बैठक में कस्बा तथा क्षेत्र



के गणमांय लोग शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता करते हुए क्षेत्राधिकारी अंजनी कुमार पांडेय ने कहा कि त्यौहारों में खलल डालने वालों से प्रशासन सख्ती से निपटेगा। लोगों के जागरूक होने से असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्यवाही करने में प्रशासन को बल मिलता है। त्यौहार मनाने के लिए सभी वर्ग के लोगों को आजादी मिली हुई है लेकिन शांति ढंग से त्यौहार मनाना हम सभी की जिम्मेदारी है। कोतवाल मनोज राय ने कहा कि हिंदू मुस्लिम सभी भाइचारे के साथ त्योहार मनाएं। जिससे दोनों समुदाय में आपसी प्रेम बना रहे। चौकी इंचार्ज अभयनारायन सिंह, चेयरमैन प्रतिनिधि वीरू सोनकर, श्रवण जायसवाल, अशोक जायसवाल, श्रीकांत सोनी, गंगा सोनी, संजय सोनी, अजय, बबलू राय, मोहनजी, जमाल अहमद, बदरूजमा अंसारी, बबलू, रामदेव वर्मा मौजूद रहे।

# दहेज हत्या में आरोपित महिला समेत तीन गिरफ्तार

गोरखपुर (एसएनबी)। वांसगांव थाना प्रभारी निरीक्षक राणा देवेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में उनि रतन कुमार पाण्डेय ने हमराहियों के साथ तीयर में दबिश दी। पुलिस टीम ने यहां से दहेज हत्या के मामले में एक महिला समेत तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपितों ने अपना नाम विवेक सिंह पुत्र अवधेश सिंह, सूर्य प्रताप सिंह पुत्र स्व. गामा व विन्दा देवी पत्नी अवधेश सिंह निवासीगण ग्राम तीयर थाना वांसगांव जनपद गोरखपुर वताया। पुलिस ने आरोपितों को आईपीसी की धारा 498ए, 304वी एवं दहेज प्रतिषेध निवारण अधिनियम के तहत कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# गैंगस्टर में आरोपित दो गिरफ्तार

गोरखपुर (एसएनबी)। प्रभारी निरीक्षक गुलरिहा विनोद कुमार अग्निहोत्री ने सहयोगी उनि वीरेंद्र वहादुर सिंह एवं टीम के साथ के साथ रविवार की सुवह अराजी चिलविलवा से गैंगस्टर एक्ट में आरोपित दो पशु तस्करों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपितों ने अपना नाम शेख मोहम्मद पुत्र सलामत व रियाजुद्दीन पुत्र नेवास अली निवासीआराजी चिलविलवा थाना गुलरिहा जनपद गोरखपुर वताया। पुलिस ने आरोपितो को दर्ज मुकदमे की धाराओं 3(1) यूपी गैंगेस्टर एक्ट व 11 पशु क्रुरता अधिनियम, धारा 3,5,8, गोवध अधिनियम के तहत कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

# एक नई आशा ने लगाया ब्लड डोनेशन कैंप

PIC: DAINIK JAGRAN I NEXT



एक नई आशा मेंबर्स ने डोनेट किया ब्लड.

**GORAKHPUR (18 July):** सिविंल लाइंस स्थित मैरेज हाल में एक नई आशा की तरफ से ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया. इस दौरान 56 लोगों ने ब्लड डोनेट किया. कार्यक्रम के चीफ गेस्ट एसपी सिटी सोनम कुमार रहे. विशिष्ट अतिथि डॉ. संजीव गुलाटी ने सराहनीय कार्य की प्रशंसा की. विशिष्ट अतिथि डॉ. रितेश कुमार ने बारिश में रक्तदान करने पहुंचे लोगों की सराहना की. अध्यक्ष सीमा छापड़िया ने सभी अतिथियों और जिला अस्पताल टीम के प्रति आभार जताया. इस मौके पर आशीष छापड़िया, अरविंद अग्रवाल, राजेश छापड़िया, राजू, ऊषा मस्करा, कनक हरि अग्रवाल, सुनयना बंका, तन्वी अग्रवाल, राधा सिंहानियां, सुमन छापड़िया, पवन चौधरी, अनूप बंका, निशी अग्रवाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे.

**तैयारी** सीनियर अफसर बुलाएंगे मीटिंग, ट्रैफिक मैनेजमेंट में ली जाएगी सबकी सलाह

# पब्लिक के फीडबैक से सुधारेंगे शहर का ट्रैफिक

**हमें चाहिए समाधान**

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (18 July):** शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने के लिए एक फिर से कवायद होगी. पब्लिक से फीडबैक लेकर समस्याओं के समाधान की कोशिश की जाएगी. समस्या के समाधान के लिए जिम्मेदार विभागों के अफसरों की मदद भी ली जाएगी. शहर में ट्रैफिक जाम के लिए कौन जिम्मेदार है ? दैनिक जागरण-आई नेक्स्ट ने शनिवार को सोशल मीडिया पर पब्लिक ने अनकंट्रोल ट्रैफिक के लिए जहां पुलिस-प्रशासन को जिम्मेदार ठहराया, वहीं पब्लिक को भी कटघरे में खड़ा किया.

FILE PHOTO





ट्रैफिक व्यवस्था में सभी का सहयोग आवश्यक है. हम अपनी तरफ से कोशिश कर रहे हैं कि नागरिकों को पूरी राहत मिल सके. इस संबंध में निर्देश भी दिए जा चुके हैं.

**अखिल कुमार,** एडीजी जोन



जाम से निपटने और ट्रैफिक को सुचारू बनाने के लिए हम सभी लोग मिलजुलकर उचित रिजल्ट प्राप्त कर सकते हैं. चौराहों पर तैनात होने वाले पुलिस कर्मचारियों को प्रॉपर गाइड किया जाएगा. ताकि वह सही भूमिका निभाएं

**आरएस गौतम,** एसपी ट्रैफिक

## यह सुधार चाहती है पब्लिक

- जाम से निजात मिले, ट्रैफिक व्यवस्था स्मूद हो.
- जबरन आगे बढ़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई हो.
- व्हीकल चलाते समय ट्रैफिक नियमों का पालन करें.
- व्हीकल चलाते समय अपनी लेन में रहें. चौराहों पर बाईं लेन को खाली रखा जाए.
- जगह-जगह बनी पार्किंग के बारे में सभी को जानकारी दी जाए. इससे लोग सही जगह व्हीकल खड़ी करेंगे.
- पार्किंग स्थलों पर शुल्क में रियायत भी दी जाए जिससे व्हीकल खड़ी करने से न हिचकें.
- फुटपाथ और पटरियों को खाली कराया जाए. कुछ जगहों पर वन-वे की व्यवस्था भी बनाई जाए.
- शहर में टेंपो के लिए रूट का निर्धारण किया जाए. नियम तोड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई हो.
- नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ा एक्शन हो, चालान काटकर जुर्माना वसूला जाए.

## पुलिस चाहती है ऐसे हो सुधार

- व्हीकल चलाते समय नियमों का पालन करें.
- चौराहों पर अपनी लेन में खड़े हों.
- सिग्नल बंद होने के दौरान स्टॉप लाइन के पीछे अपने व्हीकल लगाएं.
- निर्धारित जगहों पर ही व्हीकल खड़ी करें.
- रेती चौक, घंटाघर जैसे बिजी एरिया में मार्केट करने जाएं तो व्हीकल से परहेज करें.
- गोलघर में बनी सफेद पट्टी के बाहर कोई गाड़ी ना खड़ी करें. इससे जाम लगता है.
- दुकानदार अपने सामानों को शॉप के भीतर रखें. शोकेस बाहर रखने से जाम लगता है.
- बस अड्डों पर सवारी भरने वाले प्राइवेट बसों ड्राइवरों के खिलाफ कार्रवाई होगी.
- सरकारी बसों को डिपो में खड़ी करके ड्राइवर सवारियां भरें.

Hindustan2.webp Hindustan1.webp

# मुठभेड़ में चोरी व लूट करने वाले चार बदमाश धराए

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** कैंट पुलिस व क्राइम ब्रांच की टीम ने शनिवार की रात मुठभेड़ में चोरी व लूट करने वाले गिरोह के चार बदमाशों को गिरफ्तार किया। बिहार के पूर्वी चंपारण और मुजफ्फरपुर जिले के रहने वाले बदमाश बैंक से रुपये निकालकर लौटने वालों को लूटते थे। उनसे चोरी की तीन बाइक, 312 बोर का तमंचा, लूट के 30 हजार रुपये, बैंक पासबुक, एटीएम कार्ड मिले। दोपहर बाद आरोपितों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया।



मुठभेड़ में पकड़े गए चोरी व लूट करने वाले बदमाश ● सौ पुलिस मीडिया सेल

एसपी सिटी सोनम कुमार ने बताया कि शनिवार की रात में सूचना मिली कि बैंक से रुपये निकालकर लौटने वालों को निशाना बनाने वाले गिरोह के चार सदस्य कौआबाग अंडरपास के मौजूद हैं। प्रभारी निरीक्षक कैंट सुधीर सिंह ने रेलवे चौकी प्रभारी कुंवर गौरव सिंह, जटेपुर चौकी प्रभारी इत्यानंद पांडेय और स्वाट प्रभारी सादिक परवेज के साथ बदमाशों को घेर लिया। पुलिस पर फायरिंग कर बदमाश कौआबाग की तरफ भागे लेकिन पुलिस ने उन्हें दबोच लिया। आरोपितों की पहचान बिहार, पूर्वी चंपारण के कोटवा, जागीर करिया निवासी सोनू कुमार,स्वारथ प्रसाद, तुर्कोलिया के मधुरापुर निवासी जितेंद्र राय और मुजफ्फरपुर जिले के मोतीपुर, बरजी निवासी दीपक कुमार यादव के रूप में हुई। पूछताछ में पता चला कि बदमाशों ने कुशीनगर जिले के हाटा क्षेत्र में दो लूट की है। गिरोह के सदस्य शहर में रहकर बाइक चोरी भी करते हैं।

## गैंगस्टर का आरोपित गिरफ्तार

**जासं, पीपीगंज :** गैंगस्टर आरोपित रोहन जायसवाल निवासी झझवा पीपीगंज को पुलिस ने रविवार को भगवानपुर चौराहे से गिरफ्तार किया है।

## दहेज हत्या के आरोप में पति समेत तीन गिरफ्तार

**जासं, बांसगांव :** पुलिस ने दहेज हत्या के आरोप में रविवार को मृतका रितु के पति तीयर निवासी विवेक सिंह, सांस बिंदा व चचेरे ससुर राम प्रताप को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शनिवार को विवाहिता के पिता व कुशीनगर के रामकोला के ग्राम फरना निवासी सर्जन गोविंद राव की तहरीर पर पति समेत छह व्यक्तियों के विरुद्ध दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया था।

## गैंगस्टर के आरोपित तीन पशु तस्कर गिरफ्तार

**भटहट** : गुलरिहा पुलिस ने गैंगस्टर के आरोपित तीन पशु तस्करों को शनिवार की रात गिरफ्तार किया। रविवार को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया। प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार अग्निहोत्री ने बताया कि अक्टूबर 2020 में पुलिस ने चिलबिलवां गांव में तीन पशु तस्करों को पकड़ा था। बाद में उन पर गैंगस्टर की कार्रवाई हुई। शनिवार की रात में चिलबिलवा के रियाजुद्दीन, शेख मोहम्मद और बड़हरिया निवासी अंसारे को गिरफ्तार किया गया।

**नशे की गोली संग दो गिरफ्तार** : **भटहट** : गुलरिहा पुलिस ने शनिवार की रात सेमरा मोड़ के पास गोरखनाथ के जाहिदाबाद निवासी तैयब खान और सिराजुद्दीन अंसारी को नशे की गोली के साथ गिरफ्तार किया।

# चेकिंग में गैंगस्टर के तीन आरोपित गिरफ्तार

**गोरखपुर।** गुलरिहा और पीपीगंज पुलिस ने रविवार को चेकिंग के दौरान गैंगस्टर के तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपितों को कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेजा गया है। जानकारी के मुताबिक, पीपीगंज पुलिस रविवार को गश्त कर रही थी।

इसी दौरान सूचना मिली कि गैंगस्टर में वांछित रोहन जायसवाल (22) निवासी जंगल झझवा टोला शुकुलपुरवा भगवानपुर चौराहे पर मौजूद है। सूचना पर थानाध्यक्ष सत्य प्रकाश सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंच गए और आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। वहीं, गुलरिहा पुलिस ने चिलबिलवा के पास से दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों की पहचान गुलरिहा के चिलबिलवा निवासी शेख मोहम्मद और रियाजुद्दीन के रूप में हुई है। गैंगस्टर के तीनों आरोपितों को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया जहां से सभी को जेल दिया गया। ब्यूरो

# रुपये लूटने वाले गिरोह के चार बदमाश चढ़े पुलिस के हत्थे

अमर उजाला ब्यूरो

**बैंक से रुपये निकालकर जाने वालों से करते थे लूट और जालसाजी**

**चोरी की तीन बाइक, तमंचा भी बरामद किया गया पुलिस ने भेजा जेल**



कैंट पुलिस ने लोगों को लूटने वाले चार बदमाशों को गिरफ्तार किया। ब्यूरो

गोरखपुर। कैंट पुलिस ने बैंक से रुपये निकालकर घर लौट रहे लोगों को निशाना बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए चार बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है।

शनिवार की रात रेलवे कॉलोनी अंडरपास के पास से गिरफ्तार किए गए आरोपितों के पास से चोरी की तीन बाइक, तमंचा, कई बैंक पासबुक, नशे की गोलियां, एटीएम कार्ड, तमंचा और कारतूस भी बरामद हुआ है। एसएचओ सुधीर सिंह ने बताया कि कुशीनगर के हाटा में हुई एक लूट की वारदात में बदमाशों की तलाश चल रही थी। पूछताछ में सामने आया है कि पकड़े गए बदमाश काफी शातिर किस्म के हैं।

बदमाशों की पहचान सोनू कुमार, जागीर कररिया, कोटवा, पूर्वी चंपारण बिहार, स्वारथ प्रसाद, जागीर कररिया, कोटवा, पूर्वी चंपारण, बिहार, दीपक कुमार यादव, बरजी, थाना मोतीपुर, मुजफ्फरपुर बिहार और जितेन्द्र राय, मथुरापुर, तुर्कौलियां, पूर्वी चम्पारण बिहार के रूप में हुई है।

इंस्पेक्टर सुधीर सिंह के मुताबिक, शनिवार की रात करीब ढाई बजे स्वाट प्रभारी सादिक परवेज, जटेपुर चौकी प्रभारी इत्यानंद पांडेय और रेलवे कालोनी चौकी इंचार्ज कुंवर गौरव सिंह को सूचना मिली कि बदमाश अंडरपास से गुजरने वाले हैं।

यह सभी लूट की वारदात को अंजाम दे सकते हैं। पुलिस ने जब चेकिंग की तो बदमाशों ने भागने के लिए गोली चला दी। हालांकि पहले से चौकन्नी टीम ने बदमाशों दबोच लिया। पूछताछ में उनके पास से चोरी की तीन बाइकें मिलीं। डिक्की में एसबीआई और एचडीएफसी के बैंक पासबुक सहित अन्य कागजात बरामद हुए।

सभी बदमाश किराए पर कमरे लेकर गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया सहित अन्य जगहों पर घटनाओं को अंजाम देते हैं. पकड़े बदमाशों के खिलाफ पहले से ही कई मामले दर्ज हैं।

# पुलिस ने पहल की तो फिर से बस गईं उजड़ रही जिंदगियां

## महिला थाने में तीन साल में आए सात हजार मामले, पांच हजार मामलों का पुलिस ने बातचीत से कराया निपटारा

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** छोटी सी गलतफहमी से टूट रहे रिश्तों को पुलिस ने फिर जोड़ने का काम किया है। पुलिस ने पहल की तो तीन साल में करीब पांच हजार लोगों ने फिर से साथ रहने का फैसला किया है।

वहीं कई ऐसे मामले भी हैं जिनमें बात नहीं बनी तो केस दर्ज हुआ या फिर मामला कोर्ट में चला गया। पुलिस के समझाने पर माने लोगों को उनकी गलती का एहसास भी होता है और उसमें से कई ऐसे है जो महिला थाने की ओर से गुजरते समय धन्यवाद तक देने को पहुंच जाते हैं।

जानकारी के मुताबिक, कुछ दंपती बच्चा ना होने की वजह से कुछ आपस में विवाद होने की वजह से रिश्ता तोड़ना का फैसला कर लेते है।

ऐसे में केस दर्ज कराने के लिए जब वह महिला थाने में प्रार्थना पत्र देते हैं तो महिला पुलिस दोनों पक्ष को आमने-सामने बैठाकर सुलह समझौते की कोशिश करती है। इससे कई रिश्तों को फिर से नया जीवनदान भी मिल रहा है। पुलिस की इस पहल को एसएसपी दिनेश कुमार प्रभु ने आने के बाद और बढ़ावा दिया है।

उनके आदेश के बाद तेजी से पुलिस इस तरह के कामों को कर रही है। महिला थाने के अलावा अन्य थानों में आने वाले मामलों को भी यहां पर भेजा जा रहा है कि ताकि सुलह समझौता कराने की कोशिश की जा सके।

इंस्पेक्टर अर्चना सिंह ने बताया कि अधिकांश मामलों में सुलह समझौता कराकर निस्तारण कर दिया गया है। कुछ मामलों में मुकदमा दर्ज करना होता है तो कुछ प्रकरण में कोर्ट में चले गए हैं।

### सुलह समझौता कराकर कई दंपती को एक साथ किया गया

- महिला थाने में तीन साल में आए मामले : 7000
- बातचीत के आधार पर समझौते कराए गए: 5000
- इतने मामलों में दर्ज हुआ केस : 200

**केस 1** बेलीपार के एक रिटायर रेलकर्मी को उनकी पत्नी ने घर से बाहर निकाल दिया था। पत्नी ने आरोप लगाया कि पेंशन में से रुपये नहीं देते हैं। लंबे समय तक साथ रहने के बाद मनमुटाव में इस फैसले की शिकायत आने के बाद महिला थाना पुलिस ने बातचीत कर समझौता कराया। पत्नी को दो हजार रुपये महीने देने की बात तय हुई और पत्नी को पति की सेवा करने को कहा गया।

**केस 2** कैंपियरगंज इलाके में शादी के दस साल बाद पति-पत्नी ने अलग होने का फैसला किया। पति ने पत्नी को छोड़ने का कारण बताया कि बच्चे नहीं हो रहे हैं। छह साल तक इलाज कराया लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ है। इस वजह से अलग होना चाहते है। पुलिस ने समझाया और फिर दंपती ने इंदौर से एक बच्चे को गोद लिया और अब खुशहाल जीवन जी रहे हैं।

**केस 3** गीडा इलाके के एक दंपती ने आपसी विवाद में अलग होने का फैसला कर लिया था। शादी के छह साल बाद लिए गए इस फैसले में केस दर्ज कराने के लिए महिला ने थाने में तहरीर दी। पुलिस ने दोनों पक्ष को बुलाया और बातचीत शुरू की तो तीन की बातचीत के बाद मनमुटाव खत्म हो गया और फिर दोनों महिला थाने से साथ-साथ घर गए।

# तहसील परिसर में दम तोड़ने वाले साधु शरण के घर पहुंचे अधिकारी

## एसडीएम और सीओ खजनी ने परिवार से मुलाकात कर भू माफिया पर कार्रवाई का आश्वासन दिया

अमर उजाला ब्यूरो

**हरनहीं (गोरखपुर)।** जमीन की खतौनी ठीक कराने और कब्जा पाने के लिए तहसील के चक्कर लगाने के कारण शनिवार को तहसील परिसर में ही दम तोड़ने वाले साधु शरण के घर रविवार को एसडीएम पवन कुमार पहुंचे। उनके साथ सीओ खजनी इंदुप्रभा सिंह भी थीं।

दोनों अधिकारियों ने साधु शरण के परिवार वालों से बातचीत कर मामले की जानकारी ली। भू माफिया के बारे में तथ्य जुटाया। सीओ ने परिवार को इस संबंध में थाने में तहरीर देने के लिए कहा, ताकि केस दर्ज करके आरोपितों पर सख्त कार्रवाई की जा सके। उधर, रविवार को शव का पोस्टमार्टम कराया गया। मौत की वजह स्पष्ट नहीं होने पर बिसरा सुरक्षित रखा गया है।

### पोस्टमार्टम में मौत की वजह स्पष्ट नहीं होने पर बिसरा सुरक्षित किया गया

साधु शरण के मामले में कड़ी कार्रवाई की जाएगी। तहरीर आते ही केस दर्ज किया जाएगा। इस तरह का निर्देश थानेदार को दिया गया है। किसी को बख्शा नहीं जाएगा।

**- इंदुप्रभा सिंह,** सीओ खजनी

जानकारी के मुताबिक, साधु शरण के पास 34 डिस्मिल जमीन थी। इसमें से 11 डिस्मिल वर्ष 2014 में बेच दी थी। साधु शरण ने साल 2016 में एक और कारोबारी से जमीन का सौदा तय किया था। साधु शरण की पोती ज्योति का आरोप है कि एग्रीमेंट के बाद भी कारोबारी ने कोई धनराशि नहीं दी और जमीन कब्जा ली। इस संबंध में बात करने पर जान से मारने की धमकी दी जाती। कानूनी दांव-पेच में उलझाया गया था। इससे साधु शरण परेशान रहने लगे। न्याय पाने के लिए वह तहसील का चक्कर काट रहे थे, लेकिन न्याय नहीं मिल सका और उनकी मौत हो गई। अब पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने घर आकर मामले की जानकारी ली है और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। उम्मीद है कि अब न्याय मिल जाएगा। सीओ ने केस दर्ज कराने का आदेश दिया है।

### अपनी जमीन पर कब्जा पाने के लिए सात साल से चक्कर काट रहे साधु शरण ने तहसील में दम तोड़ा

साल 2014 में 11 डिसमिल जमीन बेची तो कट गया था पूरी जमीन से नाम

पुलिस ने कराया पोस्टमार्टम

सिस्टम की लाचारी सामने आई

भू-माफिया के जाल में फंस गए थे साधु शरण

अमर उजाला के 18 जुलाई के अंक में प्रकाशित खबर।

DEORIYA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 19-07-2021

राष्ट्रीय सहारा पेज 19/7/21

# प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण करें निस्तारण : एसपी

**देवरिया(एसएनबी)।** रविवार को पुलिस लाइन में अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें शांति एवं कानून व्यवस्था हेतु अपराध समीक्षा की गयी।

गोष्ठी में एसपी डॉ.श्रीपति मिश्र ने मातहतों को निर्देश दिया कि वे अवैध कच्ची शराब के निर्माण, भण्डारण, परिवहन एवं विक्री पर प्रभावी नियंत्रण लगायें। चोरी व लूट की घटनाओं की रोकथाम हेतु रात्रि गश्त करें। लम्बित जनशिकायत एवं आईजीआरएस प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें।

उन्होंने कहा कि बैंकों पर विशेष सतर्कता बरतें। संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की सघन चेकिंग करें। प्रतिदिन बैंक ड्यूटी में जाने वाले कर्मचारियों को ड्यूटी के संबंध में ब्रीफ करें। एसपी ने कहा कि साम्प्रदायिक भावना भड़काने वालों असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करें। छोटी से छोटी बातों का संज्ञान लें। सोशल मीडिया पर निगरानी रखें। डिजीटल वालंटियर ग्रुप को अपडेट कर उनके साथ नियमित मीटिंग कर उनका सहयोग लें।

उन्होंने कहा कि वांछित अभियुक्तों, इनामिया, जिलाबदर, एनबीडब्लू के विरुद्ध अभियान चलाकर गिरफ्तारी करें। शातिर अपराधियों के विरुद्ध गुंडा, गैंगेस्टर आदि की कार्रवाई करें। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने हेतु यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करें। बालिकाओं एवं महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों पर प्रभावी कार्रवाई करें। आम जनमानस में सुरक्षा की भावना को बढ़ाने हेतु पैदल गश्त को और अधिक प्रभावी बनावें।

इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी नगर श्रीयश त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी रूद्रपुर अम्बिका, क्षेत्राधिकारी सलेमपुर कपिल मुनि, क्षेत्राधिकारी भाटपाररानी पंचम लाल, क्षेत्राधिकारी बरहज देवानन्द, प्रतिसार निरीक्षक प्रकाश चन्द पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।

# गांजा के साथ एक गिरफ्तार

**सलेमपुर(एसएनबी)।** स्थानीय कोतवाली पुलिस ने आज सुबह मछलीहट्टा से अमरजीत यादव पुत्र अदालत यादव निवासी नदौली को एक किलो 100ग्राम गांजा के साथ पकड़ा और उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया। मुखबीर से कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि एक युवक मछलीहट्टा में गांजा बेच रहा है जिसकी सूचना पर कोतवाली पुलिस ने छापा मारकर अमरजीत यादव नामक युवक को एक किलो 100 ग्राम गांजा के साथ दबोच लिया और उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

राष्ट्रीय सहारा दि. 19/7/21

# त्यौहारों को सकुशल सम्पन्न कराएं : डीएम

**देवरिया(एसएनबी)।** आगामी त्यौहार बकरीद व श्रावण मास पर शान्ति व कानून व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से रविवार को जिलाधिकारी आशुतोष निरंजन एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. श्रीपति मिश्र ने पुलिस लाइन के मनोरंजन कक्ष में समस्त क्षेत्राधिकारियों व थानेदारों के साथ बैठक किया।



बैठक को सम्बोधित करते हुए जिलाधिकारी आशुतोष निरंजन ने कहा कि वैश्विक महामारी कोविड-19 के दृष्टिगत शासन द्वारा जारी निर्देशों का अनुपालन कराते हुए आगामी त्यौहार बकरीद व श्रावण मास को सकुशल संपन्न कराया जाना प्रथम प्राथमिकता है। त्यौहारों को सकुशल सम्पन्न कराएं।

उन्होंने कहा कि त्यौहार हमारे लिए एक हर्षोल्लास का विषय है लेकिन वैश्विक महामारी के दृष्टिगत जीवन रक्षा जरूरी है और संक्रमण को न फैलने दिया जाये यह भी जरूरी है। इसके लिए आवश्यक है कि अपने घरों में रहकर ही विधि विधान से त्यौहारों को मनाया जाये।

उन्होंने सभी थानेदारों को निर्देशित किया कि त्यौहार व आपसी सौहार्द बिगाड़ने वाले व्यक्तियों को चिन्हित करते हुए उनके विरूद्ध प्रभावी निरोधात्मक कार्रवाई किया जाये। किसी भी छोटी-से छोटी समस्या पर त्वरित व प्रभावी कार्रवाई की जाये। कोई भी ऐसा माहौल उत्पन्न न हो जिससे शान्ति व्यवस्था में कोई खलल पड़े।

पुलिस अधीक्षक डॉ. श्रीपति मिश्र ने कहा कि समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष अपने-अपने थानों के त्यौहार रंजिस्टर को देख लें। पिछ्ले वर्ष त्यौहार में शान्ति व्यवस्था बिगाड़ने वाले व्यक्तियों तथा संवेदनशील स्थानों के संबंध में कोई इन्द्राज हो तो उस पर प्रभावी कार्रवाई अमल में लायी जाये। थानों पर बनायी गयी पोस्टर पार्टियों को त्यौहार से पूर्व क्षेत्र में समय से रवाना किया जाये। उन्होंने कहा कि समस्त बीट पुलिस अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत सतर्क दृष्टि रखें।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर सौरभ सिंह, उप जिलाधिकारी/ज्वाइंट मजिस्ट्रेट श्रीमती गुंजन द्विवेदी, क्षेत्राधिकारी नगर श्रीयश त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी रूद्रपुर अम्बिका, क्षेत्राधिकारी सलेमपुर कपिलमुनि, क्षेत्राधिकारी भाटपाररानी पंचम लाल, क्षेत्राधिकारी बरहज देवानन्द, प्रतिसार निरीक्षक प्रकाश चन्द्र पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।

हिन्दुस्तान दि० 19/7/21

त्योहारों की तैयारियों को लेकर डीएम और एसपी ने थाना प्रभारियों संग बैठक कर तैयार की रूपरेखा

# त्योहारों के दौरान टूटने न पाए कोविड प्रोटोकॉल

देवरिया | निज संवाददाता

डीएम आशुतोष निरंजन और एसपी डॉ. श्रीपति मिश्र ने पुलिस लाइन के मनोरंजन कक्ष में रविवार को आगामी त्योहारों को लेकर सभी सीओ और प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों के साथ गोष्ठी की। इस दौरान दोनों अधिकारियों ने पुलिस विभाग के कर्मचारियों को शान्ति, कानून व्यवस्था और कोविड प्रोटोकॉल का पालन कराते हुए त्योहार संपन्न कराये जाने का निर्देश दिया।

डीएम ने कहा कि कोरोना के लिये शासन से जारी दिशा निर्देशों का पालन कराते हुए बकरीद और श्रावण मास का त्योहार सकुशल संपन्न कराया जाना प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि त्योहार सभी के लिये हर्षोल्लास और उमंग भरा समय होता है लेकिन महामारी को ध्यान में रखकर जीवन रक्षा भी जरूरी है। ऐसे में संक्रमण को रोकने के लिये सभी को आगे आने की जरूरत है। घरों में रहकर विधि विधान से त्योहार मनायें। उन्होंने समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष को निर्देश दिया कि त्योहार में आपसी सौहार्द बिगाड़ने वाले व्यक्तियों को चिह्नित करते हुए उनके विरूद्ध प्रभावी निरोधात्मक कार्रवाई की जानी चाहिये। वहीं एसपी ने सभी प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों को थानों के त्योहार रजिस्टर देखते हुए पिछले वर्ष शान्ति व्यवस्था बिगाड़ने वाले व्यक्तियों और संवेदनशील स्थानों को लेकर प्रभावी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि थानों पर बनायी गयी पोस्टर पार्टियों को त्योहार से पहले क्षेत्रों में रवाना किये जाने चाहिये। साथ ही समस्त बीट पुलिस अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में सतर्कता बरतते हुए किसी भी सूचना पर प्रभावी कार्रवाई करेंगे। इस दौरान एसडीएम सदर सौरभ सिंह, उप जिलाधिकारी/ज्वाइंट मजिस्ट्रेट गुंजन द्विवेदी, सीओ सीटी श्रीयश त्रिपाठी, सीओ रूद्रपुर अम्बिका, सीओ सुलेमपुर कपिल मुनि, सीओ भाटपाररानी पंचमलाल, सीओ बरहज देवानन्द, प्रतिसार निरीक्षक प्रकाश चन्द्र पांडेय आदि मौजूद रहे।



पुलिस लाइन में रविवार को आगामी त्योहारों को लेकर पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों संग गोष्ठी करते डीएम आशुतोष निरंजन और एसपी डॉ. श्रीपति मिश्र।

# गुमशुदा लोगों की तलाश के लिए ऑपरेशन हंट

देवरिया | निज संवाददाता

## क्राइम मीटिंग

- पुलिस लाइन के सभागार में आयोजित हुई क्राइम मीटिंग
- बीट पुलिस अधिकारी प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण करें निस्तारण

पुलिस अधीक्षक ने रविवार को पुलिस लाइन स्थित मनोरंजनकक्ष में क्राइम मीटिंग लिया। जिसमें जिले के गुमशुदा लोगों की तलाश के लिए आपरेशन हंट चलाने का निर्णय लिया। इसके साथ बीट अधिकारियों को मौके पर जाकर प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तपूर्ण निस्तारण का निर्देश दिया। क्राइम मीटिंग में घटनाओं के खुलासे पर एसपी ने कुछ थानेदारों का हौसला बढ़ाया वहीं कुछ को घटनाओं के खुलासा नहीं होने पर फटकार भी लगाई।

एसपी डॉ. श्रीपति मिश्र ने कहा कि जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने व चोरी और लूट की घटनाओं को रोकने के लिए लोग क्षेत्रों में गश्त करें। जिले में अवैध कच्ची शराब के निर्माण, भंडारण, परिवहन, बिक्री पर प्रभावी नियंत्रण लगाने के लिए व्यापक स्तर पर चलाकर कार्यवाही हो। लंबित जनशिकायत एवं आईजीआरएस प्रार्थना पत्रों की गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण, बैंकों पर विशेष सतर्कता बरतने, संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की सघन चेकिंग करने तथा प्रतिदिन बैंक ड्यूटी में जाने वाले कर्मचारियों को ड्यूटी के सम्बन्ध में ब्रीफ करने एवं सभी पुलिसकर्मियों को ड्यूटी के दौरान दृश्यता, गतिशीलता, सजगता एवं सतर्कता बनाये रखने हेतु विशेष निर्देश दिया। सोशल मीडिया पर निगरानी रखने के साथ साथ डिजिटल वालेंटियर ग्रुप को अपडेट कर उनके साथ नियमित मीटिंग कर उनका सहयोग लेने को कहा। इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर श्रीयश त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी रूद्रपुर अम्बिका, क्षेत्राधिकारी सलेमपुर कपिल मुनि सिंह, क्षेत्राधिकारी भाटपाररानी पंचमलाल, क्षेत्राधिकारी बरहज देवानन्द, प्रतिसार निरीक्षक प्रकाश चन्द्र पाण्डेय, प्रधान लिपिक भुनेश राय, प्रभारी आंकिक सुनील श्रीवास्तव, प्रभारी सोशल मीडिया सेल निरीक्षक अश्वनी राय आदि मौजूद रहे।

हिन्दुस्तान दि 19/7/21

# पुलिस ने रुकवाई नाबालिग की शादी

लार | हिन्दुस्तान संवाद

- 11 साल की लड़की की 15 साल के किशोर से हो रही थी शादी
- मैरवा स्थित एक मंदिर में निभाई जा रही थी शादी की रस्म

थाना क्षेत्र के एक गांव की नाबालिग बच्ची की मैरवा के एक मन्दिर में शादी रचाने से पहले ही पुलिस ने पहुंच कर शादी रुकवा दी। यहां 11 साल की किशोरी की शादी सीवान जिले के गुठनी क्षेत्र के रहने वाले 15 साल के किशोर के साथ की जा रही थी। पुलिस ने दोनों पक्षों को थाने पर बैठाते हुए जांच शुरू कर दी है। जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रभात कुमार ने बताया कि मामले में जांच कर कार्रवाई होगी।

दो नाबालिग की शादी की सूचना किसी ने एसपी देवरिया डॉक्टर श्रीपति मिश्र को दी। मामले को गम्भीरता से लेते हुए एसपी ने जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रभात कुमार, बाल सुरक्षा अधिकारी जयप्रकाश तिवारी, एसडीएम सलेमपुर गुन्जन द्विवेदी व लार पुलिस को शादी रोकवाने का निर्देश दिया। एसपी के निर्देश पर जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रभात कुमार व बाल सुरक्षा अधिकारी जयप्रकाश तिवारी, एसडीएम गुन्जन द्विवेदी सहित उपनिरीक्षक सौरभ सिंह अपने दलबल के साथ पहुंच कर मैरवा स्थित एक मन्दिर में हो रही शादी को रूकवा दिया। साथ ही दोनों को साथ में लेकर लार थाने पर चले आए। जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रभात कुमार ने बताया कि बाल विवाह की सूचना मिलने पर मैरवा पहुंच कर हो रही शादी को रोकवा दिया गया है। बाल विवाह करना या कराना कानूनी अपराध है। जांच चल रही है आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई होगी।



एसपी के निर्देश पर पहुंची पुलिस व प्रोबेशन विभाग की टीम।

हिन्दुस्तान दि. 19/7/21

# मोबाइल व रुपये लूटने वाले तीन बदमाशों को दबोचा

**सफलता**

देवरिया | **निज संवाददाता**

मोबाइक और रुपये लूटने वाले तीन बदमाशों को पुलिस ने रविवार को दबोच लिया। सभी ने अप्रैल माह में वारदात को अंजाम दिया था। उसी समय से पुलिस को इनकी तलाश थी।

सदर कोतवाली क्षेत्र के पिपराचन्द्रभान गांव के रहने वाले अर्जुन बासफोर ने आरोप लगाया था कि 15 अप्रैल को वह साइकिल से बाजार कर घर वापस जा रहा था। रास्ते में सोंदा चौराहे के समीप ही पहुंचे थे कि बाइक सवार तीन बदमाशों ने रोक कर मारपीट करने के साथ ही बाइक, मोबाइल और रुपये भी लूट लिया। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने तीन अज्ञात बदमाशों के विरुद्ध 323,504 और 392 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया था। कोतवाली पुलिस ने रविवार को अमेठी तिराहे से तीनों लूटेरो को गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ में बदमाशों अपना नाम सत्यजीत राजभर पुत्र सुभाष राजभर निवासी खोराराम थाना सदर कोतवाली,नीरज कुमार गोड़ पुत्र तारकेश्वर गोड़ निवासी रजला थाना सदर कोतवाली और सत्यप्रकाश मिश्र पुत्र मृत्युंजय मिश्र निवासी बसडीला थाना सदर कोतवाली बताया। पुलिस ने तीनों को न्यायालय चालान कर दिया।

दैनिक जागरण 13/7/21

# 180 पाउच शराब बरामद

बंगरा बाजार, देवरिया : बनकटा थाना क्षेत्र के खुरवसिया दक्षिण स्कूल के समीप से पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान कार से 180 पाउच शराब बरामद किया। थानाध्यक्ष प्रमोद सिंह ने बताया कि गाड़ी के साथ दारू बरामद किया गया है। अंधेरे का फायदा उठा कार चालक फरार हो गया। (जासं.)

दैनिक जागरण दि. 19/7/21

# आपरेशन हंट के लिए तैयार रहें थानेदार

## पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन सभागार में आयोजित अपराध गोष्ठी में दिए निर्देश



अपराध गोष्ठी में शामिल पुलिसकर्मी • जागरण



पुलिस लाइन में अपराध गोष्ठी को संबोधित करते एसपी डा. श्रीपति मिश्र • जागरण

जागरण संवाददाता, देवरियाः पुलिस लाइन सभागार में रविवार को अपराध नियंत्रण को लेकर आयोजित बैठक में पुलिस अधीक्षक डा.श्रीपति मिश्र ने कहा कि गुमशुदा लोगों की तलाश के लिए आपरेशन हंट चलाया जाएगा। इसकी रूपरेखा थानेदार तैयार कर लें।

उन्होंने कहा कि चोरी व लूट की घटनाओं का पर्दाफाश प्राथमिकता के आधार पर करें। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**सख्ती**

- बीट पुलिस अफसर प्रार्थनापत्रों का गुणवत्ता के साथ करें निस्तारण
- छोटी-छोटी सूचनाओं को गंभीरता से देखें थानेदार

रात्रि गश्त पर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। बीट पुलिस अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों पर विशेष नजर रखें और गुणवत्ता के साथ प्रार्थना पत्रों का निस्तारण करें। बैंक ड्यूटी जाने के दौरान सभी पुलिसकर्मियों को हर दिन ब्रीफ किया जाए। छोटी-छोटी सूचनाओं को गंभीरता से लिया जाए और मौके पर पहुंच कर देखें। डिजिटल वालेंटियर ग्रुप को नियमित अपडेट किया जाए। जो भी विवेचनाएं एक साल से अधिक समय से लंबित हैं, उसे त्वरित निस्तारित किया जाए। यातायात व्यवस्था बेहतर करने के लिए अतिक्रमण भी हटाए जाएं। महिला व बालिका अपराध में त्वरित कार्रवाई की जाए और आरोपितों की गिरफ्तारी की करें। थाने पर आने वाले फरियादी के साथ अच्छा व्यवहार किया जाए। इस दौरान सीओ सिटी श्रीयश त्रिपाठी, अंबिका राम, कपिलमुनी सिंह, पंचमलाल, देवानंद, प्रतिसार निरीक्षक प्रकाश चंद पांडेय, प्रधान लिपिक भुनेश राय, इंटरनेट मीडिया प्रभारी अश्वनी कुमार राय मौजूद रहे।

दैनिक जागरण दि. 19/7/21

# बोझ बनी बेटी, 13वें साल में कर रहे थे शादी



जिला प्रोबेशन अधिकारी के साथ मैरवा पहुंची टीम • जागरण

## मनमानी

- ग्रामीणों की सूचना पर प्रोबेशन विभाग ने शादी रुकवाई
- जयपुर में मजदूर 18 वर्षीय युवक से सिवान के मैरवा में हो रहा था विवाह
- किशोरी-युवक समेत दोनों परिवार बाल कल्याण समिति के सामने होंगे पेश

**जागरण संवाददाता, देवरिया:** परिवार के लिए 13 साल की बेटी बोझ बन गई। गरीबी से तंग मां ने बेटी की शादी 18 साल के युवक से तय कर दी। रविवार को बिहार के मैरवा में चननिया देवी मंदिर में शादी की रस्में शुरू हो गई थी, लेकिन ग्रामीणों की जागरूकता के चलते प्रोबेशन विभाग की टीम ने समय से पहुंचकर शादी रुकवा दी। मौके पर दोनों परिवारों ने विरोध भी किया, लेकिन टीम युवक और किशोरी को देवरिया ले आई। सोमवार को परिवार समेत दोनों को बाल कल्याण समिति के सामने पेश किया जाएगा।

किशोरी पहले सलेमपुर में रहती थी। उसके पिता की मृत्यु 2014 में हो गई थी। मां ने 2015 में बरडीहा दलपत निवासी पल्लेदारी से दूसरी शादी कर ली। परिवार की गरीबी को देखते हुए मां ने किशोरी बेटी की शादी बिहार के सिवान के पंचनेरुआ गांव के एक 18 वर्षीय युवक से तय कर दी। युवक जयपुर में मजदूरी करता है। रविवार को ग्रामीणों ने बाल विवाह होने की सूचना जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रभात कुमार को दी। वह पुलिस बल के साथ मैरवा स्थित चननिया देवी मंदिर पहुंच गए। दूल्हा व दुल्हन मंडप में बैठ चुके थे।

जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि युवक और किशोरी दोनों की उम्र विवाह योग्य नहीं है। शादी रुकवा दी गई है। दोनों को कल बाल कल्याण समिति के सामने पेश किया जाएगा।

दैनिक जागरण दि. 19/7/21

# कोरोना संक्रमण रोकने के लिए घरों में मनाएं त्योहार



पुलिस लाइन सभागार में बैठक को संबोधित करते डीएम आशुतोष निरंजन मध्य में, एसपी डा. श्रीपति मिश्र बाएं और ज्वाइंट मजिस्ट्रेट गुंजन द्विवेदी दाएं • फोटो पुलिस विभाग

**जागरण संवाददाता, देवरिया:** पुलिस लाइन सभागार में रविवार को बकरीद व श्रावण मास को लेकर पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों की संयुक्त बैठक हुई। जिलाधिकारी आशुतोष निरंजन ने कहा कि कोरोना को देखते हुए बकरीद व श्रावण मास को सकुशल संपन्न कराना प्राथमिकता है। कोरोना संक्रमण न फैले, इसके लिए सभी लोग अपने-अपने घरों में रहकर त्योहार मनाएं।

उन्होंने थानाध्यक्षों को निर्देश देते हुए कहा कि त्योहार व आपसी सौहार्द बिगाड़ने वाले व्यक्तियों को चिह्नित करते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई करें। छोटी से छोटी समस्या पर त्वरित व प्रभावी कार्रवाई करें। जिससे कोई भी त्योहार में खलल न डाल सके।

पुलिस अधीक्षक डा.श्रीपति मिश्र

## सतर्कता

- पुलिस लाइन सभागार में पुलिस व अधिकारियों की हुई बैठक
- त्योहार में खलल डालने वालों को चिह्नित कर कार्रवाई करें

अपने थानों के त्योहार रजिस्टर का अवलोकन कर लें। पिछले वर्ष जहां भी दिक्कत हुई है। उन जगहों के लोगों को चिह्नित कर लें और कार्रवाई करें। थानों पर बनाई गई पार्टियों को त्योहार से पूर्व क्षेत्र में समय से रवाना करें। समस्त बीट पुलिस अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में सतर्क रहें। इस दौरान ज्वाइंट मजिस्ट्रेट गुंजन द्विवेदी, एसडीएम सदर सौरभ सिंह, सीओ सिटी श्रीयश त्रिपाठी, अंबिका राम, कपिलमुनी सिंह, पंचमलाल, देवानंद समेत अन्य

अमर उजाला दि. 19/7/21

# त्योहारों में खलल पैदा करने वालों पर करें कठोर कार्रवाई

## अपराध गोष्ठी में बोले एसपी, गुमशुदा लोगों की तलाश के लिए चलेगा ऑपरेशन हंट

संवाद न्यूज एजेंसी

**देवरिया।** गुमशुदा लोगों की तलाश के लिए ऑपरेशन हंट चलेगा। त्योहारों में खलल डालने वालों पर थानेदार सख्त कार्रवाई करें। यह कहना है एसपी डॉ. श्रीपति मिश्र का। पुलिस लाइंस में रविवार को थाना प्रभारियों और पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में आयोजित अपराध गोष्ठी में सबसे पहले पुलिस कर्मियों से समस्याओं के बारे में जानकारी ली।

उन्होंने अवैध कच्ची शराब के निर्माण, भंडारण, परिवहन, बिक्री पर प्रभावी नियंत्रण लगाने का आदेश दिया। सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में अभियान चलाकर चोरी व लूट की घटनाओं की रोकथाम करने के लिए रात में गश्त बढ़ाने को कहा। सोशल मीडिया पर निगरानी रखने के साथ साथ ही डिजिटल वालेंटियर ग्रुप को अपडेट करने की भी सीख दी। वांछित अभियुक्तों, इनामिया, जिलाबदर, एनबीडब्ल्यू के खिलाफ अभियान चलाकर गिरफ्तारी की जाए। शातिर अपराधियों पर गुंडा, गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की जाए। महिला अपराध पर त्वरित कार्रवाई, एंटी रोमियो टीम का अभियान को निरंतर जारीर रखे। वाहन चेकिंग के दौरान शालीनता बरतें। भूमि विवाद के मामले में राजस्व टीम के साथ समन्वय बना कर निष्पक्ष कार्रवाई करें। इस दौरान सभी सीओ और एसओ मौजूद रहे।

### गोष्ठी में सबसे पहले पुलिस कर्मियों से समस्याओं के बारे में ली जानकारी



पुलिस लाइंस में आयोजित बैठक को डीएम और एसपी ने संबोधित किया। संवाद

### शासन के निर्देशों का पालन करते हुए मनाए जाएं त्योहार : डीएम

**देवरिया।** डीएम आशुतोष निरंजन और एसपी डॉ. श्रीपति मिश्र ने रविवार को पुलिस लाइंस के मनोरंजन कक्ष में बकरीद, श्रावण मास को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए बैठक की। डीएम ने कहा कि वैश्विक महामारी कोविड-19 के दृष्टिगत शासन द्वारा जारी निर्देशों का अनुपालन कराते हुए त्योहार लोग मनाए जाएं, इसका ध्यान रखें। इसमें जनसामान्य का सहयोग अहम है। एसपी ने कहा कि एसओ ऐसे अराजक तत्वों को चिह्नित कर कार्रवाई करें, जो खलल पैदा कर सकते हैं। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर सौरभ सिंह, उप जिलाधिकारी/ज्वाइंट मजिस्ट्रेट गुंजन द्विवेदी, क्षेत्राधिकारी नगर श्रीयश त्रिपाठी, अंबिका, कपिल मुनि, पंचमलाल, देवानन्द, प्रतिसार निरीक्षक प्रकाश चन्द्र पाण्डेय आदि उपस्थित रहे। संवाद

अमर उजाला दि. 19/7/21

# जल्द बड़ा पर्दाफाश कर सकती है एसटीएफ और एसआईटी

## अनुदानित स्कूलों में शिक्षक बनवाने वाले गिरोह पर है एजेंसियों की नजर

संवाद न्यूज एजेंसी

**फर्जी शिक्षक प्रकरण**

**बीएसए कार्यालय में पूछताछ के दौरान अहम सुराग मिलने की भी बात आ रही सामन**

**टीम ने बीएसए सहित कुल पांच बाबुओं से इस संबंध में की थी पूछताछ**

देवरिया। अनुदानित स्कूलों में फजीवाड़ा कर नियुक्ति कराने वाले गिरोह पर एसआईटी और एसटीएफ की लगातार नजर बनी हुई है।

इसके साथ ही कई फर्जी शिक्षक भी इनके निशाने पर हैं। इस सप्ताह गिरोह से जुड़े लोगों व मास्टर माइंड पर शिकंजा कसकर बड़ा पर्दाफाश किया जा सकता है। शनिवार की शाम को बीएसए कार्यालय पहुंची और यहां बीएसए व बाबुओं से इस संबंध में पूछताछ भी की थी। सूत्रों के अनुसार, पूछताछ में कई अहम सुराग मिलने की बात सामने आ रही है।

11 जुलाई को एसटीएफ ने जनपद के दो अनुदानित स्कूलों में 19 शिक्षकों की नियुक्ति फर्जी अनुमोदन पत्र के आधार पर कराने के आरोप में बीएसए कार्यालय के लेखाधिकारी जगदीश श्रीवास्तव समेत 17 के खिलाफ कोतवाली में मामला दर्ज कराया था।

शनिवार शाम को बीएसए कार्यालय पहुंची एसटीएफ की टीम ने बीएसए व कई बाबुओं से इन नियुक्तियों के संबंध में पूछताछ की थी। सूत्रों के अनुसार, इसे लेकर बाबू तनाव में हैं।

टीम के सदस्यों ने इन नियुक्तियों से संबंधित अभिलेख भी जुटाए, हालांकि कुछ नियुक्ति, डिस्पैच सहित कुछ अन्य रजिस्टरों के पेज फटे होने से अब इस संबंध में बाबुओं एवं चतुर्थ श्रेणी के कुछ कर्मचारियों की भूमिका लगातार संदेह के घेरे में आ गई है। इधर प्रबंधकीय स्कूलों की गई मनमानी नियुक्तियों पर लगातार नजर रखी जा रही है।

जिले में पिछले 20 से 25 साल से इन स्कूलों में फर्जीवाड़ा कर नियुक्तियां कराने वाले कुछ सरगना भी लगातार निशाने पर है और इनके खिलाफ ठोस सबूत भी इकट्ठा किया जा रहा है। सूत्रों की मानें तो कुछ लोगों की एजेंसी ने गिरफ्तारी भी कर ली है। एक सप्ताह के अंदर वह कुछ बड़ा पर्दाफाश करेगी।

टीम की अगुवाई कर रहे सीओ श्रीयश त्रिपाठी ने बताया कि गिरोह के जड़ तक पुलिस पहुंचने का काम कर रही है। बहुत जल्द फर्जीवाड़ा करने वाले अन्य सरगना भी पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

अमर उजाला दि. 19.7.21

# बालिका वधू : मंदिर में हो रहा था विवाह, 12 लोग पकड़े गए

## बिहार के एक मंदिर में हो रही थी देवरिया की बच्ची की शादी

संवाद न्यूज एजेंसी

**देवरिया/लार।** लार थाना क्षेत्र के एक गांव की 12 वर्ष की बालिका की शादी रविवार को हमउम्र लड़के से बिहार के एक मंदिर में कराई जा रही थी। रविवार सुबह बाल विवाह की शिकायत पर एसपी डॉ. श्रीपति मिश्र ने टीम गठित कर शादी रुकवाने का निर्देश दिया। पुलिस टीम ने विवाह स्थल पर पहुंचकर शादी रुकवाई और दूल्हा-दुल्हन समेत 12 घरातियों-बरातियों को पकड़कर थाने ले आई।

इससे पहले घरवालों ने पुलिस को खूब चकमा दिया। सही लोकेशन न बताकर पुलिस टीम को घंटों भटकाया। इसके बावजूद पुलिस विवाह होने से पहले पहुंच गई। पुलिस को देखकर दूल्हा-दुल्हन रोने लगे। बमुश्किल दोनों को चुप कराया गया। अब मनोवैज्ञानिक काउंसिलिंग कराई जा रही है।

रविवार सुबह किसी ने एसपी को फोन कर सूचना दी कि लार थाना क्षेत्र के एक गांव की 12 वर्षीय बालिका और बिहार के गुठनी थाना क्षेत्र के एक गांव के बालक की शादी मैरवां के एक मंदिर में कराई जा रही है। एसपी ने तत्काल महिला कल्याण, बाल संरक्षण, एचटीयू टीम तथा लार थाने की पुलिस को विवाह रुकवाने का निर्देश दिया। सभी टीमें मैरवां के चंदनियां माता मंदिर पहुंचीं। यहां फोन करने पर बालिका के परिजनों ने विवाह स्थल हदहदवा भवानी मंदिर बताया। टीम वहां पहुंची तो वहां कोई नहीं मिला। दोबारा फोन करने पर परिजनों का मोबाइल स्विच ऑफ मिला। इसे लेकर टीम कई घंटे परेशान रही। लोकेशन के आधार पर दोबारा टीम दोपहर तीन बजे चंदनियां माता मंदिर पहुंची। यहां मंडप में बैठे बालिका और बालक को उठा लिया और उन दोनों के साथ 12 लोगों को थाने लाया गया।

**दूल्हा भी नाबालिग, घरवालों ने पुलिस को गलत लोकेशन देकर घंटों भटकाया**

>> मेहंदी व चाकू से हुई दुल्हन की पहचान : भीतर

अमर उजाला 16.07.21

# मेहंदी व चाकू से हुई दुल्हन की पहचान

संवाद न्यूज एजेंसी

**लार।** नाबालिग की शादी रचा रहे बालिका के परिजनों ने पुलिस को खूब छकाया। जिस बालिका को शादी के लिए मंडप में बैठाया गया था। उसे परिजनों ने बताया कि वह एक रिश्तेदार की लड़की है। वैसे ही मंडप में बैठी है। शक होने पर उपनिरीक्षक सौरभ सिंह ने बालिका से पूछताछ की। इस दौरान बालिका के हाथ में चाकू और मेहंदी और हल्दी लगी थी। पुलिस के पूछताछ करने पर बालिका रोने लगी। इसके बाद पुलिस नेबाल विवाह होने की बात कह शादी रुकवा दी।



बाल विवाह की शिकायत पर पहुंची टीम संवाद

## ये हैं टीम में शामिल लोग

**लार।** महिला कल्याण के जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रभात कुमार, बाल संरक्षण के जयप्रकाश तिवारी, एचटीयू प्रभारी बदरूदिन खान, उपनिरीक्षक सौरभ सिंह, उपनिरीक्षक विनोद यादव टीम में शामिल रहे।

## इसी मंडप में चाचा ने भी की दूसरी शादी

**लार।** जिस मंडप में बालिका का बाल विवाह कराने की तैयारी चल रही थी। उसी मंडप में पुलिस के अनुसार एक घंटे पहले बालिका के चाचा पत्नी को छोड़ दूसरा विवाह कर रहा था। बालिका के चाचा ने पूछताछ में बताया कि साहब कम समय में शादी कराना चाह रहा था। हमारी परिस्थिति ठीक नहीं है। भाई की भी मौत कुछ वर्षों पूर्व हो गई है। आखिर कौन जिम्मेदारी संभालेगा।

मुख्य खबर......बालिका वधू : मंदिर में हो रहा था विवाह......पेज एक पर

# अंग्रेजी शराब बरामद, चालक फरार

**बनकटा।** थाना क्षेत्र के ग्राम खुरवसिया दक्षिण स्थित स्कूल के समीप से पुलिस ने एक चारपहिया वाहन से 180 पाउच अंग्रेजी शराब बरामद की। वाहन चालक अंधेरे का लाभ उठाकर भाग निकला। पुलिस शराब सहित वाहन को कब्जे में लेकर थाने ले आई। एसओ प्रमोद सिंह ने बताया कि इस मामले में कार्रवाई की जा रही है। संवाद

अमर उजाला 19/7/21

# KUSHINAGAR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 19-07-2021

# मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज

**खड्डा।** थाना क्षेत्र के ग्रामसभा मिश्रौली में चुनावी रंजिश को लेकर छह दिन पूर्व दो पक्षों के बीच हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर मुकदमा दर्जकर कार्रवाई में जुट गयी है। ग्रामवासी उपेन्द्र व पड़ोसी रामाआशीष के बीच चुनावी रंजिश को लेकर विवाद चल रहा था। इसको लेकर 13 जुलाई को दोनों पक्षों के बीच मारपीट हो गयी। इसमें दोनों पक्ष के दो लोग घायल हो गये, जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तुर्कहा में इलाज कराया गया। दोनों पक्षों ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

# हफ्ता पहले गायब किशोरी दिल्ली से खड्डा थाने पहुंची

**खड्डा।** खड्डा थाना क्षेत्र के एक गांव से एक सप्ताह पूर्व महिला द्वारा गायब की गयी किशोरी दिल्ली से रविवार को खड्डा थाने पहुंच गयी। पुलिस किशोरी से पूछताछ करते हुए उसे डाक्टरी परीक्षण के लिए महिला पुलिस की अभिरक्षा में जिला अस्पताल भेज दिया।

खड्डा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक की नवविवाहित पत्नी एक सप्ताह पूर्व पड़ोस के ही एक व्यक्ति की नाबालिग लड़की को लेकर अचानक घर से लापता हो गयी। काफी खोजबीन के बाद दोनों का कहीं पता नहीं चला तो किशोरी के परिजन नवविवाहिता पर उसकी नाबालिग लड़की को कहीं ले जाकर उसे किसी के हवाले कर देने का आरोप लगाते हुए इसकी तहरीर थाने में दी। इस पर पुलिस मामले की जांचपड़ताल में जुटी हुई थी कि तीन दिन बाद नवविवाहिता अकेली घर लौट आयी। किशोरी उसके साथ नहीं लौटी तो उसके परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। इस पर पुलिस आरोपित महिला को थाने लाकर लड़की के बारे में पूछताछ करने लगी।

# तमकुहीराज में शांति कमेटी की हुई बैठक

सिसवा नाहर | **हिन्दुस्तान संवाद**

आगामी त्योहार बकरीद व श्रावणी पूजा को लेकर रविवार को पुलिस चौकी तिनफेड़िया के परिसर में सीओ तमकुहीराज फूलचंद कन्नौजिया की मौजूदगी में शांति कमेटी की बैठक हुई।

इसमें क्षेत्र के लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई। साथ ही चेतावनी दी गई कि अगर कहीं से भी त्योहार में खलल डालने की कोशिश हुई तो संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक के बाद सीओ ने पुलिस चौकी परिसर में आम के 11 पौधे भी लगाए। इस दौरान साधुशरण, कांस्टेबल रामप्रवेश चौधरी, शैलेश, राधेश्याम यादव, ग्राम प्रधान अकलू प्रसाद, शंभू यादव, तुलसी यादव, योगेंद्र सिंह, राजू, बबलू, रतन यादव आदि मौजूद रहे।

# शांतिपूर्ण माहौल में त्योहार मनाने की अपील

**नेबुआ नौरंगिया।** थाना परिसर में बकरा ईद त्योहार को देखते हुए थानाध्यक्ष की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक हुई। इसमें लोगों से शांतिपूर्ण माहौल में त्योहार मनाने की अपील की गई। बैठक को संबोधित करते थानाध्यक्ष मिथिलेश कुमार राय ने कहा कि कोरोना महामारी को देखते हुए गाइड लाइन का पालन करते हुए त्योहार को शांतिपूर्वक मनाएं। मास्क व डिस्टेंस का ध्यान रखें। आपकी सुरक्षा ही प्रशासन की जिम्मेदारी है जिस हेतु हर संभव उपाय किये जा रहे हैं। उन्होंने गांवों की समस्याओं, त्योहार के बाबत आने वाली समस्याओं सहित अन्य किसी भी समस्या के बारे में पूछा जिस पर लगभग सभी ने किसी प्रकार का विवाद न होने की जानकारी दी। बैठक में एसएसआई शैलेंद्र सिंह, एसआई शीतला प्रसाद, संतोष यादव, रामप्यारे यादव सहित क्षेत्र के तमाम ग्रामप्रधान, धार्मिक गुरु आदि मौजूद रहे।

# त्योहार को लेकर एसओ ने की बैठक

**अहिरौली बाजार।** अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के विद्यार्थी पीजी कॉलेज जगदीशपुर के सेमिनार हाल में रविवार को क्षेत्र के व्यापारियों व आम नागरिकों के साथ एसओ संजय कुमार सिंह ने बैठक की। इस दौरान बकरीद को लेकर एसओ ने सभी से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की।

उन्होंने कहा कि पुलिस व आमजन के बीच सामंजस्य होना बेहद जरूरी है। लोगों के साथ पुलिस हर माह बैठक कर उनकी समस्याओं का निराकरण कराने में सहायक होगी। इस दौरान सुनील कुमार सिंह, श्याम देव यादव, हेड कांस्टेबल मनीष राय, कांस्टेबल शिवप्रकाश, जगमोहन यादव, विद्यार्थी इंटर कॉलेज जगदीशपुर, लिपिक अखिलेश शुक्ल, विवेकानंद सिंह, भरत मद्धेशिया, विवेकानंद सिंह, मंतोष शर्मा, निर्मल साहनी, अलीफ अली, श्रीनिवास सिंह, दीपचंद भारती, रामनगीन गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# चोरी रोकने को सीसीटीवी लगवाने पर दे रहे जोर

पडरौना | निज संवाददाता

चोरी की घटनाएं रोकने के लिए पुलिस सीसीटीवी लगवाने की सलाह दे रही है। जिले में लगातार हो रही चोरी की घटनाएं और उसे रोक पाने में विफल पुलिस हर थाने में व्यापारियों के साथ बैठक कर सीसीटीवी लगवाने पर जोर दे रही है। इसके साथ ही दुकान पर काम करने वाले कर्मचारियों को ब्योरा मांग रही है, जिससे कि कर्मचारी के नाम, पता और उनके आचरण की तस्दीक की जा सके।

आजकल चोरी की घटनाएं आये दिन हो रही हैं। चोरों का गिरोह किसी खास थाना क्षेत्र में ही नहीं बल्कि जिले के सभी थाना क्षेत्रों में सक्रिय हैं। इसमें भी कसया, अहिरौली बाजार, पटहेरवा और कुबेरस्थान थाना क्षेत्र चोरों के गैंग के विशेष निशाने पर हैं। कसया थाना क्षेत्र में हो रही चोरी की घटनाओं को लेकर वहां के लोगों ने एडीजी तक पहुंच कर पुलिस की लापरवाही की शिकायत की है। एडीजी ने भी इसे गंभीरता से लिया है। जिले में हो रही चोरी की घटनाओं को एडीजी द्वारा संज्ञान लिये जाने के बाद जिले की पुलिस भी इस पर गंभीर हो गयी है। इसी क्रम में अब जिले के हर थानों में पुलिस पहले व्यापारियों के साथ बैठक कर रही है। बैठक में पुलिस के अधिकारी चोरी की घटनाओं को रोकने के लिए व्यापारियों को सलाह दे रहे हैं कि वे अपनी दुकानों में सीसीटीवी कैमरा जरुर लगवाएं।

## सलाह

- हर थाने में व्यापारियों के साथ बैठक कर रही पुलिस
- दुकान पर काम करने वालों के बारे में मांग रहे सूचना
- सूचना पर कर्मचारी के नाम, पता और आचरण की होगी तस्दीक

# इंटरनेट मीडिया पर साइबर सेल की पैनी नजर

**जागरण संवाददाता, पडरौना:** मतांतरण को लेकर पुलिस ने सक्रियता बढ़ा दी है। गोपनीय तरीके से पुलिस, एलआइयू और आइबी की जांच पड़ताल चल ही रही है, साइबर सेल भी इंटरनेट मीडिया के संदेशों पर नजर रहा है है। हर संदेश को बड़ी बारीकी से देखे जा रहे हैं। कोड वर्ड वाले संदेशों पर पैनी नजर रखी जा रही है।

प्रदेश पुलिस के मुखिया ने फरमान जारी कर इंटरनेट मीडिया पर कड़ी नजर रखने को कहा है। इंटरनेट मीडिया पर कोड वर्ड का इस्तेमाल कर मतांतरण का मामला सामने आने के बाद यह कदम उठाया गया है। इसे लेकर जनपद पुलिस की कवायद तेज हो गई है। हर उस संदेश की जांच की जा रही है जिसमें कोई संदेह नजर आ रहा है।

धर्म से जुड़े संदेशों को और भी बारीकी से देखा जा रहा है। एक-एक मैसेज को खंगाला जा रहा है कि कहीं मंतातरण को लेकर कोड वर्ड में तो कुछ नहीं कहा गया है। पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस, एलआईयू और आइबी जैसी एजेंसियां अपने अपने तरीके से जांच पड़ताल में लगीं हैं। वहीं साइबर सेल ने और भी सक्रियता बढ़ा दी है।

इंटरनेट मीडिया पर आदान-प्रदान

## सख्ती

- बड़ी बारीकी से देखे जा रहे हर तरह के संदेश
- कोड वर्ड वाले संदेशों की हो रही कड़ी निगरानी



कोड वर्ड के जरिये मतांतरण का मामला सामने आने के बाद जिले की पुलिस को और भी सक्रियता बरतने का निर्देश दिया गया है। साइबर सेल द्वारा इंटरनेट मीडिया पर कड़ी नजर रखी जा रही है। हर संदेश की पड़ताल की जा रही। संदिग्ध या किसी भी तरह के अफवाह से जुड़े संदेश वायरल करने वालों के विरुद्ध पुलिस सख्ती से निपटेगी।

**एपी सिंह**, एएसपी

निगरानी की जा रही। इसके अलावा नगर तथा प्रमुख कस्बों में भी गोपनीय तरीके से छानबीन की जा रही है। संदिग्ध लोगों पर नजर रखी जा रही है।

ऐसे मामले में संदिग्ध पाए जाने पर पुलिस सख्ती से पेश आएगी। नित्य प्रति की गतिविधियों की प्रगति रिपोर्ट पुलिस अधिकारियों को

# बर्दाश्त नहीं की जाएगी अराजकता

**जागरण संवाददाता, कप्तानगंज:** बकरीद को लेकर रविवार को थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक हुई। इसमें उपनगर समेत ग्रामीण इलाकों के दोनों समुदाय के लोगों ने त्योहार को लेकर आने वाली समस्याओं पर चर्चा की और उनके निराकरण की मांग की। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि शीघ्र समस्याओं का समाधान कराया जाएगा।

एसडीएम देशदीपक सिंह ने कहा कि बकरीद को लेकर प्रशासन सतर्क है, अराजकता किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रभारी निरीक्षक गोपाल पांडेय ने कहा कि किसी भी वर्ग का त्योहार हो, सबको मिल जुलकर मनाना चाहिए। अगर कहीं समस्या उत्पन्न हो तो तुरंत सूचना दें, मौके पर पहुंच उसका निस्तारण कराया जाएगा।

**शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं त्योहार: सूरजनगर:** नेबुआ नौरंगिया थाना परिसर में थानाध्यक्ष मिथिलेश राय की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक हुई। इसमें त्योहारों को शांतिपूर्वक मनाने की अपील की गई।

थानाध्यक्ष ने कहा कि कोरोना महामारी को देखते हुए गाइडलाइन का पालन करें। गांवों में होने वाली समस्याओं को समय से बता दें, किसी तरह का विवाद होने पर तुरंत जानकारी दें।

## आपसी भाईचारे के साथ मनाएं त्योहार : सीओ

**जासं., सलेमगढ़ :** सभी धार्मिक त्योहार आपसी भाईचारे का संदेश देते है। विशेषकर बकरीद का पर्व ऐसा है, जिसमें हम बैर भाव छोड़ एक दूसरे से गले मिलते है। यह बातें सीओ फूल चंद कन्नौजिया ने कही। वे रविवार को तरयासुजान थाना क्षेत्र के तिनफेड़िया पुलिस चौकी पर पीस कमेटी की बैठक को संबोधित कर रहे थे। ग्राम प्रधान रामपुर बंगरा योगेंद्र सिंह, हरिकेश आशा नंद, अकलू प्रसाद, रमतुल्लाह, लुकमान अंसारी, राजू अंसारी, रामजी पांडेय, शंभू यादव आदि मौजूद रहे।

# अंग्रेजी शराब की मची लूट, ढाई सौ शीशी जब्त

## गन्ने के खेत में शराब छिपाकर फरार हो गए थे तस्कर : एसओ

संवाद न्यूज एजेंसी

**सलेमगढ़।** तरयासुजान थाना क्षेत्र के पथरवां तथा तरयासुजान पश्चिम टोला के निकट रविवार सुबह दस बजे गन्ने के तीन खेतों में अंग्रेजी शराब लावारिस पड़े होने की सूचना पर लूट मच गई। हरियाणा निर्मित इस हाई स्पीड शराब को देखकर लोग उसे झोले-बोरे में भरकर ले जाने लगे। यहां तक कि महिलाएं भी पीछे नहीं रहीं। बाद में पहुंची पुलिस ने लगभग 250 शीशी बची हुई शराब बरामद की।



पथरवां गांव के निकट गन्ने के खेत से बरामद अंग्रेजी शराब। संवाद

पथरवां गांव के व्यास सिंह तथा ठग प्रसाद के गन्ने के खेत में प्लास्टिक के तिरपाल में रखकर शराब छिपाई गई थी। सुबह दस बजे गांव के कुछ लोग घास काटने गए तो देखा। उन लोगों के शोर मचाने पर भीड़ जुट गई और लावारिस हाल में पड़े अंग्रेजी शराब को लूटने की होड़ मच गई। घटना की सूचना मिलते ही तरयासुजान थाने के एसओ कपिलदेव चौधरी, एसआई रणजीत सिंह बघेल, संदीप सिंह पुलिस बल के साथ पहुंचे तो बची शराब छोड़कर लोग भाग निकले। बची हुई शराब की लगभग 250 शीशियों को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया।

दूसरी ओर, तरयासुजान पश्चिम टोला निवासी भूषण राय और वाणी गुप्ता के खेत से भी शराब के लिए लूट मची हुई थी। एसओ ने बताया कि तस्करों की तरफ से दो पिकअप शराब बिहार ले जाने की सूचना पर पुलिस की तीन टीमें बनाकर रात भर घेराबंदी की गई थी जिससे शराब गन्ने के खेत में छिपाकर तस्कर भाग निकले थे। तस्करों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा।

# मंसाछापर बाजार में घूमता मिला पश्चिम बंगाल का युवक

संवाद न्यूज एजेंसी

## एक माह से लापता था, पुलिस की पूछताछ के बाद परिजनों तक पहुंची सूचना

**जटहां बाजार।** मंसाछापर बाजार में शनिवार की देर रात गश्त के दौरान पुलिस ने घूमते मिले एक युवक को पकड़ा। पूछताछ में उसने अपना पता पश्चिम बंगाल बताया। पुलिस उसे थाने ले जाकर उसके घरवालों को सूचना दी। घरवाले उसे लेने के लिए निकल पड़े हैं। वह करीब एक महीना से लापता था।

कांस्टेबल धीरेंद्र प्रताप सिंह और उपेंद्र शनिवार की रात करीब एक बजे गश्त कर रहे थे। इसी दौरान मंसाछापर बाजार में एक युवक घूमता नजर आया। सिपाहियों ने उसे रोककर पूछताछ की तो युवक ने अपना नाम और पता बताया। पुलिस उसे थाने ले गई। एसओ नंदा प्रसाद ने बताया कि पूछताछ में उसने अपना नाम विनय चंद निवासी जिला वर्धमान, पश्चिम बंगाल बताया। उसके बताए हुए मोबाइल नंबर पर फोन किया तो उसका पता सही निकला। पुलिस को उसके बड़े भाई मधुसूदन ने बताया कि वह एक महीने से लापता था। उसे लेने के लिए परिवार के लोग पश्चिम बंगाल से निकल गए हैं। एसओ ने बताया कि सोमवार को उसके घरवाले आ जाएंगे तो उन्हें सुपुर्द कर दिया जाएगा।



विनय चंद

# 'सोशल मीडिया या अजनबी से कभी भी साझा न करें गोपनीय जानकारी'

## नगर के सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हुआ आयोजन, सीओ सदर ने विद्यार्थियों को दी कानून की जानकारी

अमर उजाला पुलिस की पाठशाला

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना।** सोशल मीडिया का प्रयोग जितना लाभप्रद है, उतना ही घातक भी है। इसलिए इसका प्रयोग सकारात्मक सोच के साथ करना चाहिए। क्योंकि इसका दुरुपयोग करना लोगों के लिए भारी पड़ सकता है। सोशल मीडिया पर या किसी अजनबी को अपनी गोपनीय जानकारी साझा नहीं करनी चाहिए। यदि इसका ध्यान नहीं रखा गया तो व्यक्ति संकट में पड़ सकता है।

यह बात सदर सीओ सदर संदीप वर्मा ने कही। वह रविवार को नगर के सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों को ऑनलाइन पुलिस की पाठशाला में संबोधित कर रहे थे। 'अमर उजाला फाउंडेशन' की तरफ से आयोजित इस पाठशाला में 100 विद्यार्थी जुड़े थे। सीओ ने कहा कि कोरोना संक्रमण की वजह चौक-चौराहों, दुकानों, सड़कों और सरकारी व गैर सरकारी कार्यालयों में भीड़ एकत्र न हो, इसके लिए अधिकांश कार्य ऑनलाइन किया जा रहा है। विद्यालय बंद होने की वजह से बच्चों की पढ़ाई भी ऑनलाइन कराई जा रही है, लेकिन कई बच्चे ऑनलाइन पढ़ाई करने के बाद सोशल मीडिया पर चैटिंग करने लगते हैं। इस दौरान कई लोग आपत्ति जनक पोस्ट भी डालते हैं। ऐसा करना कानूनी जुर्म है। किसी भी हाल में सोशल मीडिया पर आपत्ति जनक पोस्ट नहीं डालना चाहिए। क्योंकि सोशल मीडिया पर डाले गए किसी भी तरह के पोस्ट डिलीट करने के बाद भी निकाला जा सकता है।

उन्होंने कहा कि ड्राइविंग लाइसेंस बनने के बाद ही बाइक या कार चलाना चाहिए। वाहन चलाने के दौरान लोगों को यातायात के नियमों का शत प्रतिशत पालन करना चाहिए। इन नियमों का पालन स्वयं करने के साथ दूसरों को भी जागरूक करना चाहिए।

उन्होंने छात्राओं से कहा कि रास्ते में या अन्य किसी स्थान पर यदि उन्हें कोई परेशान करता है तो वे डरें नहीं बल्कि इसका खुलकर विरोध करने के साथ तत्काल पुलिस को सूचना दें। पुलिस अभिभावक और मित्र की तरह आपकी मदद करेगी। अंत में प्रधानाचार्य मृत्युंजय मिश्र ने ऑनलाइन ग्रुप में जुड़े अतिथि और छात्र-छात्राओं के प्रति आभार जताया।



नगर के सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंड्री स्कूल में ऑनलाइन पुलिस की पाठशाला के दौरान छात्रों को जानकारी देते सीओ सदर संदीप वर्मा। संवाद


उत्कर्ष चौबे | शामली भार्गव | प्रशांत उपाध्याय | युवराज पांडेय

उत्कर्ष चौबे ने बताया कि 'अमर उजाला' की तरफ से आयोजित ऑनलाइन पुलिस की पाठशाला में कई ऐसी जानकारी मिली है, जिसके बारे में उन्हें पता नहीं था। इस तरह के कार्यक्रम आगे भी आयोजित होने चाहिए। शामली भार्गव ने बताया कि कोरोना संक्रमण की वजह से लोग घर से बाहर नहीं निकल रहे हैं। ऐसे में छात्र-छात्राओं को कानून की जानकारी नहीं मिल रही है। लेकिन अमर उजाला की तरफ से आयोजित पुलिस की पाठशाला में कई कानूनी जानकारी मिली है, जिसका दैनिक जीवन में उपयोग किया जाएगा। प्रशांत उपाध्याय ने बताया कि पुलिस की पाठशाला में यातायात नियमों के अलावा अन्य कई महत्वपूर्ण जानकारी मिली है। इसके अलावा मन में उपजे सवालों को पूछकर झिझक दूर किया। युवराज पांडेय ने कहा कि कई लोग पुलिस के भय से अपनी बात नहीं कह पाते हैं। इससे उन्हें न्याय नहीं मिलता है। पुलिस की पाठशाला के बाद पुलिस के प्रति भय समाप्त हो गया है। अब पुलिस से बेझिझक अपनी बात कह सकेंगे।

# 'शांति व्यवस्था में खलल डालने वालों से सख्ती से निपटेगी पुलिस'

## कुर्बानी के त्योहार को लेकर पुलिस अलर्ट, कोविड गाइड लाइन का पालन जरूरी

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना।** जिले के विभिन्न थाने में रविवार को पीस कमेटी की बैठक हुई। इस दौरान बकरीद और श्रावण मास में निकलने वाली कांवर यात्रा के बारे में विचार-विमर्श हुआ। मौजूद लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की जहां अपील की गई वहीं, अराजक तत्वों को चेतावनी दी गई कि यदि कोई भी शांति व्यवस्था में खलल डालेगा तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी।

पडरौना कोतवाली क्षेत्र के सिधुआं बाजार चौकी पर आयोजित पीस कमेटी बैठक में चौकी प्रभारी रत्नेश मौर्या ने कहा कि तीन दिन तक चलने वाले कुर्बानी के त्योहार को लेकर पुलिस अलर्ट है। शासन की तरफ से मिले निर्देश का अनुपालन हर हाल में कराया जाएगा। उन्हौंने कहा कि श्रावण मास में किसी प्रकार की कांवर यात्रा नहीं निकाली जाएगी। इस दौरान [illegible]न प्रतिनिधि वाजिद अली, सफीक अहमद, डॉ. महबूब आलम, चंदेश्वर कुशवाहा, मुमताज अहमद, शाहबाज अहमद, रियाजुद्दीन अंसारी, श्रीराम वर्मा, शौकत अली आदि मौजूद रहे।

**कप्तानगंज प्रतिनिधि** के अनुसार थाना परिसर में रविवार को पीस कमेटी की बैठक हुई। इसमें एसडीएम देशदीपक सिंह ने कहा कि बकरीद के त्योहार पर लोग अपने घर में ही नमाज अदा करें। एसओ गोपाल पांडेय, एसएस आई श्रवण कुमार यादव, कस्बा चौकी इंचार्ज वीरेंद्र कुमार सिंह, शंभू शरण सिंह, रामश्याम सिंह, राजकुमार सिंह, राजेश कुमार, मुरारी सिंह आदि मौजूद रहे।

**नेबुआ रायगंज प्रतिनिधि** के अनुसार नेबुआ नौरंगिया थाना परिसर में एसओ मिथिलेश कुमार राय की मौजूदगी में पीस कमेटी की बैठक हुई। इस दौरान एसएसआई शैलेंद्र सिंह, एसआई शीतला प्रसाद, संतोष यादव, रामप्यारे यादव, चतुर्भुजा पांडेय, भरत राम मिश्रा आदि मौजूद रहे।

**रामकोला प्रतिनिधि** के अनुसार रविवार को स्थानीय थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक हुई। एसओ डीके सिंह ने कहा कि त्यौहार में खलल डालने वालों से पुलिस सख्ती से निपटेगी। इस दौरान हरिशंकर तिवारी, शंभू जायसवाल, मैना अली, जुल्फकार, एसआई विशाल सिंह, महिला डेस्क लक्ष्मी पांडेय आदि मौजूद रहीं।

**खड्डा प्रतिनिधि** के अनुसार स्थानीय थाना परिसर में रविवार को पीस कमेटी की बैठक हुई। कुबेरस्थान प्रतिनिधि के अनुसार बकरा ईद त्योहार व श्रावण मास को देखते हुए रविवार को थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक हुई। इस दौरान एसआई अरुण कुमार चौबे, कन्हैया लाल यादव, अजीत यादव, प्रियांशु राय, ग्राम प्रधान बतरौली ईश्वरशरण यादव, अनिल तिवारी आदि मौजूद रहे।



पीस कमेटी की बैठक को संबोधित करते एसओ कुबेरस्थान उमेश कुमार तथा मौजूद क्षेत्र के लोग। संवाद

**अहिरौली बाजार** प्रतिनिधि के अनुसार विद्यार्थी पीजी कॉलेज में पीस कमेटी की बैठक हुई। एसआई श्यामदेव सिंह, सुनील कुमार सिंह, हेड कांस्टेबल मनीष कुमार राय, शिव प्रकाश, जगमोहन यादव, अखिलेश कुमार शुक्ला, जयराम सिंह, विवेकानंद सिंह, भरत मद्धेशिया, मंतोष आदि मौजूद रहे।

**तमकुहीराज प्रतिनिधि** के मुताबिक तरयासुजान क्षेत्र के तिनफेड़िया पुलिस चौकी पर बकरीद के त्योहार के मद्देनजर शांति कमेटी की बैठक हुई। संबोधित करते हुए सीओ फूलचंद कन्नौजिया ने कहा कि त्योहार को शांति एवं सौहार्द के साथ मनाएं। कोरोना दिशानिर्देश को देखते हुए भीड़भाड़ से बचें। एसओ कपिलदेव चौधरी, चौकी प्रभारी संदीप सिंह, योगेंद्र सिंह, चंद्रकेश्वर , राजू कुमार आदि मौजूद थे।

# MAHARAJ GANJ POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 19-07-2021

# त्योहार को लेकर कमेटी की बैठक

**पुरंदरपुर।** त्योहारों को देखते हुए पुरंदरपुर थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक हुई। इसमें एसओ रवि कुमार राय ने सभी से शांतिपूर्वक त्योहार मनाने की अपील की।

एसओ रवि कुमार राय ने बताया की दो दिन बाद बकरीद और एक सप्ताह बाद सावन शुरू होने वाला है। त्योहारों को कोरोना गाइड लाइन के अनुसार मनाया जाए। चेताया कि कहीं कोई अशांति फैलाने की कोशिश करेगा तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। उन्होंने लोगों से अपील की कि गड़बड़ी फैलाने वालों की सूचना समय से पुलिस को दी जाए। बैठक में एसआई इम्तियाज खान, तुलसी , विवेक , प्रधान तजेन्द्र, कलामुद्दीन, गोविन्द, प्रमोद कुमार, रमाशंकर यादव, राजेश कुमार, जितेन्द्र चौधरी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# शांतिपूर्वक त्योहार मनाने की अपील

**ठूठीबारी।** बकरीद व सावन माह को लेकर पीस कमेटी की बैठक हुई। प्रभारी कोतवाल भगवान बक्स सिंह ने सभी से मिल जुलकर कर त्योहार मनाने की अपील की। कोरोना महामारी के समय सरकार द्वारा जारी किए गए गाइड लाइन का पालन करें। त्योहार में खलल डालने वालों को चेताया कि किसी भी व्यक्ति द्वारा इस प्रकार की गतिविधि की जाती है तो प्रशासन सख्ती से निपटेगा।

# बारह घंटे में मासूम बच्चे को पिता के पास से पुलिस ने बरामद किया

**परतावल।** श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत परसा खुर्द से गायब दो माह के मासूम बच्चे को पुलिस 12 घंटे के भीतर फरेंदा क्षेत्र के मझगांवा से बरामद कर लिया। बच्चे को उसके मां को सुपुर्द कर दिया गया। इस मामले में बच्चे की मां ने अपने पति के खिलाफ तहरीर दी थी।

तहरीर के मुताबिक शालू पुत्री अंगद (23) की शादी गोरखपुर जनपद के ग्राम सभा चौरिया खुर्द में तीन साल पहले हुई थी। शादी के बाद से ही पति-पत्नी के बीच अनबन शुरू हो गई। विवाद के बीच छह माह पहले शालू अपने पिता के घर आ गई। 20 दिन पहले शालू की मां का देहांत हो गया। इसी के बाद शालू का पति सच्चिदानंद पांडेय 15 जुलाई की रात अपने ससुराल पहुंचा। हमदर्दी दिखाकर माफी मांगने लगा। शालू के परिजन समझ नहीं सके।

16 जुलाई की सुबह 8 बजे के करीब मौका पाकर सच्चिदानंद पाण्डेय अपने दो साल के दुधमुंहे बच्चे कृष्णा को लेकर फरार हो गया। काफी खोजबीन के बाद परिजन 17 जुलाई को श्यामदेउरवा थाने में तहरीर दिये। श्यामदेउरवा थाना के प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार राय के नेतृत्व में एस आई जेपी यादव, कांस्टेबिल सुजीत, संजय यादव, तबरेज, महिला कांस्टेबिल और सर्विलांस की मदद से 12 घंटे के फरेंदा थाना क्षेत्र के मझिगावां से कृष्णा पाण्डेय (2) को बरामद कर लिया। उसे परिजनों को सौंप दिया।

# 196 लीटर डीजल के साथ गिरफ्तार

**निचलौल।** एसएसबी व एसडीएम निचलौल की संयुक्त टीम ने दो अलग अलग स्थानों पर रविवार को दो व्यक्तियों को 196 लीटर डीजल के साथ पकड़ा है। इन दोनों को निचलौल कस्टम को सौंप दिया है।

एसडीएम प्रमोद कुमार व एसएसबी झुलनीपुर के असिस्टेंट कमाण्डेन्ट संजय प्रसाद की संयुक्त टीम ने सुबह करमहिया नहर पुल पर भारत गुप्ता निवासी ग्राम विशुनपुरा थाना कोठीभार को बाइक पर लदी 116 लीटर डीजल के साथ पकड़ लिया। टीम ने डीजल व बाइक सीज कर निचलौल कस्टम को सौंप दिया है। दूसरी बरामदगी एसएसबी झुलनीपुर के एसआई मोहन सिंह की टीम ने बार्डर पर किया। बार्डर के पास गन्ने के खेत में 80 लीटर डीजल लदी बाइक खड़ी थी। इसे टीम ने पकड़ लिया। इस दौरान बाइक स्वामी घनश्याम निवासी मोजरहिया ग्राम भुजहवां जिला नवलपरासी नेपाल पकड़ा गया।

# प्रशासन के रडार पर बॉर्डर क्षेत्र के 18 संदिग्ध तस्कर, नोटिस

**कार्रवाई**

दूठीबारी/गड़ौरा | हिन्दुस्तान टीम

भारत-नेपाल सीमा पर तस्करी के जरिए अवैध गतिविधियों में लिप्त बॉर्डर क्षेत्र के 18 लोगों का पुलिस व प्रशासन ने खुफिया सूचना के आधार पर लेखा-जोखा तैयार किया है। इस मामले में नामजद नोटिस जारी होते ही सीमाई इलाके में खलबली मच गई है। नोटिस में कई ऐसे लोगों का नाम शामिल किया गया है, जिनकी आय कुछ दिनों में ही बढ़ गई है।

उच्चाधिकारियों के निर्देश पर भारत-नेपाल के सीमावर्ती थानों की पुलिस सक्रिय तस्करों की लिस्ट तैयार करने में जुट गई है। अपराध के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की योजना बन रही है। इसी क्रम में पुलिस प्रशासन की तरफ से शांतिभंग में पाबंद करते हुए 18 लोगों को नोटिस जारी किया गया है। इन पर कस्टम एक्ट के तहत मुकदमे दर्ज हैं। इनमें कोठीभार थाना क्षेत्र के सबया गांव के तीन आरोपित हैं। निचलौल थानाक्षेत्र के सीमावर्ती गांव रेंगहिया के चार, मेधौली के दो व धमरा मटउर के सरहद टोला के व्यक्ति का नाम है। दूठीबारी कोतवाली क्षेत्र के रमपुरवा लालपुर चटिया, मोहम्मदापुर चटिया, दूठीबारी शांतिनगर, लक्ष्मीपुर व राजाबारी गांव के एक-एक आरोपित के नाम हैं।

**धारा 110 के तहत पाबंद किए जाएंगे आरोपित :** बॉर्डर क्षेत्र में तस्करी पर लगाम कसने के लिए सीआरपीसी की धारा 111 के तहत नोटिस जारी करने के बाद पुलिस प्रशासन अब इन आरोपितों को सीआरपीसी 110/117 के तहत पांच लाख रुपये से लेकर दस लाख तक पाबंद करेगा। शांति व्यवस्था बिगड़ने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन के मुताबिक आचरण सही करने के लिए यह कार्रवाई की गई है।

**शिकंजा**

- जुटाई गई खुफिया जानकारी पर हुई कार्रवाई, बॉर्डर इलाके में मचा हड़कंप
- तीन आरोपी कोठीभार, आठ निचलौल और सात दूठीबारी क्षेत्र के निवासी

"गोपनीय सूत्रों से तस्करी में शामिल लोगों के नाम जिला प्रशासन ने चिह्नित कराए हैं। इसके तहत नोटिस जारी हो चुका है। जल्दी ही कुछ और भी नाम सामने आएंगे।

-**प्रमोद कुमार**, एसडीएम, निचलौल

एसपी के निर्देश पर सभी थानाध्यक्षों को तस्करी में संलिप्त लोगों की सूची तैयार करने को कहा गया है। इसके बाद विधिक प्रक्रिया के तहत कार्रवाई की जाएगी।

-**डीके उपाध्याय**, सीओ, निचलौल"

## चौकसी के दावों के बीच तस्करी

खनुआ | हिन्दुस्तान संवाद

भारत-नेपाल की सीमा लंबे समय से सील है। मुख्य मार्ग के अलावा पगडंडियों पर चौकसी के दावों के बीच तस्करी जोरों पर है। खुली सीमा की पगडंडियों पर ढिलाई होते ही तस्कर अपनी चाली कर जा रहे हैं।

पगडंडियों के रास्ते साइकिल, मोटरसाइकिल व पैदल ही शराब, डीजल-पेट्रोल, मटर, जूट के बोरे, कॉस्मेटिक सामान व सुपारी को नेपाल से भारत पहुंचाया जा रहा है। जबकि कपड़ा, खाद्यान्न, हार्डवेयर, उर्वरक व चीनी आदि की खेप भारत से नेपाल भेजी जा रही है। तस्करी का खेल केवटलिया, भगवानपुर, करमहिया, शेषफरेंदा, खनुआ, हरदी डाली, मुर्दहिया घाट, मुड़िला व चंडीथान आदि गांवों की पगडंडियों के रास्ते जारी है। इस पर अंकुश न लगने से तस्करों ने सीमाई ग्रामीण इलाकों में गोदाम भी बना लिए हैं। कई तस्कर तो दुकान की आड़ में बनाए गए गोदामों में तस्करी का माल डंप करते हैं। फिर उस सामान को कैरियरों के माध्यम से बॉर्डर पार कर दिया जाता है। इस संबंध में सीओ नौतनवा कोमल प्रसाद मिश्र का कहना है कि तस्करी नहीं होने दी जाएगी। पुलिस कर्मियों को गश्त बढ़ाने का निर्देश दिया गया है।

# आठ वांछित गिरफ्तार

**जासं, महराजगंज :** कोल्हुई थाने की पुलिस ने रविवार को मारपीट मामले में वांछित कुल आठ आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। उपनिरीक्षक लवकुश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों में लबदह गांव निवासी असफाक, मौसीन, फारुख, सलाम, अखरार, मुस्ताख, अब्दुल और मोहम्मद लैस का नाम शामिल है।

# शांतिपूर्वक मनाएं त्योहार

**चौक बाजार :** स्थानीय थाना परिसर में रविवार को दोपहर बाद थानाध्यक्ष बृजेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में ईद उल अजहा एवम सावन माह के मद्देनजर पीस कमेटी की बैठक संपन्न हुई, जिसमें थानाक्षेत्र के ग्राम प्रधानों संग गांव के अनेक संभ्रांत नागरिकों ने भाग लिया । बृजेश कुमार सिंह ने कहा कि बकरीद एवं श्रावणी मेला नजदीक है। इस पर्व को आपसी भाईचारे के साथ मनाएं। (जासं.)

# प्रशासन के निशाने पर 18 तस्कर, नोटिस जारी

**जासं, महराजगंजः** भारत-नेपाल की सीमा पर तस्करी के कारोबार में लिप्त तस्करों पर प्रशासन ने अपना शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। निचलौल एसडीएम प्रमोद कुमार ने रविवार को निचलौल, ठूठीबारी और कोठीभार क्षेत्र के कुल 18 तस्करों को चिन्हित करते हुए उन्हें शांतिभंग मामले में एक करोड़ रुपये में पाबंद किया है। आरोपित तस्करों को निचलौल उपजिला मजिस्ट्रेट न्यायालय से पहले एक करोड़ रुपये के बंधपत्र पर जमानत कराना होगा और दोबारा तस्करी में पाए जाने पर मुचलका की राशि भी वसूल की जाएगी। निचलौल उपजिलाधिकारी ने बताया कि लंबे समय से क्षेत्र में खाद्य पदार्थ, कबाड़, सहित पेट्रोलियम पदार्थों की तस्करी होती रहती है।

**इनको जारी की गई है नोटिस :** कोठीभार थाना क्षेत्र के सबया निवासी गुलाब जायसवाल, अनिल जायसवाल, सुनील जायसवाल, निचलौल थाना क्षेत्र के रेंगहिया निवासी लक्ष्मीनारायण गुप्ता, बेचई चौहान, दिलीप भारतह, नंदू सिंह, निकेश साहनी, मेघौली कला निवासी बेचन गुप्ता, शंकर गुप्ता, मटरा धमऊर निवासी विशाल मद्धेशिया, ठूठीबारी थाना क्षेत्र के नारायणपुर चटिया निवासी सफी,रमपुरवा लालपुर चटिया निवासी हरिनारायन चौधरी, मोहम्मदपुर चटिया निवासी शंभू चौधरी, शांतिनगर निवासी मुर्तुजा उर्फ बीरन राइन, नौनिया के कमलेश गुप्ता, लक्ष्मीपुर निवासी मुन्ना कसौधन और राजाबारी निवासी संतोष कुमार गुप्ता का नाम शामिल हैं।

# पिकेट लगने से अपराध पर लगेगा अंकुश

**जागरण संवाददाता, आनंदनगर :** फरेंदा-बृजमनगंज मार्ग पर स्थित बनगढ़िया तिराहा आए दिन सुर्खियों में रहता है। कारण यह है कि जंगल से सटे है और सुनसान रहता है। जहां आए दिन अपराधिक घटनाएं घटित होती रहती हैं। अगर यहां पुलिस पिकेट स्थापित की जाए तो घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सकता है।

फरेंदा- लोटन मार्ग पर लगभग 15 किलोमीटर जंगल पड़ता है। इसी मार्ग पर जंगल के बीच बनगढ़िया तिराहा है। जहां से बृजमनगंज के लिए भी मार्ग जाता है। जंगल का रास्ता होने के कारण यह पूरा सुनसान रहता है। जहां राहगीरों के साथ आए दिन छिनैती की घटनाएं घटती हैं।

> **जंगल का रास्ता होने से शाम को आवागमन हो जाता है कम, आए दिन होती हैं आपराधिक घटनाएं**

बनगढ़िया के आसपास का क्षेत्र हत्यारों द्वारा शव छुपाने का मुफीद जगह है। इसी मार्ग पर शक्तिपीठ मां लेहड़ा वाली का मंदिर भी स्थित है। राहगीरों की सुरक्षा के लिए पुलिस द्वारा किसी भी प्रकार की गश्त नहीं की जाती है। शाम सात बजे के बाद मार्ग पर लोगों का आना जाना कम हो जाता है।

बनगढ़िया तिराहे पर अगर पुलिस पिकेट स्थापित की जाए, तो अपराध में कमी आएगी। पुलिस क्षेत्राधिकारी सुनील दत्त दुबे ने कहा कि बनगढ़िया तिराहे पर पुलिस गश्त के लिए निर्देशित किया गया है। अपराध रोकने पर जो भी आवश्यक कदम होंगे वह उठाए जाएंगे।

# 'थाने में फरियादियों से दुर्व्यवहार बर्दाश्त नहीं'

**प्रभारी मंत्री उपेंद्र तिवारी ने सदर और फरेंदा ब्लॉक में की समीक्षा बैठक, सरकार की योजनाओं का लाभ पात्रों को देने के निर्देश**

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज/फरेंदा।** जिले के प्रभारी उपेंद्र तिवारी ने कहा कि थाने में फरियादियों से दुर्व्यवहार बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ऐसा करने वाले पुलिसकर्मी दंडित होंगे। उन्होंने कहा कि अधिकारी ऐसी योजना बनाएं कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से कोई पात्र वंचित न रहने पाए। वह रविवार को सदर और फरेंदा ब्लॉक सभागार में समीक्षा बैठक कर रहे थे।

उन्होंने फरेंदा के एडीओ आईएसबी को तत्काल हटाने का निर्देश दिया। सीएचसी अधीक्षक अंग्रेस सिंह को कड़ी चेतावनी दी।

प्रभारी मंत्री उपेंद्र तिवारी ने ग्राम पंचायत अधिकारियों को निर्देश दिए कि गांव-गांव जाकर हर पात्र व्यक्ति को सरकार की योजनाओं का लाभ दें। कोई भी पात्र सरकार की योजनाओं से वंचित न रहने पाए। प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री आवास योजना तथा दिव्यांग, विधवा, वृद्धा पेंशन का लाभ पात्रों को उपलब्ध कराएं। गांव व नगर में सफाई व्यवस्था बेहतर होनी चाहिए। नगर पंचायत आनंदनगर में बंद पड़े अस्पताल में एक महिला व एक पुरुष चिकित्सक की तैनाती की जाय। टीकाकरण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। टीकाकरण के लिए एएनएम व आशा कार्यकर्ता गांव में जाकर प्रचार-प्रसार करें। विद्युत निगम के एक्सईएन को 24 घंटे के भीतर खराब ट्रांसफॉर्मर बदलने के निर्देश दिए। खाद्य व रसद विभाग में अनाज की चोरी की शिकायत पर प्रभारी मंत्री ने नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि चोर कोटेदारों के दुकान का लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई की जाए। किसी भी विभाग में बंदरबांट की शिकायत मिलती है तो कार्रवाई होगी। इस दौरान विधायक बजरंग बहादुर सिंह, सदर विधायक जय मंगल कन्नौजिया, जिलाध्यक्ष परदेशी रविदास, नगर पंचायत अध्यक्ष राजेश जायसवाल, डीएम डॉ. उज्ज्वल कुमार, एसपी प्रदीप गुप्ता, सीडीओ गौरव सिंह सोगरवाल, एसडीओ प्रदीप वर्मा, एसडीएम अभय कुमार गुप्ता, सीओ सुनील दत्त दुबे आदि मौजूद रहे।



सदर ब्लॉक सभागार में समीक्षा बैठक को संबोधित करते प्रभारी मंत्री उपेंद्र तिवारी। संवाद

## भाजपा कार्यकर्ताओं की समस्याएं सुनीं

केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं की समीक्षा करने पहुंचे प्रभारी मंत्री उपेंद्र तिवारी ने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के सम्मान से समझौता नहीं किया जाएगा। कार्यकर्ता कोरोनारोधी टीकाकरण में पूरा सहयोग करें। इस दौरान विवेक पांडेय, कौशल सिंह, घनश्याम चौधरी, हीरा गुप्ता आदि मौजूद रहे। संवाद

## प्रभारी मंत्री ने पौधरोपण किया

फरेंदा। उत्तर प्रदेश के खेल, युवा कल्याण व जिले के प्रभारी मंत्री उपेंद्र तिवारी ने बैठक के बाद ब्लॉक परिसर में पौधरोपण किया। ब्लॉक परिसर में डीएम डॉ. उज्जवल कुमार, एसपी प्रदीप गुप्ता, विधायक बजरंग बहादुर सिंह व नगर पालिका के अध्यक्ष राजेश जायसवाल ने भी पौधरोपण किया। प्रभारी मंत्री ने कहा कि पौधरोपण सभी को करना चाहिए। संवाद

अमर उजाला | महराजगंज | ama

# प्रधान की गिरफ्तारी के दौरान धक्का-मुक्की

## ग्राम लबदहा में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में आरोपी हैं प्रधान



कोल्हुई थाने में आरोपित ग्राम प्रधान को पकड़ती पुलिस। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**कोल्हुई।** ग्राम लबदहा में दो दिन पहले बाइक से ठोकर लगने पर दो पक्षों में विवाद हो गया था। इस मामले में 16 नामजद समेत 50 अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कराया गया है। प्रधान भी आरोपी हैं। रविवार को दिन में करीब 2 बजे आरोपी प्रधान क्षेत्र के कई अन्य प्रधानों के साथ थाने पर गए।

आरोपी को सामने देख पुलिस हरकत में आ गई और पकड़कर थाने पर बैठने लगी। यह देख अन्य प्रधान उसे छुड़ाने के लिए थाना परिसर में पुलिस से धक्का-मुक्की करने लगे। जमकर हंगामा भी किया। हालांकि पुलिस की सख्ती के बाद मामला शांत हो गया।

उधर, ग्राम प्रधान असफाक पर केस दर्ज होने से ग्राम प्रधानों में आक्रोश है। रविवार को क्षेत्र के कुछ ग्राम प्रधान असफाक के साथ थाने पहुंचकर मुकदमे से नाम हटाने कार्रवाई करने की मांग की।

प्रधानों ने आरोप लगाया कि बेवजह ग्राम प्रधान असफाक को फंसाया गया है। थाने में ग्राम प्रधान असफाक को देखते ही पुलिस सतर्क हो गई और उन्हें बैठाने का प्रयास करने लगी। पुलिस की सख्ती देखकर प्रधान ने थाना गेट से बाहर जाने की कोशिश की, लेकिन कई पुलिसकर्मियों ने उन्हें घेरकर पकड़ लिया। इसी बीच धक्का-मुक्की एवं जमकर हंगामा हुआ। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने लिया और अन्य लोगों को जाने दिया। इसके बाद मामला शांत हुआ। थानाध्यक्ष देवेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी प्रधान असफाक को पकड़ लिया गया। वह थाने से भागने की कोशिश कर रहे थे। इसके अलावा इस मामले में अन्य आरोपित अब्दुल सलाम, फारुख, सलाम, मोसिन, अबरार, मुस्ताक, मोहम्मद लैस को भी गिरफ्तार कर चालान कर दिया गया है। पुलिस ने अनुसार निष्पक्ष कार्रवाई की गई है। किसी के साथ बदसलूकी नहीं

### पुलिस के खिलाफ प्रधानों में आक्रोश

**कोल्हुई।** थाने पर रविवार को लबदहा प्रधान के खिलाफ दर्ज केस के मामले में थाने जाकर जानकारी प्राप्त करने गए प्रधानों के साथ पुलिस कर्मियों द्वारा किए गए दुर्व्यवहार से प्रधानों में आक्रोश व्याप्त है। मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रधान संघ अध्यक्ष राजू सिंह की अध्यक्षता में कस्बे में बैठक हुई। प्रधानों ने एक स्वर में कहा कि पुलिस का व्यवहार बेहद निंदनीय है। इस दौरान प्रधान संघ के महामंत्री प्रभाकर द्विवेदी, प्रधान गुजन पासवान, रामकेश, शमशाद, अजय कुमार, लीलावती, बबलू यादव, बबलू चौबे, दिनेश यादव, दिनेश यादव, किताबुल्लाह, प्रदीप, गयासुद्दीन, राजाराम, असद, रामकेश यादव आदि मौजूद रहे। संवाद

BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 19-07-2021




बस्ती रेलवे स्टेशन के निकट जीआरपी परिसर में पौधरोपण करते रोटरी क्लब के सदस्य व जीआरपी के जवान। • हिन्दुस्तान

# सोशल एप का प्रयोग कर सहयोग करें व्यापारी

## बैठक

बस्ती | निज संवाददाता

पुलिस लाइन के प्रेक्षागृह में एसपी आशीष श्रीवास्तव ने व्यापारियों के साथ बैठक कर विभागीय स्तर से विभिन्न सोशल एप पर प्रदान की गई सुविधाओं के प्रति जागरूक किया। व्यापारियों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण का भरोसा दिलाते हुए अपने प्रतिष्ठानों के सामने नाइट विजन कैमरा लगवाने की अपील की। व्यापारियों ने भी विभिन्न मुद्दों पर अपनी राय रखी।

एसपी ने कहा कि आपराधिक घटनाओं के रोकथाम व खुलासे के लिए व्यापारियों का सहयोग बेहद अनिवार्य है। सतर्कता के साथ ही दुकानों पर सीसीटीवी कैमरे जरूर लगवाएं। नाइट विजन कैमरे से रात में होने वाली घटनाओं के खुलासे में काफी मदद मिल सकती है। उन्होंने टप्पेबाजों से सावधान रहने की अपील करते हुए कहा कि यूपी कॉप एप का प्रयोग करें। किसी तरह की सूचना इसके जरिए प्रदान की जा सकती है। साथ ही कोई भी घटना घटित होने पर फोन के साथ ही व्हाट्सअप, ट्वीटर व अन्य सोशल एप के माध्यमों से तत्काल सूचना दें। बैठक में एएसपी दीपेन्द्र नाथ चौधरी, सीओ सिटी शक्ति सिंह, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली मनोज कुमार त्रिपाठी व बस्ती के व्यापार संगठन के पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। व्यापारियों में व्यापार मंडल संगठन से जगदीश अग्रहरी, अभिषेक गुप्ता, गिरधारी लाल साहू, व्यापार मंडल अध्यक्ष आदित्य गोस्वामी, राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, राधेश्याम जायसवाल, सर्राफा व्यापार मंडल से कुंदन वर्मा, प्रमोद सिंह व अन्य मौजूद रहे।



पुलिस लाइन के प्रेक्षागृह में व्यापारियों के साथ बैठक करते एसपी आशीष श्रीवास्तव।

### अपील

- यूपी कॉप, ट्विटर, व्हाट्सअप समेत अन्य माध्यमों के बारे में दी गई जानकारी
- व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर नाइट विजन सीसीटीवी कैमरे लगवाने की भी अपील

# बालू खनन की रंजिश में हत्या का केस

**हिन्दुस्तान फॉलोअप**

**कुदरहा (बस्ती) | हिन्दुस्तान संवाद**

## कार्रवाई

- महुआपार खुर्द के पास झाड़ी में मिली थी सियाराम की लाश
- बालू खनन को लेकर 15 जुलाई को हुआ था विवाद

कलवारी पुलिस ने बालू खनन की रंजिश में किसान सियाराम की हत्या के आरोप में दो लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। क्षेत्र के महुआपार खुर्द के पास झाड़ी में शनिवार को सियाराम की लाश मिली थी।

थानाध्यक्ष अरविंद कुमार शाही ने बताया कि मृतक के भाई अमरनाथ की तहरीर पर हत्या कर शव छिपाने के आरोप में रामललित निवासी टेंगरिहा बाबू थाना कलवारी और मुकेश चौधरी निवासी महादेवा थाना लालगंज के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी गई है। महुआपार खुर्द निवासी अमरनाथ राजभर ने तहरीर में आरोप लगाया है कि हमारे जमीन में बालू का खदान ठेकेदार रामललित व मुकेश चौधरी करा रहे थे। भाई सियाराम के विरोध करने पर इन लोगों के कुछ सहयोगियों के साथ 15 जुलाई को विवाद हुआ था।

उन लोगों ने अपशब्द कहते हुए जान से मारने की धमकी दी थी। आरोप है कि इसके बाद साजिश के तहत 16 जुलाई को जमीन का कागजात मांगा। वह कागजात लेकर दोपहर करीब तीन बजे महुआपार खुर्द बालू खदान पर गया था। देर शाम तक न लौटने पर खोजबीन करते हुए खदान वाले स्थान पर पहुंचे तो लोगों ने बताया कि आया था, लेकिन वह एक घंटा पहले ही चला गया।

अमरनाथ के अनुसार इसके बाद से उसकी खोजबीन में लगे थे। शनिवार को गांव के चरवाहों से जानकारी हुई कि बालू खदान से करीब 20 मीटर दूरी पर झाड़ी में सियाराम का शव पड़ा है। सूचना पाकर परिजन पहुंचे और थोड़ी देर में पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने दिया था। कलवारी थानाध्यक्ष अरविंद कुमार शाही ने बताया कि आईपीसी की धारा 302 व 201 के तहत रामललित व मुकेश चौधरी के खिलाफ केस दर्ज कर दोनों की तलाश शुरू कर दी गई है।

विक्रमजोत-टूटीभीटी मार्ग पर रानीपुर छत्तर गांव का मामला

# गोलीकांड का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**कार्रवाई**

- गोली लगने से घायल पैतेपुर निवासी जितेन्द्र का लखनऊ में चल रहा है इलाज
- अयोध्या के रहने वाले मुख्य आरोपी सुखराम को पुलिस टीम ने किया गिरफ्तार

घघौवा/छावनी | **हिसं**

जिले के छावनी थानांतर्गत विक्रमजोत-टूटीभीटी मार्ग पर रानीपुर छत्तर गांव के पास युवक को गोली मारने के मुख्य आरोपी सुखराम को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपी सुखराम यादव निवासी ग्राम तिहुरा माझा थाना कोतवाली अयोध्या के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त कट्टा भी बरामद कर लिया गया है।

उनके अनुसार पूछताछ में आरोपी सुखराम ने बताया कि अयोध्या माझा क्षेत्र से अवैध बालू खनन का काम करता है। कभी-कभी बस्ती जनपद मे भी बालू सप्लाई का कार्य करता है। घटना के दिन पैकोलिया थाना क्षेत्र में बालू सप्लाई कर वापस आ रहा था कि जितेन्द्र सिंह उर्फ गुड्डू सिंह मिल गए। जितेन्द्र पूर्व से परिचित था और पैसे की लेन-देन की बात को लेकर कहा-सुनी हो गई। कुछ और लोगों को बुलाया तो जितेन्द्र सिंह बचकर भागना चाह रहा था तो मैंने उसकी पीठ में गोली मार कर दी। छावनी थाना क्षेत्र के पैतेपुर निवासी जितेन्द्र सिंह उर्फ गुड्डू सिंह (32) और उनका छोटा भाई कृष्ण कुमार सिंह उर्फ छोटे 15 जुलाई को ड्राइवर के साथ अपना ट्रैक्टर लेकर इसी थाने के अकवारे गांव में खेत की जुताई के लिए गए थे। दोपहर बाद करीब तीन बजे दोनों उनके गांव के ही रहने वाले विकास सिंह से बाइक पर लिफ्ट लेकर पैतेपुर जा रहे थे। विक्रमजोत-टूटीभीटी मार्ग पर रानीपुर छत्तर के सामने एक बाइक पर सवार दो युवक पहुंचे और उन्हें रोक लिया था। पंकज से बाइक की चाभी लेने के बाद उसे मौके से भगा दिया था।

आरोप है कि जितेन्द्र और कृष्ण कुमार से विवाद के दौरान ही कट्टे से फायर कर दिया गया। गोली जितेन्द्र को सीने में बांयी तरफ लगी और जमीन पर गिर गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जानलेवा हमले व धमकाने का केस दर्ज किया था।

आरोपी सुखराम को टीम ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया। धरपकड़ करने वाली टीम में थानाध्यक्ष आलोक श्रीवास्तव, एसएसआई श्याम मोहन त्रिपाठी, एसआई दुर्गविजय सिंह व कांस्टेबल संजय यादव शामिल रहे।

# युवक को गोली मारने वाला आरोपित गिरफ्तार

जासं, विक्रमजोतः छावनी थानाक्षेत्र के अकवारा चौराहा पर गत 15 जुलाई को पैतेपुर गांव निवासी जितेन्द्र सिंह उर्फ गुड्डू सिंह को गोली मारकर फरार होने वाले आरोपित सुखराम यादव पुत्र लालजी यादव निवासी ग्राम तिहुरा माझा थाना कोतवाली अयोध्या को छावनी पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया। घटना में प्रयुक्त तमंचा भी बरामद कर लिया गया है।

घटना के दिन में तीन बजे जीतेन्द्र सिंह उर्फ़ गुड्डू सिंह,भाई कृष्ण कुमार सिंह और गांव के विकास सिंह के साथ मोटरसाइकिल से अकवारा गांव से अपने घर लौट रहे थे। अभी वह अकवारा चौराहे पर पहुंचे थे, तभी मोटरसाइकिल से अपने साथी के साथ पहुंचे सुखराम यादव ने जीतेन्द्र को रोक लिया। पैसे के लेनदेन को लेकर दोनों में कहासुनी हो गई। मामला बढ़ा तो आरोपित ने तमंचा निकाल लिया। बचने के लिए वह भागा तो आरोपित सुखराम यादव ने जीतेन्द्र सिंह को दौड़ाकर पीछे से गोली मार दी। पीठ में गोली लगते ही जीतेंद्र गिर गए। आसपास के लोग जब तक मौके पर पहुंचते आरोपित भाग निकला। हरिहर सिंह पुत्र शिव नारायण सिंह निवासी ग्राम पैतेपुर की दी गई तहरीर पर पुलिस ने दो अज्ञात के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया था। थानाध्यक्ष आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि घटना की छानबीन में यह तथ्य सामने आया कि आरोपित बालू का अवैध खनन कर जिले में बालू सप्लाई का कार्य करता था। घटना के दिन वह पैकोलिया थाना क्षेत्र में बालू सप्लाई कर वापस लौट रहा था। जितेन्द्र सिंह उर्फ गुड्डू सिंह से पैसे की लेन-देन की बात को लेकर कहासुनी हो गई। आरोपित जितेन्द्र सिंह को गोली मार कर भाग गया।

## दबोचा

- पैसे के लेनदेन में घायल युवक से आरोपित की हुई थी कहासुनी
- घटना में प्रयुक्त तमंचा भी पुलिस ने किया बरामद

## मारपीट में 26 के खिलाफ मुकदमा

बस्तीः पानी का मोटर चलाने को लेकर हुई मारपीट के मामले में एक नामजद व 25 अज्ञात लोगों के खिलाफ सोनहा थाने में बलवा, मारपीट व अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया है। परसाखुर्द बुजुर्ग दरियापुर जंगल टोला विचऊपुर निवासी शिवराम ने पुलिस को दी गई आरोप लगाया है कि गांव के शैलेष व अन्य लोगों ने बिजली के कनेक्शन से मोटर चलाने की बात को लेकर एक राय होकर मारा पीटा।




आरपीएफ बैरक के पास पीपल का पौधा रोपित करते रोटरी क्लब के अध्यक्ष मयंक श्रीवास्तव, आशीष, इंस्पेक्टर नरेंद्र यादव व अन्य • सौ. स्वयं

# रोटरी क्लब ने रेलवे परिसर में किया पौधारोपण

**जासं, बस्ती:** रोटरी क्लब बस्ती मिडटाउन की ओर से पौधारोपण अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में रविवार को रेलवे सुरक्षा बल के साथ मिलकर रेलवे परिसर में पौधारोपण किया गया।

रोटरी अध्यक्ष मयंक श्रीवास्तव ने कहा कि इस वर्ष चलाए जा रहे पौधारोपण अभियान के तहत रोपित किए गए पौधों की सुरक्षा का भी ध्यान रखा जा रहा है। पौधारोपण से पहले इनकी सुरक्षा के लिए लीडरशिप और ओनरशिप तय होनी चाहिए। प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र यादव ने कहा परिसर में लगाए गए पौधों की समुचित देखभाल होगी। रोटेरियन राम विनय पांडेय, देवेंद्र श्रीवास्तव, आशीष श्रीवास्तव, पुनीत पांडेय, दिलीप कुमार, संजय पाल, कमलेश कुमार चौबे, कृष्णमोहन पाठक मौजूद रहे।

# आत्महत्या के लिए उकसाने वाला आरोपित गिरफ्तार

**बभनान :** गौर पुलिस ने किशोरी को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में आरोपित युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने रविवार को आरोपित मुकेश गोस्वामी निवासी पढ़नी थाना कप्तानगंज को गिरफ्तार किया। थानाक्षेत्र की किशोरी कक्षा 11 की छात्रा थी। उसने 11 जुलाई को आत्महत्या कर लिया था। पुलिस को एक सुसाइड नोट मिला था। उसी के आधार पर किशोरी के घरवालों ने मुकेश गोस्वामी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। गिरफ्तारी करने वाली टीम में एसआइ विजयकांत यादव, कमलेश कुमार गौड़ व हेड कांस्टेबल बाबूलाल यादव शामिल रहे।

# किसान की हत्या में ठीकेदार समेत दो पर मुकदमा

**जागरण संवाददाता, गायघाट:** बालू खनन का विरोध करने पर रंजिशन किसान सियाराम की हत्या की गई थी। रविवार को भाई की दी गई तहरीर पर कलवारी पुलिस ने ठीकेदार समेत दो के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया। महुआपार खुर्द के पास झाड़ी में शनिवार को पुलिस ने शव बरामद किया था।

थानाध्यक्ष अरविंद कुमार शाही ने बताया कि मृतक के भाई अमरनाथ की तहरीर पर हत्या कर शव छिपाने के आरोप में रामललित निवासी टेंगरिहा बाबू थाना कलवारी और मुकेश चौधरी निवासी महादेवा,थाना लालगंज के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर छानबीन की जा रही है। रविवार को फोरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची और साक्ष्य एकत्रित किए।

तहरीर में आरोप लगाया गया है कि ठीकेदार रामललित व मुकेश चौधरी उसकी जमीन में बालू खनन करा रहे थे। दिवंगत सियाराम के विरोध करने पर 15 जुलाई को विवाद हुआ था। ठीकेदार और उनके लोगों ने अपशब्द कहते हुए जान से मारने की धमकी दी थी। आरोप है साजिश के तहत 16 जुलाई को जमीन के कागजात मांगे गए। वह कागजात लेकर दिन में तीन बजे महुआपार खुर्द बालू खदान पर गया था। घरवालों का कहना है कि देर शाम तक जब वह नहीं लौटा तो खोजबीन की जाने लगी। वह लोग बालू खदान वाले स्थान पर गए तो बताया गया कि सियाराम आया था, लेकिन वह एक घंटा पहले ही चला गया। दिवंगत के भाई अमरनाथ ने बताया वह लोग खोजबीन में लगे थे। गांव के चरवाहों से जानकारी हुई कि बालू खदान से करीब 20 मीटर दूरी झाड़ी में सियाराम का शव पड़ा है। सूचना पाकर वह लोग पहुंचे। थोड़ी ही देर में पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। शव बरामद किए जाने के बाद से ही हत्या किए जाने के आरोप लगाए जाने लगे।

## कार्रवाई

- कलवारी के महुआपार खुर्द के पास झाड़ी में मिला था सियाराम का शव
- 15 जुलाई को वालू खनन को लेकर हुआ था विवाद

### अपहृत किशोरी बरामद

**गोटवा:** नगर पुलिस ने अपहृत की गई किशोरी को बरामद कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता के पिता ने तहरीर में आरोप लगाया था कि उसके रिश्तेदारी में रहने वाला रोहन गुप्ता निवासी कोदवट थाना महुली जनपद संतकबीरनगर उसकी 17 वर्षीय बेटी को बहला-फुसलाकर अपहृत कर लिया।

# अगवा किशोरी मिली, आरोपित गिरफ्तार

**नगर बाजार/बस्ती।** पुलिस ने बहला फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में वांछित आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके साथ मिली किशोरी को मेडिकल परीक्षण के बाद परिजनों को सौंप दिया। नगर थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी शख्स ने पुलिस को दिए तहरीर में आरोप लगाया था कि रिश्तेदारी का लड़का रोहन निवासी कोदवट थाना महुली जनपद संतकबीरनगर उसकी 17 वर्षीय बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले गया है। थाना प्रभारी नगर अरविंद कुमार कोरी ने बताया कि रविवार को पुलिस को सूचना मिली किशोरी को भगा ले जाने के मामले में का आरोपित रोहन गुप्ता और किशोरी फुटहिया के पास भी है, पुलिस ने दोनों को पकड़ लिया। संवाद

# एसपी ने ऑॉडिटोरियम में की बैठक नाइट विजन कैमरे लगवाने की अपील

**बस्ती।** पुलिस लाइंस स्थित ऑडिटोरियम में रविवार को व्यापारियों के साथ एसपी आशीष श्रीवास्तव ने बैठक की। जिसमें सुरक्षा संबंधी तमाम सुझाव दिए और अपील किया कि विभागीय स्तर पर विभिन्न सोशल एप पर प्रदान की गई सुविधाओं के प्रति जागरूक हों। कहाकि अपने प्रतिष्ठानों के सामने नाइट विजन कैमरा लगवाएं। व्यापारियों ने भी विभिन्न मुद्दों पर अपनी समस्याएं रखी और सुझाव दिए। एसपी ने कहा कि आपराधिक घटनाओं के रोकथाम व खुलासे के लिए उनका सहयोग अनिवार्य है। दुकानों पर सीसीटीवी कैमरे जरूर लगवाएं। नाइन विजन कैमरे से रात में होने वाली घटनाओं के खुलासे में काफी मदद मिल सकती है। टप्पेबाजों से सावधान रहने की अपील करते हुए कहा कि यूपी कॉप एप का प्रयोग करें। किसी तरह की सूचना इसके जरिए प्रदान की जा सकती है। साथ ही कोई भी घटना घटित होने पर फोन के साथ ही व्हाट्सअप, ट्वीटर व अन्य सोशल एप के माध्यमों से तत्काल सूचना दें। बैठक में एएसपी दीपेंद्र नाथ चौधरी, सीओ सिटी शक्ति सिंह, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली मनोज त्रिपाठी व बस्ती के व्यापार संगठन के पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया।

व्यापारियों में व्यापार मंडल संगठन के जगदीश अग्रहरी, अभिषेक गुप्ता, गिरधारी लाल साहू, व्यापार मंडल अध्यक्ष आदित्य गोस्वामी, राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, राधेश्याम जायसवाल, सर्राफा व्यापार मंडल से कुंदन वर्मा, प्रमोद सिंह व अन्य मौजूद रहे। संवाद

# आत्महत्या को प्रेरित करने का आरोपी गिरफ्तार

**बभनान।** गौर पुलिस ने एक किशोरी को आत्महत्या के लिए प्रेरित करने के मामले में आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है।

गौर पुलिस ने रविवार को आरोपी मुकेश गोस्वामी निवासी पढ़नी थाना कप्तानगंज को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। गौर थानांतर्गत एक गांव में एक किशोरी कक्षा 11 की छात्रा थी। उसने 11 जुलाई को आत्महत्या कर ली थी।

पुलिस के हाथ एक सुसाइड नोट लगा था। इसके आधार पर किशोरी के घरवालों ने मुकेश गोस्वामी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। संवाद

# गोली मारने वाला आरोपित गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

### विक्रमजोत-टूटी भीटी मार्ग पर रानीपुर छत्तर गांव के पास की घटना

### गोली से घायल पैतेपुर निवासी जितेंद्र का लखनऊ में चल रहा है इलाज

**विक्रमजोत।** जिले के छावनी थानांतर्गत विक्रमजोत-टूटीभीटी मार्ग पर रानीपुर छत्तर गांव के सामने युवक को गोली मारने का आरोपित सुखराम निवासी तिहुरा माझा थाना कोतवाली अयोध्या को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया।

उसके पास से घटना में कट्टा 315 बोर व कारतूस भी बरामद किया गया है। उसने कबूल किया कि लेनदेन के विवाद में गोली मारी थी। थानाध्यक्ष आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि घायल जितेंद्र उर्फ गुड्डू सिंह के पिता हरिहर सिंह की तहरीर पर दुर्गागंज माझा निवासी सुखराम के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। घटनाक्रम के मुताबिक छावनी थानाक्षेत्र के पैतेपुर निवासी जितेंद्र (32) और उनका छोटा भाई कृष्ण कुमार सिंह उर्फ छोटे बृहस्पतिवार को ड्राइवर के साथ अपना ट्रैक्टर लेकर अकवारे गांव में खेत की जुताई करने गए थे।

दोपहर करीब तीन बजे दोनों उनके गांव के ही रहने वाले विकास

पैतेपुर जा रहे थे। विक्रमजोत-टूटीभीटी मार्ग पर रानीपुर छत्तर के सामने एक बाइक पर सवार दो युवक पहुंचे और उन्हें रोक लिया। पंकज से बाइक की चाभी लेने के बाद उसे मौके से भगा दिया था। आरोप है कि जितेंद्र और कृष्ण कुमार से विवाद के दौरान ही कट्टे से फायर कर दिया गया।

गोली जितेंद्र को सीने में लगी और जमीन पर गिर गया। इसके बाद दोनों विक्रमजोत की तरफ भाग निकले थे। कृष्ण कुमार घायल भाई को सीएचसी विक्रमजोत ले गया, जहां से पहले अयोध्या और फिर लखनऊ रेफर कर दिया गया था। पकड़े गए सुखराम ने कबूल किया कि वह बालू खनन कर बेचने का काम करता था। उसी विवाद में घटना को

# SIDDHARTH NAGAR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 19-07-2021

राकेश दुबे सहित

# त्योहारों को लेकर हुई पीस कमेटी की बैठक

**परसा।** बकरीद, नागपंचमी एवं मोहर्रम आदि त्यौहारों को लेकर उपजिलाधिकारी शोहरतगढ़ शिवमूर्ति सिंह के अध्यक्षता में ढेबरुआ थाने पर पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें सभी से त्यौहारों को आपस मे मिल जुलकर मनाने की अपील की। ढेबरुआ थाने में आगामी त्योहारों ईद-उल-जुहा, श्रावण मास, नागपंचमी, रक्षाबंधन तथा 15 अगस्त को लेकर विचार विमर्श किया गया। सीओ प्रदीप कुमार यादव ने कहा कि सामूहिक रूप से या फिर खुले आसमान के नीचे कुर्बानी न दे। एसओ दिनेश चंद्र चौधरी ने कहा कि शासन के दिशानिर्देश का शत प्रतिशत पालन करें। मीटिंग के दौरान सोशल डिस्टेंसिंग की जमकर धज्जियां उड़ाई गई। इस दौरान बढ़नी चौकी प्रभारी विक्रम अजीत राय, रतीश चंचल पांडेय, सहित प्रधान किस्मत अली, दिलीप पांडेय, यशोदानंद मिश्रा, महेश यादव, रामजी यादव, जाकिर हुसैन, अब्दुल्लाह बुखारी, गुलाम रसूल, हामिद हसन, रामविनेश निषाद, अनिल वर्मा, रामसूरत, इरशाद अहमद, गयासुद्दीन खान आदि उपस्थित रहे।

# सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाएं पर्व : एसडीएम

**बानगंगा (एसएनबी)**। शोहरतगढ़ थाना परिसर में शनिवार को पीस कमेटी की बैठक की गई। बैठक में आगामी त्योहारों बकरीद, नागपंचमी, श्रावण मास, कावड़ यात्रा, रक्षाबंधन एवं 15 अगस्त को लेकर को दोनों समुदायों के संभ्रांत लोगों के बीच शांतिपूर्ण माहौल में पर्व संपन्न कराने को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान अधिकारियों ने सभी से त्योहारों को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की। साथ ही कोविड-19 को दृष्टिगत रखते हुए सामजिक दूरी व मास्क लगाकर त्यौहार मनाने का निर्देश दिया गया। बैठक में लोगों को बाइक चलाते समय हेलमेट लगाने, तीन सवारी न चलने एवं चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाने को कहा गया। इस दौरान उपजिलाधिकारी शोहरतगढ़ शिवमूर्ति सिंह, सीओ प्रदीप कुमार यादव, थानाध्यक्ष शोहरतगढ़ राजेन्द्र बहादुर सिंह समेत क्षेत्र के तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे।

आमने-सामने अभियान

# प्रार्थनापत्रों पर की गई कार्रवाई

**सिद्धार्थ नगर (एसएनबी)**। आमने-सामने अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक सुरेश चंद्र रावत ने सदर थाने पर पुलिस को दिए गए जांच प्रार्थना पत्रों पर असंतुष्ट शिकायत करता को जांच अधिकारियों के समक्ष बैठा कर प्रार्थना पत्रों में की गई कार्यवाही का परिशीलन किया।

अभियान के दौरान 1 जनवरी से अब तक कुल 46 असंतुष्ट शिकायतकर्ता उपस्थित हुए। शिकायतकर्ता व जांच करता को सुनने के पश्चात 17 व्यक्ति संतुष्ट होकर पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही से संतुष्ट होने का लिखित दिया। 13 प्रकरण सिविल न्यायालय से संबंधित पाए गए जिनमें आवेदकों को न्यायालय में पैरवी हेतु निर्देशित किया गया। 12 प्रकरण बंटवारे व जमीन संबंधी विवाद के थे जो अग्रिम थाना दिवस को संदर्भित किए गए। 5 शिकायतकर्ता अभियुक्तों के पक्ष के थे इनकी शिकायत गलत पाई गई। इसके पश्चात समस्त कर्मचारियों- अधिकारियों का सम्मेलन करके सभी को निष्पक्ष व तथ्यपरक जांच किए जाने हेतु निर्देशित किया गया।



आमने-सामने अभियान के तहत प्रार्थनों की जांच कराते अपर पुलिस अधीक्षक। फोटो : एसएनबी

# बैठक संपन्न

खेसरहा । स्थानीयाना पर शनिवार को शांति कमेटी की बैठ का आयोजन किया गया। ज्वाइंमजिस्ट्रेट जग प्रवेश एवं सीओ अरुण र की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्र में बकरीद और कावड़ यात्रा को कर कार्यक्रम में उपस्थित सभी लों से चर्चा की गई। सीओ अरुण च ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के आदेशुसार ही यात्रा समपन्न होगी। ईद उलजहा त्योहार को परम्परागत तर्क से ही मनाया जाय। साफ सफाई का पृध्यान रखा जाय। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट जप्रवेश ने बताया कि कोरोना महामारी केखते हुए त्योहार में ज्यादा भीड़ भाड़ होने पाए। ईदगाह में नवाज के बारे में आत कराया जाएगा। इस अवसर प्रभारी निरीक्षक खेसरहा रविन्द्र कुर सिंह सहित क्षेत्र के धर्म गुरु, गणमान्य तमाम प्रधानगण भी मौजूद रहे।

# सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाये त्योहार

**बांसी ।** आगामी बकरीद त्योहार व श्रावण मास को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए रविवार की शाम कोतवाली परिसर मे पीस कमेटी की बैठक सम्पंन्न हुई । बैठक मे त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराये जाने व कोविड नियमो का पालन क के लिए क्षेत्र के ग्राम प्रधान ग्रा , धर्म गुरुओं, सम्भ्रान्त व्यक्ति , पत्रकार , चौकीदार व एस 10 के सदस्यो से वार्ता किया गया। बैठक मे तय हुआ कि बकरीद की नमाज ईाह मे न होकर मस्जिदों मे सीमित संख्या मे कोविड 19 गाईड लाइन के अनुसार पढ़ी जाय। इस अवसर पर सी ओ अरुण चंद्र ने सभी से शान्ति पूर्ण तरीके से सौहार्द कायम रखते हुए तथा कोविड नियमो का पालन करते हुए त्यौहार को मनाने की अपील की किया । कोतवाल छत्रपाल सिंह ने लोगो से सौहार्दपूर्ण महौल मे त्योहार मानने की अपील किया । इस अवसर पर एस आई शशांक सिंह, मौलाना अब्दुल करीम,अब्दुल हकीम, अब्दुल नईम,डा़आब्दी,हरीश चंदवानी, मोहम्मद शफीक, अनिल सिंह,सभासद बजरंगी बर्मा, पप्पू काफी, धर्मेंद्र कुमार, हरगोविंद साहू, हरिशंकर चौरसिया, गिरीश चंद्र पान्डये सहित तमाम लोग मौजूद थे।

# बैठक में आगामी त्योहारों को लेकर विचार-विमर्श

**इटवा ।** आगामी बकरीद तथा श्रावण मास का त्योहार सभी लोग कोविड की गाइड लाइन का पालन करते हुए मनाएं। कोरोना को देखते हुए कांवर यात्रा पर रोक है। बकरीद त्योहार पर भी सामूहिक नमाज नहीं होगा। उक्त बातें सीओ रमेश चंद्र पांडेय ने इटवा थाने पर आयोजित पीस कमेटी की बैठक में दी है ।उन्होंने बताया कि दोनों त्योहारों में नई परंपरा नहीं होगी। सभी लोग कोरोना बीमारी के गाइड लाइन का पालन अवश्य करें। प्रभारी निरीक्षक ज्ञानेंद्र कुमार राय ने भी लोगों से शांति से त्योहार मनाने की अपील की। इस अवसर पर तहसीलदार इटवा अरविंद कुमार ने उपस्थित लोगों से तहसील से संबंधित समस्याओं के बारे में जानकारी प्राप्त कर उसका समाधान शीघ्र करने का आश्वासन दिया। इस बैठक में पीस कमेटी के सदस्यों के अलावा भारी संख्या में क्षेत्र के संभ्रांत लोगों के अलावा ग्राम प्रधान भी मौजूद रहे। हमारे बढ़या प्रतिनिधि के अनुसार मिश्रौलिया थाने पर भी पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई।

# सौहार्दपूर्ण वातावरण में मिलजुल कर मनाएं त्योहार

**खुनुवा ।** शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र अन्तर्गत रविवार को खुनुवा चौकी के परिर में आयोजित शांति कमेटी की बैठक चौकी प्रभारी सभाशंकर यादव की अध्यक्षता में हुई,जसमें आगामी त्यौहारों ईद-उल-जुहा, श्रावण मास, नाग पंचमी, रक्षाबंधन एवं 15 अस्त पर्व को शांतिपूर्वक आपसी मेलजोल व भाईचारे की भावना के साथ मनाने की बात ही गयी।इस दौरान चौकी प्रभारी सभाशंकर यादव, डा. पवन मिश्रा, विन्ध्याचल गिरि, सद्दाम्करम हुसेन, संजय, अ. रहमान, फते मो, मधुरश्याम गिरि, गंगाधर मिश्र, जगन्नाथ मिश्र , सुनीलमिश्र, श्याम सुन्दर, दुर्गा प्रसाद, चंचल, आदि लोग मौजूद रहे।

# फर्जी रेलवे टिकट बनाने के आरोप में एक दबोचा

भारतभारी | हिन्दुस्तान संवाद

डुमरियागंज थाना क्षेत्र के भारतभारी चौराहे पर स्थित एक आईआरसीटीसी टिकट बनाने वाले एजेंट की दुकान पर रविवार को गोरखपुर से आई सीआईबी टीम ने स्थानीय पुलिस के साथ छोपेमारी कर कागजात व कंप्यूटर आदि सामानों के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। उस पर रेलवे की साइट को हैक कर फर्जी तरीके से टिकट बनाने का आरोप है।

डुमरियागंज थाना प्रभारी इंस्पेक्टर शैलेश कुमार सिंह ने बताया कि गोरखपुर से सीआईबी की टीम का नेतृत्व कर रहे एसएचओ देवेन्द्र प्रताप सिंह, सहायक उप निरीक्षक धीरेन्द्र प्रताप सिंह के साथ तीन सदस्यीय टीम आई थी। टीम ने स्थानीय पुलिस के साथ

## शिकंजा

- सीआईबी की टीम ने डुमरियागंज थाना क्षेत्र के भारतभारी चैराहे पर एक दुकान में की छापेमारी
- कागजात, कंप्यूटर व अन्य सामानों के साथ दुकान मालिक को किया गिरफ्तार

भारतभारी स्थित आकाश कुमार जायसवाल पुत्र चन्द्र प्रकाश जायसवाल की दुकान पर छापा मारा। आकाश पर टिकट की बुकिंग के समय साइट हैक कर टिकट बनाने का आरोप है। टीम ने उसे फर्जी कागजात और कम्प्यूटर आदि सामान के साथ गिरफ्तार कर लिया और पूछताछ करने के लिए गोरखपुर लेकर चली गई।

# बैठक में पुलिस ने पढ़ाया शांति का पाठ

इटवा | **हिन्दुस्तान संवाद**

बकरीद और सावन मास को लेकर रविवार को इटवा थाने पर तहसीलदार अरविंद कुमार की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक हुई। इसमें शामिल हुए इलाके भर के सम्भ्रांत लोगों को पुलिस ने शांति व्यवस्था बनाए रखने का पाठ पढ़ाया और त्योहारों को शांति पूर्वक निपटाने की अपील की।

सीओ रमेश चन्द पाण्डेय ने कहा कि कोरोना महामारी को देखते हुए नियमों की लक्ष्मण रेखा के भीतर रहकर त्योहारों को शांतिपूर्ण तरीके से निपटाना है। इसमें किसी प्रकार की नई परम्परा की शुरुआत नहीं होनी चाहिए। त्योहरों में कुछ आराजकतत्व माहौल बिगाड़ने का काम करते हैं। सभी लोग ऐसे लोगों से सजग रहें। पुलिस ऐसे लोगों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई करेगी। किसी को भी मनमानी करने की छूट नहीं दी जाएगी। इंस्पेक्टर ज्ञानेन्द्र राय ने कहा कि पुलिस टीम पूरी तरह तैयार है। छोटी से छोटी बात को भी काफी गंभीरता के साथ लिया जा रहा है। त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से निपटाने में जन सामान्य का काफी सहयोग होता है। अपने आसपास की हर गतिविधि पर नजर रखते हुए पुलिस को तत्काल सूचित करें।

## भाईचारे के साथ मनाएं त्योहार: जयप्रकाश

**बर्डपुर।** मोहाना थाना परिसर में रविवार को पीस कमेटी की बैठक हुई। इसमें सभी से शांतिपूर्वक व भाईचारे के साथ त्योहार मनाने को कहा गया। साथ ही कोरोना को लेकर जारी दिशा निर्देशों का पालन करने को कहा गया। थानाध्यक्ष ने लोगों से अपील की कि जो लोग अब तक कोरोना से बचाव का टीका नहीं लगवा पाए हैं वे जरूर लगवा लें। साथ ही अपने क्षेत्र के लोगों को टीकाकरण के लिए जागरूक करें। उन्होंने कहा कि आगामी त्योहार बकरीद व सावन महीना आ रहा है। इसको शांतिपूर्वक मनाया जाए। उन्होंने कहा कि त्योहारों में खलल डालने वालों से पुलिस सख्ती से निपटेगी।

# 46 मामलों में दोनों पक्षों को बुलाया, 17 का निस्तारण




सदर थाना में पीड़ितों की फरियाद सुनते एएसपी सुरेश चंद्र रावत (मध्य में) ● जागरण

**जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर:** एएसपी सुरेश चंद्र रावत ने सदर पुलिस के मामलों की जांच की क्रास चेकिंग की। थाने से असंतुष्ट होकर उच्चाधिकारियों के पास शिकायत करने वाले 46 मामलों में दोनों पक्षों को थाने पर बुलाया। अलग- अलग सभी से बात की। इसके बाद पुलिस की जांच रिपोर्ट का अध्ययन किया। बातचीत के जरिये 17 मामलों में दोनों पक्षों ने विवाद को खत्म करते हुए लिखित समझौता किया। बंटवारा से जुड़े 12 मामलों को थाना दिवस में संदर्भित किया गया।

सदर थाने में एएसपी ने बुलाए गए सभी पक्षों से कहा कि पीड़ित होने पर थाने पर शिकायत करें। इंटरनेट मीडिया के जरिये भी समस्याओं से अवगत करा सकते हैं। सभी को न्याय दिलाना पुलिस का दायित्व है। उन्होंने पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया कि शिकायतों की जांच में पक्षपात पूर्ण कार्य करने का मामला सामने आया तो संबंधित बीट अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। कहा कि जांच में सभी तथ्यों को शामिल करें। एसओ डीके सिंह, चौकी प्रभारी जेल हरेंद्र नाथ राय,उपनिरीक्षक चंदन,राकेश त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## निरीक्षण

- एएसपी ने की मामलों की जांच की क्रास चेकिंग
- बंटवारे से जुड़े 13 प्रकरण थाना दिवस को संदर्भित किए गए

# मनाएं त्योहार, कोविड प्रोटोकाल का रखें ध्यान



पीस कमेटी की बैठक को संबोधित करते एसओ जय प्रकाश दुबे (दाएं) ● जागरण

जासं, इटवा, सिद्धार्थनगर : बकरीद पर्व एवं श्रवण मास को लेकर इटवा थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक हुई। इसमें नागरिकों से सौहार्द बनाए रखने व शांति व्यवस्था में सहयोग की अपील की गई। त्योहार कोविड प्रोटोकाल को ध्यान में रख मनाने पर विशेष जोर दिया गया।

पुलिस क्षेत्राधिकारी रमेश चंद्र पाण्डेय ने कहा कि बकरीद की नमाज कोरोना नियमों के दायरे में ही मनाई जाए। जो प्रतिबंधित जानवर है, उनकी कुर्बानी किसी भी दशा में न की जाए। श्रवण मास भी करीब है, कांवड यात्रा को लेकर सरकार की ओर से जो निर्देश दिए गए हैं, उसका पालन किया जाए। तहसीलदार अरविंद कुमार, प्रभारी निरीक्षक ज्ञानेंद्र राय, मोहम्मद सलीम, सबूर अहमद, अदालत यादव, महताब, रईस अहमद, अब्दुल कलाम, राम निवास, महेंद्र कुमार, बब्लू सहित तमाम ग्राम प्रधान व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। इसी प्रकार मोहाना व लोटन थाना में पीस कमेटी की बैठक हुई। लोगों से त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की गई। मोहाना थाने में आयोजित बैठक में प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश दुबे, सुद्दोधन चौकी इंचार्ज धर्मेन्द्र कुमार, ककरहवा चौकी इंचार्ज शिव नारायण सिंह, लालपुर चौकी प्रभारी राजकुमार चौधरी, उप निरीक्षक ओमप्रकाश तिवारी, प्रधान संघ ब्लाक अध्यक्ष दिलीप पांडेय, अमजद अली, वैतुल्लाह आदि उपस्थित रहे। लोटन थाने में एसओ अभिमन्यु सिंह के नेतृत्व में पीस कमेटी की बैठक हुई। एस आइराम अशोक यादव, इशांशु , अरविंद पांडेय, पंकज वर्मा, धीरेन्द्रनाथ चौवे आदि मौजूद रहे।

## नेपाली शराब के साथ दो महिलाएं गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर: एसएसबी खुनवा चौकी और पुलिस थाना शोहरतगढ़ के जवानों ने भारत-नेपाल बार्डर से नेपाली शराब के साथ दो महिलाओं को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 160 शीशी नेपाली शराब बरामद हुई है। पकड़ी गई महिलाएं गड़ाकुल की सरिता पत्नी महेंद्र और नीबी दोहनी की उर्मिला पत्नी सुभाष हैं। एसएसबी के कार्यवाहक कमांडेट अमित सिंह ने बताया कि बार्डर पर निरंतर पेट्रोलिंग चल रही है, जिसके तहत दोनों महिला तस्कर पकड़ी गईं। इन्हें शोहरतगढ़ थाना के सुपुर्द कर दिया गया है।

## एक नजर में

### जनपद में 184 वाहनों का चालान

सिद्धार्थनगर : पुलिस ने अभियान के तहत रविवार को विभिन्न स्थानों पर 475 वाहनों की जांच की। कागजात में कमी होने व हेलमेट न लगाने पर 184 वाहनों को चालान किया गया। शमन शुल्क के रूप में 193500 रुपये की वसूली की गई। (जासं)

## तीन परिवार साथ रहने को हुए राजी

सिद्धार्थनगर : महिला थाने में नई किरण का आयोजन किया गया। तीन पत्रावलियां विचार के लिए प्रस्तुत की गईं। आपसी सहमति के आधार पर तीनों परिवार एक साथ रहने को राजी हो गए। एसओ महिला थाना मंजू चौधरी, मुख्य आरक्षी सबिता सिंह, सावित्री तिवारी, निधि सिंह, प्रतिमा सिंह आदि मौजूद रहे। (जासं)

# 'कोविड-19 के प्रोटोकॉल के बीच मनेगा त्योहार'

**लोटन।** ईद-उल-जुहा शांतिपूर्ण और कोरोना प्रोटोकॉल के नियमों के पालन के बीच मनाया जाएं। त्योहार के दौरान शांति व्यवस्था बिगाड़ने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा। यह चेतावनी कोतवाल अभिमन्यु सिंह ने दी।

कोतवाली परिसर में शांति कमेटी की बैठक में प्रभारी निरीक्षक अभिमन्यु सिंह ने अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों से अपील करते हुए कहा कि बकरीद को शांति और सौहार्द के साथ मिलजुल कर मनाएं। इस दौरान किसी नई परंपरा की शुरुआत न की जाए। अगर किसी ने अराजकता फैलाने की कोशिश की तो पुलिस सख्ती से निपटेगी। हरिवंशपुर चौकी प्रभारी राम अशोक यादव समेत इशांशु श्रीवास्तव, नर्वदेश्वर यादव, राकेश यादव, धर्मेंद्र श्रीवास्तव, जमशेद खान, अरविंद मणि त्रिपाठी, प्रदीप मोदनवाल, सुनील सिंह, महबूब खां, हरलाल कन्नौजिया, भालचंद्र, अरबाज खान, अंकित सिंह, गादर खां, रिंकू पांडेय आदि मौजूद थे। संवाद

# मारपीट में पूर्व प्रधान समेत 12 पर मुकदमा दर्ज

**इटवा।** इटवा थाने के ग्राम अकोलिहा में हुए विवाद में पुलिस ने ग्राम निवासी धर्मेंद्र की तहरीर पर 12 आरोपितों पर मुकदमा दर्ज किया है। तहरीर में आरोप लगाया गया है कि प्रधानी चुनाव की रंजिश में शुक्रवार को पूर्व प्रधान शाहिद, मोहम्मद शकील, अकबर अली अपने सहयोगियों श्याम सुंदर, परशुराम, संतराम, रविंद्र, रामफेर, राम समुझ, चंद्रिका, राम प्रकाश और राजू के साथ लाठी, कुल्हाड़ी, सरिया, सब्बल लेकर पहले से घात लगाए बैठे थे। अचानक देखते ही हमला कर दिया। सुनील के पैर में फैक्चर, वीरेंद्र, मुकेश, धर्मेंद्र और ठाकुर प्रसाद के सिर में गंभीर चोटें आईं। थाना प्रभारी ज्ञानेंद्र राय का कहना है कि एससी-एसटी एक्ट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपितों की तलाश की जा रही है। संवाद

# 'कुर्बानी के दौरान सोशल डिस्टेंसिंग का ध्यान रखें'

## ढेबरुआ थाना परिसर में हुई पीस कमेटी की बैठक



ढेबरुआ थाने में बैठक को संबोधित करते सीओ प्रदीप यादव। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**परसा।** कोरोना संकट को देखते हुए घर में रहकर बकरीद पर्व मनाएं। ईद सामूहिक रूप से या फिर खुली जगह पर कुर्बानी न दें। कुर्बानी के दौरान सोशल डिस्टेंसिंग का ध्यान रखें। कुर्बानी के बाद मांस की ढुलाई कर बाहर ले जाना प्रतिबंधित है।

ये बातें उपजिलाधिकारी शोहरतगढ़ शिवमूर्ति सिंह ने कहीं। वह रविवार को ढेबरुआ थाना परिसर में आयोजित पीस कमेटी की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने मौजूद लोगों से सौहार्दपूर्ण रूप से आगामी त्योहारों को मनाने की अपील की। शोहरतगढ़ के सीओ प्रदीप कुमार यादव ने कहा कि सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें। शासन की ओर से जो गाइडलाइन जारी की गई, उसका शत प्रतिशत पालन करें।

ढेबरुआ के एसएचओ दिनेश चंद्र चौधरी ने कहा कि यदि किसी ने गाइडलाइन का उल्लंघन किया तो संबंधित पर कार्रवाई की जाएगी। एसआई रतीश चंचल पांडेय, उपेंद्र सिंह सहित ग्राम प्रधान दिलीप पांडेय, अब्दुल्लाह बुखारी, अब्दुल हमीद, अनवर सादात, गुलाम रसूल, राम विनेश, यशोदानंद मिश्र, महेश यादव, रामजी यादव, जाकिर हुसैन उपस्थित थे।

### 'विवाद की आशंका पर समय से जानकारी दें'

**इटवा।** इटवा थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक हुई। तहसीलदार अरविंद कुमार ने कहा कि इस क्षेत्र के हिंदू, मुस्लिम समुदाय के लोग मिलकर दोनों वर्गों के त्योहारों को मनाते आए हैं। यहां कभी कोई विवाद नहीं रहा। यदि किसी तरह का कोई विवाद संज्ञान में आए तो फौरन अवगत कराएं। सीओ रमेश चंद्र पांडेय ने कहा कि ईद की तरह बकरीद पर भी समूह में नमाज अथवा समूह में कांवड़ यात्रा की इजाजत नहीं है। एसओ ज्ञानेंद्र राय ने कहा कि किसी अवांछनीय गतिविधियों के होने पर इसकी सूचना अवश्य दें। उन्होंने कहा कि त्योहारों में अराजक तत्वों की ओर से पैदा की जाने वाली किसी तरह की कोई खलल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एसआई राम कृपाल मौर्या, सिधारी भारती, कौशल पांडेय, अरुण कुमार द्विवेदी, राम निवास यादव, मोहम्मद सलीम, रईस अहमद, अदालत यादव भी मौजूद रहे। संवाद

# शांतिपूर्ण माहौल में त्योहार मनाने की अपील

**बर्डपुर।** मोहाना थाना परिसर में आगामी त्योहार, बकरीद, रक्षाबंधन को देखते हुए थाना क्षेत्र के संभ्रात व्यक्तियों के साथ थानाध्यक्ष जय प्रकाश दुबे ने पीस कमेटी की बैठक की। उन्होंने सभी से शांतिपूर्ण माहौल में त्योहार मनाए जाने की अपील की। कपिलवस्तु कोतवाली प्रभारी महेश सिंह, सुद्दोधन चौकी प्रभारी धर्मेंद्र यादव, उपनिरीक्षक ओम प्रकाश तिवारी, दिनेश चंद्र यादव, देशदीपक सिंह, हरिकेश यादव, शत्रुघ्न मद्धेशिया, विकास सिंह, रामहरी, प्रधान संघ अध्यक्ष दिलीप पांडेय, हजरत अली, बैतुल्लाह, अनिल कुमार उपस्थित थे। संवाद

SANT KABEER NAGAR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 19-07-2021

# शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं त्योहार

सांथा (एसएनबी)। रविवार को बकरीद के त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर पीस कमेटी के बैठक का आयोजन किया गया बैठक में शांतिपूर्वक त्योहार मनाने की अपील की गई। बैठक को संबोधित करते हुए एसडीएम अजय कुमार त्रिपाठी ने कहा कि बकरीद त्योहार नजदीक है सभी लोग मिलजुलकर शांतिपूर्वक त्योहार मनाएं जिससे किसी प्रकार की समस्या न हो इस दौरान कहीं से कोई समस्या हो तो तुरंत सूचना दें जिस पर कार्रवाई की जा सके। सीओ अम्बरीश भदौरिया ने कहा कि बकरीद त्योहार में उत्पात मचाने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई किये जाने के निर्देश दिए गए हैं। इसलिए सबका सहयोग करते हुए त्योहार मनाएं तथा शांति सौहार्द के बीच आपसी भाईचारा के साथ त्योहार मनाएं। ऐसा कोई भी कार्य न करें जिससे किसी की भावना को ठेस लगे। उन्होंने कहा क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों से मुलाकात कर माहौल को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण बनाये रखने की दिशा में सकारात्मक कदम उठाएं। कोई नई परम्परा न शुरु होने पाये, एक दूसरे की भावनाओं का आदर करते हुए शांतिपूर्वक माहौल में त्योहार मनाएं। इस दौरान एसओ अनिल कुमार दूबे, एसआई सदरुल आलमीन, राकेश चौधरी, अहमद सुहेल रहमानी, शकील अहमद, रबीउल अव्वल अंसारी, लड्डन चौधरी, राजेश कुमार, जाहिद, विश्वनाथ मौर्य , अबरार अहमद सकील अंसारी, राजू आदि लोग मौजूद रहे।

# दंपति के बीच वर्षों का विवाद हुआ खत्म

संतकबीरनगर( एसएनबी)। साथ-साथ कार्यक्रम का आयोजन परिवार परामर्श केन्द्र महिला



थाना पर प्रभारी निरीक्षक महिला थाना डॉ. शालिनी सिंह एवं नियुक्त सदस्य रिफातुल्लाह अंसारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। जिसमें कुल 4 मामले आये। सभी मामलों में सुलह-समझौता करवाया गया। प्रभारी निरीक्षक महिला थाना डा. शालिनी सिंह ने बताया कि श्रीमती साजिया खातून पुत्री यूसुफ खान निवासी ग्राम सुरैना थाना धनघटा (संतकबीरनगर) व द्वितीय पक्ष मेहताब खान पुत्र आबाद खान निवासी ग्राम बढ़यापार थाना सिकरीगंज जनपद गोरखपुर के मध्य करीब 04 वर्षो से टूटने की कगार पर था। दोनों पक्षों को काफी समझाने-बुझाने के उपरान्त दोनों पक्ष एक साथ खुशी-खुशी रहने को तैयार हुए। वहीं श्रीमती जुबैदा खातून पुत्री हबीबुल्लाह निवासी बसडीला थाना दुधारा व द्वितीय पक्ष अब्दुल अली पुत्र एजाज अहमद निवासी बसडीला थाना दुधारा के मध्य करीब 03 वर्षो से आपसी पारिवारिक विवाद के कारण इनका रिश्ता टूटने की कगार पर था। दोनों पक्षों को काफी समझाने-बुझाने के उपरान्त दोनो पक्ष एक साथ खुशी-खुशी रहने को तैयार हुए। उन्होंने बताया कि श्रीमती तस्लीमुन्निशा पत्नी अख्तर हुसैन निवासी पिपरा बोरिंग थाना दुधारा व ,द्वितीय पक्ष अख्तर हुसैन पुत्र हकीबुल्लाह निवासी पैड़ी थाना दुधारा बीच करीब 05 वर्षो से आपसी पारिवारिक विवाद के कारण इनका रिश्ता टूटने की कगार पर था दोनों पक्षों को काफी समझाने बुझाने के उपरान्त दोनों पक्ष में सुलह-समझौता कराया गया। श्रीमती प्रियंका पत्नी अनिरुद्ध प्रजापति निवासी पिड़ारी पूर्वी मोलनापुर थाना महुली व द्वितीय पक्ष अनिरुद्ध प्रजापति पुत्र श्रीलाल निवासी उपरोक्त के मध्य करीब 7 वर्षो से आपसी पारिवारिक विवाद के कारण इनका रिश्ता टूटने की कगार पर था। दोनों पक्ष अब एक साथ रहने को तैयार हैं।

# थानों पर हुई शांति कमेटी की बैठक

**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** जिला मजिस्ट्रेट श्रीमती दिव्या मित्तल एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ गत 15 जुलाई को जनपद स्तरीय शांति कमेटी की बैठक कर आगामी बकरीद त्यौहार पर आवश्यक दिशा निर्देश उपजिलाधिकारियों, तहसीलदारों, सर्किल अफसरों एवं थानाध्यक्षों को दिया था। जिसके क्रम में जनपद के तीनों तहसीलों में उप जिलाधिकारी एवं सीओ ने संबंधित थानाध्यक्षों के साथ शांति कमेटी की बैठक कर अपील की है कि बकरीद त्यौहार को कोविड प्रोटोकाल का पालन करते हुए सौहार्द के साथ मनाएं। एसडीएम खलीलाबाद राज नारायण त्रिपाठी, सीओ सदर अंशुमान मिश्र ने खलीलाबाद तहसील के दुधारा थाना एवं खलीलाबाद कोतवाली में शांति कमेटी की बैठक की।

इसी तरह उप जिलाधिकारी धनघटा योगेश्वर सिंह ने सीओ धनघटा राम प्रकाश के साथ धनघटा तहसील के दो थानों में पीस कमेटी की बैठक कर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के निर्देशों को अवगत कराते हुए शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार मनाये जाने का अपील की। अधिकारियों ने कहा है कि कोविड-19 के निमय की अनदेखी नही होनी चाहिए। **मेंहदावल प्रतिनिधि** के अनुसार मेंहदावल तहसील क्षेत्र के तीन थाना परिसरों में उप जिलाधिकारी अजय कुमार त्रिपाठी ने बकरीद त्यौहार को लेकर पीस कमेटी की बैठक आयोजित की। उप जिलाधिकारी मेंहदावल अजय कुमार त्रिपाठी एवं सीओ मेंहदावल

**डीएम-एसपी के निर्देश पर जनपद के तीनों तहसीलों के एसडीएम-सीओ ने किया कमेटी की बैठक**

अम्बरीश भदौरिया ने कहा कि त्यौहार प्रेम व सौहार्द के प्रतीक होते हैं। त्यौहार सादगी के साथ-साथ भाईचारगी के साथ मनाना चाहिए। बैठक के वाद उप जिलाधिकारी ने थाना परिसर में पौधरोपण भी किया। इस दौरान थानाध्यक्ष जितेन्द्र यादव, प्रभारी निरीक्षक मेंहदावल जयर्वधन सिंह, प्रभारी बेलहर कला अनिल दूबे, एसआई परवीन कुमार, मृत्युजंय सिंह, जुबेर अहमद, सौरभ मिश्रा, कां. संजीव यादव, रत्नेश सिंह, संतोप सिंह, शंकर त्रिपाठी, वीरेन्द्र सिंह समेत अन्य मौजूद रहे। **बखिरा प्रतिनिधि** के अनुसार वखिरा थाना परिसर में रविवार को पीस कमेटी की वैठक में एसडीएम सदर शशांक शेखर राय ने कहा कि आगामी त्योहार को परंपरागत तरीके से मनाएं।सीओ अम्वरीश भदौरिया ने कहा कि अफवाह फ़ैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर थानाध्यक्ष मनोज सिंह, चौकी प्रभारी वखिरा हरेन्द्र पाठक, चौकी प्रभारी दुर्गजोत रमेश यादव, एसआई उदय शंकर द्विवेदी, विजय प्रताप सिंह, हे.कां. सुशील यादव के साथ ही जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि दीनानाथ चौधरी, ग्राम प्रधान चंद्रशेखर चौधरी, जहीरूद्दीन, मो. जाबिर, बब्बू खान, नूरुल्लाह, श्रवण मौर्य, रियाज अहमद, दरगाही, रामलौट अकेला समेत अन्य लोग मौजूद रहे। **सेमरियावां प्रतिनिधि** के अनुसार दुधारा थाना परिसर में बकरीद त्योहार पर आयोजित पीस कमेटी की बैठक को संबोधित करते हुए उप जिलाधिकारी खलीलाबाद राज नरायण त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अंशुमान मिश्र ने कहा कि ईदुल अजहा की नमाज अपने अपने घर पर ही अदा करें।

पिछले ईदुल अजहा के लिए जो निर्देश था वहीं आदेश इस वार भी लागू होगा। इस मौके पर दुधारा थाना प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार पाठक, सपा जिलाध्यक्ष गौहर अली खान, हियुवा नेता छेदी यादव, मुनीरूल हसन चौधरी, मुहम्मद अहमद, उपनिरीक्षक चन्द्रभान सिंह, राम प्रवेश यादव, आनन्द कुमार सिंह, कामेश्वर मिश्रा, इल्ताफुर्रहमान, हाजी शव्वीर अहमद, मुहम्मद हनीफ खान, राम सागर चौधरी, मौलाना उवैदुर्रहमान, प्रदीप पाण्डेय, इकवाल अहमद, हाफिज अव्दुल हक, एजाज अहमद, मुनीर अहमद, मुहम्मद अरमान आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न

मेंहदावल। मेंहदावल थाना परिसर में रविवार को पीस कमेटी की बैठक हुई। बैठक में विभिन्न समुदाय के लोग एकत्रित हुए।

बकरीद, सावन के जलाभिषेक को देखते हुए प्रशासन ने जहां अपनी बात रखी वहीं सभी ने पुलिस प्रशासन से कड़ी सुरक्षा की अपील करते हुए अपनी-अपनी बात रखी। पीस कमेटी की बैठक को सम्बोधित करते हुए एसडीएम अजय कुमार त्रिपाठी ने कहा कि बकरीद व सावन महीने का त्योहार दोनों समुदाय के लोग मानवता का धर्म अपनाकर मनाने में सहयोग करें। सीओ अम्बरीष भदौरिया ने कहा कि हमें कस्बे व आस-पास में भय मुक्त माहौल पैदा करना है, जिससे कि सभी लोग अपने अपने त्योहारों को खुशी से मना सकें और कस्बे में शान्ति का माहौल भी बना रहे। प्रभारी निरीक्षक जयवर्धन सिंह

# विभिन्न मामलों में 17 पर कार्रवाई

**संतकबीरनगर।** जनपद पुलिस ने विभिन्न मामले में 17 लोगों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की। पुलिस मीडिया सेल से मिली जानकारी के अनुसार अपराधियों की धरपकड़ के लिए अभियान चलाया गया। थाना दुधारा पुलिस ने सात, धनघटा पांच और बखिरा पुलिस ने तीन आरोपित को पकड़कर शांति भंग की आशंका में चालान किया। इसके साथ ही थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने एक नाजायज चाकू के साथ राकेश कुमार निवासी सरही को दबोच कर शस्त्र अधिनियम का मामला दर्ज किया। साथ ही महुली पुलिस ने अपहरण व पॉक्सो एक्ट के वांछित अभियुक्त पीरु उर्फ पीर मोहम्मद पुत्र यूनुस निवासी केवाड़ी मुस्तकीम थाना दुबौलिया जनपद बस्ती

# वाहन चेकिंग अभियान चला

संतकबीरनगर। पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस मीडिया सेल से मिली जानकारी के अनुसार जिले की पुलिस ने वाहनों की सघन जांच पड़ताल की। सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस ने बैंक, वाहन व व्यक्तियों की धरपकड़ के लिए चेकिंग की। चेकिंग के दौरान समस्त एसओ व प्रभारी यातायात संयुक्त पुलिस टीम ने मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत कड़ी कार्रवाई की। यातायात नियम का उल्लंघन करने के मामले में 175 वाहन स्वामियों से ?1.64 लाख शमन शुल्क वसूल किया।

# बिना मास्क वालों से भरवाया जुर्माना

संतकबीरनगर। जनपद पुलिस ने बिना मास्क के घूम रहे लोगों से जुर्माना भरवाया। पुलिस मीडिया सेल से मिली जानकारी के अनुसार कोविड-19 के संक्रमण को रोकने के लिए बिना मास्क के घूम रहे लोगों के विरुद्ध जांच अभियान चलाया गया।

जनपद के तीनों सर्किलों के सभी थानों में लोगों को सोशल डिस्टेंसिंग अपनाने, हाथ धोने आदि के सम्बन्ध में जागरूक किया। इसके साथ ही अभियान चलाकर बिना मास्क के घूम रहे 31 व्यक्तियों से 4600 रुपए चालान वसूल किया।

# आपसी भाईचारा के बीच मनाएं बकरीद का त्योहार

जागरण संवाददाता, मेंहदावल, संतकबीर नगर: सांथा ब्लाक के सभागार, मेंहदावल, धर्मसिंहवा व दुधारा थाने पर रविवार को पीस कमेटी की बैठक हुई। सभी से आपसी भाईचारा के बीच बकरीद का त्योहार मनाने की अपील की गई। शांति व्यवस्था में खलल डालने वालों के साथ सख्ती से पेश आने की बात कही गई।

सांथा ब्लाक के सभागार में आयोजित पीस कमेटी की बैठक में एसडीएम अजय कुमार त्रिपाठी ने लोगों से कोई नई परंपरा कायम न करने और शांतिपूर्ण माहौल में पर्व मनाने की बात कही। सीओ अंबरीश भदौरिया ने कहा कि कोरोना संकट काल में शारीरिक दूरी का पालन और मास्क का नियमित उपयोग जरूरी है। शांति व्यवस्था में खलल डालने वाले लोगों के साथ पुलिस सख्ती से पेश आएगी। इस दौरान एसओ अनिल कुमार दूबे, एसआइ सदरुल आलमीन, राकेश कुमार चौधरी, अहमद सुहेल रहमानी, शकील अहमद, रबी अव्वल अंसारी, लड्डन चौधरी,राजेश कुमार, जाहिद अली,विश्वनाथ मौर्य, अबरार अहमद, शकील अंसारी, राजू, अतीक अंसारी, दीपक कन्नौजिया आदि मौजूद रहे। मेंहदावल थाने पर एसडीएम अजय कुमार त्रिपाठी व थानाध्यक्ष जयवर्धन सिंह ने पीस कमेटी की बैठक में लोगों से आपसी सौहार्द के बीच पर्व मनाने के लिए कहा। वहीं धर्मसिंहवा थाने पर आयोजित बैठक में एसडीएम अजय कुमार त्रिपाठी, सीओ अंबरीश भदौरिया व थानाध्यक्ष जितेंद्र यादव ने लोगों को संबोधित किया। लोगों से कोरोना गाइडलाइन का पालन करते हुए शांतिपूर्ण माहौल में त्योहार मनाने की अपील की। दुधारा थाने पर आयोजित पीस कमेटी की बैठक को एसडीएम राज नारायण त्रिपाठी ने संबोधित किया। उन्होंने कहा की त्योहार प्रेम व भाईचारे को प्रदर्शित करता है। लोगों को त्योहार मनाना चाहिए। थानाध्यक्ष विनय कुमार पाठक सहित अनेक लोग मौजूद रहे।



मेंहदावल में पीस कमेटी की बैठक को संबोधित करते सीओ अम्बरीश भदौरिया ( मध्य में ),उनके (दाएं) एसडीएम अजय कुमार त्रिपाठी, (बाएं )थानेदार जयवर्धन सिंह • जागरण



दुधारा थाने पर पीस कमेटी की बैठक को संबोधित करते एसडीएम खलीलाबाद ( दाएं से) राज नारायण त्रिपाठी व एसओ विनय कुमार पाठक • जागरण



सांथा ब्लाक सभागार में पीस कमेटी की बैठक को संबोधित करते मेंहदावल सीओ आनंद भदौरिया( मध्य में) उनके ( दाएं )एसडीएम अजय कुमार त्रिपाठी • जागरण

**बैठक**

- सांथा ब्लाक सभागार,मेंहदावल, धर्मसिंहवा व दुधारा थाने पर हुई पीस कमेटी की बैठक
- शांति व्यवस्था में खलल डालने वालों के साथ सख्ती से पेश आने की बात कही गई

# शांति भंग में 15 लोग गिरफ्तार

संतकबीर नगर: पुलिस ने शांति भंग की आशंका में रविवार को 15 लोगों को गिरफ्तार किया है। इसमें दुधारा पुलिस ने सात, धनघटा पुलिस ने पांच तथा बखिरा पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ़्तार किया है।

# चाकू के साथ युवक गिरफ्तार

संतकबीर नगर : कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने रविवार को थानाक्षेत्र के सरही गांव के निवासी राकेश कुमार पुत्र सुलेद को एक चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। कोतवाली प्रभारी मनोज पांडेय ने बताया कि हेड कांस्टेबल अवधेश साहनी व संतोष पटेल ने सूचना पर इन्हें गांव के पास गिरफ्तार किया। इनके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। (जासं.)

# एसडीएम व सीओ ने धर्मसिंहवा थाना में लगाया रुद्राक्ष का पौधा

## जब पर्यावरण सुरक्षित रहेगा तभी जिंदगी रहेगी सुरक्षित

**जागरण संवाददाता, मेंहदावल :** मेंहदावल के एसडीएम अजय कुमार त्रिपाठी व सीओ अंबरीश भदौरिया रविवार को धर्मसिंहवा थाने में पहुंचे। इन दोनों अधिकारियों ने थाना परिसर में रुद्राक्ष का पौधा लगाया।

एसडीएम ने कहा कि कोरोना काल में आक्सीजन की कमी से लोगों की मौतों ने पर्यावरण की महत्ता का अहसास कराया है। इसलिए अधिक आक्सीजन देने वाले वाले पौधों को जरूर लगाना चाहिए।

सीओ ने कहा कि जब पर्यावरण सुरक्षित रहेगा तभी जिंदगी सुरक्षित रहेगी। पौध लगाना पुनीत कार्य है। इस दौरान अवसर पर थानाध्यक्ष जितेंद्र यादव सहित अन्य पुलिस कर्मी, चौकीदार मौजूद रहे।



रुद्राक्ष का पौधा लगाते एसडीएम अजय कुमार त्रिपाठी व सीओ अंबरीश भदौरिया • जागरण

# किशोरी को भगाने वाला गिरफ्तार

संतकबीर नगर : महुली पुलिस ने थानाक्षेत्र के एक गांव की किशोरी को भगाने वाले आरोपित को रविवार को गिरफ्तार किया है। मां ने थाने में सूचना दी थीं कि 10 जुलाई को उसकी बेटी को युवक बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। सीओ धनघटा रामप्रकाश ने बताया कि बस्ती के दुबौलिया थानाक्षेत्र के केवाड़ी गांव का निवासी पीरु उर्फ पीर मोहम्मद पुत्र यूनुस आरोपित है। उसे गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। (जासं.)

# पुलिस की पहल से चार दंपती साथ रहने को राजी

जासं, संतकबीर नगर: एसपी कार्यालय के निकट स्थित महिला थाना में रविवार को सुलह-समझौता के जरिए चार दंपतियों का विवाद खत्म करवा दिया गया। ये लोग एक-दूसरे के साथ रहने के लिए राजी हो गए। महिला थाना प्रभारी डा. शालिनी सिंह ने कहा कि धनघटा थाने के सुरैना गांव की साजिया खातून का पति मेहताब खान से चार वर्ष, दुधारा थाना के बसडीला गांव की जूबैदा खातून का पति अब्दुल अली से तीन वर्ष, पिपराबोरिंग गांव की तस्लीमुन्निशा पुत्री का पति अख्तर हुसैन से पांच वर्ष तथा महुली थाने के पिराड़ी गांव की प्रियंका का पति अनिरुद्ध प्रजापति से सात वर्षों से आपसी विवाद चला आ रहा था। समझा-बुझाकर सुलह-समझौता कराया गया। चारों दंपती एक साथ रहने के लिए तैयार हो गए।

# चार परिवार हुए एक साथ रहने को राजी




एसओ शालिनी सिंह ने परिवार को सुलह के आधार पर मिलाया। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। महिला थाने पर रविवार को एसओ डॉ. शालिनी सिंह की देखरेख में साथ-साथ कार्यक्रम (टूटने परिवार को जोड़ने की एक पहल) का आयोजन हुआ। इसमें चार परिवारों को एक साथ रहने को राजी किया गया।

एसओ डॉ. शालिनी सिंह ने बताया कि साथ-साथ कार्यक्रम में कुल चार मामंले आए। सभी में सुलह-समझौता कराया गया। इसमें साजिया खातून और मेहताब खान के मध्य करीब चार वर्षों से आपसी पारिवारिक विवाद के कारण इनका रिश्ता टूटने की कगार पर था। दोनों बाद एक साथ रहने को राजी हुए। जूबैदा खातून और अब्दुल अली के मध्य करीब तीन वर्षों से आपसी पारिवारिक विवाद के कारण इनका रिश्ता टूटने की कगार पर था दोनों पक्षों को काफी समझाने-बुझाने के एक साथ रहने को तैयार हुए। तस्लीमुन्निशा और अख्तर हुसैन के बीच पांच साल से पारिवारिक विवाद था।

इनका रिश्ता टूटने के कगार पर था। इसी तरह से प्रियंका और अनिरुद्ध के बीच सात साल से पारिवारिक विवाद था। दोनों लोगों को समझा-बुझाकर एक साथ रहने को राजी किया गया। उन्होंने बताया कि चार परिवार एक साथ रहने को

# कुर्बानी को लेकर मुसहरा गांव में सतर्क हुआ पुलिस प्रशासन

## वर्ष 2007 में दो पक्षों में हुआ था सांप्रदायिक विवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**धर्मसिंहवा।** संवेदनशील गांव मुसहरा में वकरीद का पर्व शांतिपूर्वक निपट सके। इसको लेकर प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है। पुलिस ने अव तक यहां पर 41 लोगों को शांतिभंग का संदिग्ध मानते हुए भारी मुचलके में पावंद किया है। साथ ही साथ गांव में पैनी नजर बनाए हुए हैं।

परंपरा न होने के बावजूद वर्ष 2007 में एक पक्ष द्वारा कुर्वानी का त्योहार मना लेने से दूसरे पक्ष द्वारा जमकर बवाल काटा गया था। गांव में आगजनी और लूटपाट की घटनाएं हुईं थीं। जिस पर पुलिस कर्मियों सहित अन्य अधिकारियों पर भी कार्रवाई की गई थी।

तत्कालीन समय में धर्मसिंहवा थाना जनपद सिद्धार्थनगर के अंतर्गत आता था। एक पक्ष के अनुसार गांव में कुर्वानी मनाए जाने की परंपरा नहीं थी, पर कुछ लोगों के वहकावे में आकर दूसरे पक्ष के लोगों ने जवरिया कुर्वानी का त्योहार मना लिया था। जिस पर दूसरे समुदाय के उग्र हो जाने से जमकर बवाल हो गया था। तव से प्रदेश स्तर के उच्च अधिकारी इस पर्व पर मुसहरा का जायजा लेते हैं।





धर्मसिंहवा में एसडीएम और ने पौधरोपण किया, वेलहर थाने में बैठक हुई।

### ब्लॉक सभागार में शांति कमेटी की बैठक हुई

**वेलहर।** सांथा व्लॉक सभागार में शांति कमेटी की वैठक आयोजित की गई। इस दौरान सभी को शांतिपूर्वक त्योहार को मनाने के लिए एसडीएम ने अपील की। एसडीएम अजय कुमार तिवारी ने कहा कि आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनाएं। कहीं से कोई समस्या हो तो पुलिस को सूचना दें। अगर त्योहार मनाने में कोई खलल डालेगा तो पुलिस कार्रवाई करेगी। कोविड गाइडलाइन का पालन करें। सार्वजनिक जगहों पर पांच लोग से अधिक न रहें। इस दौरान एसआई सदरुल आलमीन, अहमद सुहेल रहमानी, शकील अहमद, रवीउल अव्वल अंसारी, लड्डन चौधरी, राजेश कुमार, जाहिद, विश्वनाथ मौर्य, अवरार अहमद, शकील अंसारी, राजू आदि मौजूद रहे। संवाद

वताया जा रहा है कि इस वार गांव में आधा दर्जन लोग कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। ऐसे में गांव का कुछ हिस्सा पहले से ही सील कर दिया गया है। सीओ अंवरीष सिंह भदौरिया ने वताया कि मुसहरा गांव में लोगों को शांतिपूर्वक व पारंपरिक तरीके से त्योहार मनाए जाने के निर्देश दे दिए गए हैं। साथ ही साथ संदिग्ध 41 लोगों को भारी मुचलके में शांतिभंग में पावंद कर दिया गया है।

पर्व से पहले सुरक्षा को लेकर सारी तैयारियां कर ली गई हैं। गांव में आवश्यकतानुसार पुलिस वल तैनात कर दिया जाएगा।

### 'बकरीद पर घरों में अदा करें नमाज'

धर्मसिंहवा। रविवार को धर्मसिंहवा थाने पर वकरीद को लेकर एसडीएम मेंहदावल अजय त्रिपाठी की अध्यक्षता में शांति कमेटी की वैठक हुई। वैठक में सभी से कोरोना महामारी से वचते हुए दो गज की दूरी अपनाते हुए शांतिपूर्वक तरीके से पर्व मनाए जाने की अपील की गई। एसडीएम ने कहा कि सभी अकीदतमंद अपने घरों में नमाज अदा करें। सीओ अम्वरीष भदौरिया ने वताया कि सुरक्षा को लेकर फोर्स हर जगह मुस्तैदी से तैनात रहेगी। गड़वड़ी फैलाने वालों को वख्शा नहीं जाएगा। उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान एसओ जितेंद्र कुमार यादव, उप निरीक्षक संजय सिंह, संतोष कुमार, लक्ष्मीकांत तिवारी, वव्वन प्रसाद, रामचंद्र शुक्ल, वृजेश चंद्र त्रिपाठी, श्रीचंद्र निपाद, मौलाना अली अहमद, अवुलास, मुसाहिद रजा, मुवारक अली, जिला पंचायत सदस्य अकवाल अहमद, मुजाहिदुल इस्लाम, प्रद्युम्न यादव आदि मौजूद रहे।

# वाहन चेकिंग हुई

संतकबीरनगर। जनपद में रविवार को वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान 175 वाहन स्वामियों से 1,64,000 रुपये की राजस्व वसूली की गई। एसपी डॉ. कौस्तुभ ने बताया कि कोतवाली खलीलाबाद, धनघटा, महुली, दुधारा, बखिरा, धर्मसिंहवा, मेंहदावल, बेलहर थाना क्षेत्र में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। 175 वाहनों के कागजात में कमी और बिना हेलमेट के वाहन स्वामी मिले। 1,64,000 रुपये की राजस्व वसूली की गई। संवाद

# GONDA POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 19-07-2021

# युवती संग दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज

धानेपुर। शौच के लिए गई एक युवती के साथ गांव के ही युवक द्वारा जबरन दुष्कर्म करने का आरोप लगा है। पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है।

मामला धानेपुर थाना क्षेत्र के ही एक गांव से जुड़ा हुआ है। गांव की ही रहने वाली एक महिला के मुताबिक उसकी 18 वर्षीय लड़की रविवार को सुबह शौच के लिए गांव से बाहर गई हुई थी। लड़की के घर लौटते वक्त गांव का ही एक युवक उसे जबरन गन्ने के खेत में खींच ले गया और जबरदस्ती दुष्कर्म किया। पीड़िता की मां के मुताबिक इस बात की उलाहना लेकर जब आरोपी के घर गई तो आरोपी के भाई और पिता ने भी गाली गलौज करते हुए अभद्रता किया। थानाध्यक्ष शेषमणि पांडेय ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# अध्यक्ष ने पुलिस चौकी का भूमि पूजन किया

**कार्यक्रम**

गोण्डा | **संवाददाता**

कोतवाली देहात क्षेत्र के अंतर्गत रामनगर तरहर के पथरी बाजार में पुलिस चौकी निर्माण के लिए जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम मिश्रा ने भूमि पूजन किया। भूमि पूजन के बाद जिला पंचायत अध्यक्ष न कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए चौकी का निर्माण कराया जा रहा है। इससे क्षेत्र के लोगों को न्याय आसानी से मिल सकेगा।

प्रधान प्रतिनिधि रंजीत पाण्डेय ने पथरी बाजार में जल निकासी, सड़क निर्माण और हाई मास्ट लाइट लगवाने की मांग की। इस पर उन्होंने कहा कि पथरी बाजार में जलनिकासी के लिए नाली का निर्माण और बाजार में दो बड़ी वाली लाइट लगाई जायेगी। क्षेत्र के विकास पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इस दौरान जिपं अध्यक्ष ने लोगों से पुलिस का सहयोग करने की भी अपील की। कहा कि घटना की सूचना तुरंत पुलिस को देनी चाहिए। चौकी प्रभारी वीरेंद्र कुमार शुक्ला व संतोष कुमार तिवारी ने जिला पंचायत अध्यक्ष को धन्यवाद ज्ञापित किया। शिव मूर्ति पांडेय, बीके तिवारी, राधेश्याम मिश्र, ननकऊ शुक्ल, दुर्गेश यादव, अवधेश यादव, मणिकांत, विनय कुमार, नवरंग पाठक, हरिहर शुक्ला, घनश्याम मिश्रा, रघुनाथ शुक्ल, विंध्याचल पांडे, आशीष लाल, दिनेश पांडे रहे।

CS Scanned with CamScanner

# गैंगस्टर में निरुद्ध आरोपित समेत 12 गिरफ्तार

संसू, गोंडा: रविवार को पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाया। गिरोहबंद अधिनियम में दो आरोपितों के साथ ही 12 लोगों को विभिन्न मामलों में गिरफ्तार किया गया है।

एसपी संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि इटियाथोक में गैंगस्टर के एक मामले में वांछित चल रहे अतीक सिद्दीकी व परवेज को पकड़ा गया है। इन पर आर्थिक लाभ के लिए लूट, चोरी व नकबजनी जैसे अपराध करने का आरोप है। परसपुर पुलिस ने बलवा के मामले में आरोपित भौरीगंज के फिरोज को गिरफ्तार किया है। दहेज हत्या के मामले में खरगूपुर पुलिस ने मंगलनगर के तेलियनपुवा निवासी मनोज कुमार को गिरफ्तार किया गया है। इसके अतिरिक्त श्याम लाल, राजन सोनकर, इटियाथोक पुलिस ने ओम प्रकाश, कपिल देव, कोतवाली देहात पुलिस ने कृष्ण कुमार, सभाजीत, वजीरगंज में बृजनंदन सिंह व खोड़ारे पुलिस ने विजय चौहान को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है।

## इंटरनेट मीडिया पर शस्त्र दिखाना पड़ा महंगा

इंटरनेट मीडिया पर अवैध असलहे का प्रदर्शन करते हुए फोटो वायरल हुआ था। एसपी ने इस पर कार्रवाई के लिए पुलिस को निर्देश दिया था। कर्नलगंज कोतवाल प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि आरोपित देवीतिलमहा गांव के कोमल सिंह को अवैध शस्त्र के साथ गिरफ्तार किया गया है।

CS Scanned with CamScanner

# सतर्क रहें पुलिस कर्मी

संसू, गोंडा : संसू, गोंडा : बकरीद को लेकर पुलिस कर्मी सतर्क रहें। पुलिस अधिकारी बनाई गई व्यवस्था की निगरानी खुद करें। लोगों से संवाद करके कोविड प्रोटोकाल का अनुपालन सुनिश्चित कराएं। रविवार को पुलिस लाइंस स्थित शिविर कार्यालय में क्षेत्राधिकारियों के साथ बैठक करते हुए पुलिस महानिरीक्षक डॉ. राकेश सिंह ने कहा कि शासन के निर्देशों का अनुपालन कराया जाय। सावन मास को लेकर जारी प्रोटोकाल के बारे में जनसमुदाय को बताया जाय। घरों में ही अदा करें नमाज

बकरीद को शांतिपूर्ण निपटाने को लेकर थानों में शांति समिति की बैठक हुई। इसमें त्योहारों को लेकर निर्देश जारी किए गए। आर्यनगर, नवाबगंज व बभनजोत में बकरीद, कजरी तीज व जन्माष्टमी को शांतिपूर्ण संपन्न कराने को शांति समिति की बैठक हुई। बताया गया कि बकरीद की नमाज घरों में पढ़ें।

# आईजी ने विवेचनाओं की समीक्षा की

गोंडा। देवीपाटन मंडल के आईजी डॉ. राकेश सिंह ने रविवार को कैंप कार्यालय में राजपत्रित अधिकारियों के संग लंबित विवेचनाओं की समीक्षा की। आईजी ने अधिकारियों का आने वाले श्रावण मास समेत ईद-उल-अजहा को सकुशल निपटाने के निर्देश दिए। आईजी डॉ. राकेश सिंह ने कैम्प कार्यालय पर अधिकारियों संग समीक्षा के दौरान उनके सर्किल में अब तक लंबित विवेचाओं की जानकारी ली। इसके बाद विवेचनाओं के लंबित रहने का कारण पूछा तो किसी ने बताया कि अभी सभी गवाहों के बयान नहीं हो पाए हैं तो किसी ने बताया कि मुकदमे से जुड़े लोगों के समय पर न मिलने के कारण विवेचनाएं पूरी नहीं हो सकी हैं। (संवाद)

CS Scanned with CamScanner

# घरों में ही करें कुर्बानी

## शांति कमेटी बैठक में प्रभारी थानाध्यक्ष ने दिए सुझाव



गोंडा के कौड़िया थाने में बैठक करते प्रभारी थानाध्यक्ष अजय पांडेय व मौजूद लोग।

संवाद न्यूज एजेंसी

रुपईडीह(गोंडा)। बकरीद ,श्रावण मास व कजरी तीज पर्व को लेकर रविवार को थाना कौड़िया परिसर में क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों के साथ पीस कमेटी की बैठक की गई। जिसमें लोगों से त्यौहार को भाईचारा एवं सौहार्दपूर्ण मनाने की अपील किया।

बैठक की अध्यक्षता प्रभारी थानाध्यक्ष कौड़िया अजय कुमार पांडेय ने करते हुए उपस्थित लोगों से क्षेत्र की समस्याओं पर चर्चा करते हुए किसी भी समस्या को तुरंत पुलिस को सूचित करें। महामारी के चलते सभी लोग घर पर ही नमाज पढ़े और कोविड-19 प्रोटोकॉल का पालन करें। खुद बीमारी से बचें और दूसरों को भी बचाएं। इसी प्रकार श्रावण मास एवं कजरी तीज पर लोगों से कांवड़ यात्रा न निकालने तथा घर पर ही पूजा-पाठ करने के लिए अपील की। इसमें चौकी प्रभारी दुबहा बाजार बृजेश कुमार, उपनिरीक्षक अखिलेश, हेड कांस्टेबल गजानन पाठक, राजदेव यादव, आदित्य राय, संतोष शर्मा, अभय, ओमकार शुक्ल, ग्राम प्रधान कृष्ण कुमार मिश्र, आनन्द मोहन मिश्र, शिवाकर शुक्ल, विवेक शुक्ल, पूर्व प्रधान अब्बुल हसन, कृष्ण कुमार चतुर्वेदी, मो. आसिफ, मेराज खान, अब्दुल हसन, अफजल खान, आजम खान, शाकिर, विपुल शुक्ला, सुनील कुमार कुरील, जगदम्बा प्रसाद, अनिल कुमार शुक्ला, कालिका प्रसाद, देशराज सिंह, शकील अहमद, छोटू अंसारी व शमशाद मौजूद रहे।

# सोशल मीडिया पर असलहे का प्रदर्शन करने वाला धरा गया

**करनैलगंज(गोंडा)।** सोशल मीडिया पर तमंचा लहराकर दहशत फैलाने की कोशिश करना भारी पड़ गया। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर उसके पास से 315 बोर का तमंचा व एक कारतूस बरामद किया है। पुलिस उपाधीक्षक करनैलगंज मुन्ना उपाध्याय ने बताया कि कुछ दिन पूर्व सोशल मीडिया पर थाना करनैलगंज क्षेत्र के अंतर्गत एक व्यक्ति द्वारा अवैध असलहे का प्रदर्शन करने का फोटो वायरल हुआ था। इस फोटो के वायरल होने पर मामले का संज्ञान लेते हुए पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने तत्काल प्रभारी निरीक्षक करनैलगंज को कार्यवाही कर अभियुक्त की अतिशीघ्र गिरफ्तारी करने व उस अवैध असलहा को बरामद करने के लिये कड़े निर्देश दिये थे। थाना करनैलगंज पुलिस व नवागत कोतवाल प्रदीप कुमार सिंह ने अवैध असलहा का प्रदर्शन करने वाले अभियुक्त कोमल सिंह उर्फ सम्राट निवासी ग्राम खजुहा देवी तिलमहा को हुजुरपुर मोड के पास से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक तमंचा 315 बोर व एक कारतूस बरामद किया गया। उक्त अभियुक्त ने लोगों के बीच में रौब जमाने के उद्देश्य से अवैध असलहे का प्रदर्शन किया था। संवाद

# BALRAMPUR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 19-07-2021

# 18 बोटा जंगली लकड़ी के साथ दो गिरफ्तार

**जरवा।** जरवा कोतवाली के बघेलखंड चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक संतोष सिंह ने 18 बोटा जंगली अवैध खैर की लकड़ी बरामद की है। वह शनिवार रात हमराही कांस्टेबल शैलेन्द्र यादव व अतुल यादव के साथ गस्त पर निकले थे। मुखबिर की सूचना पर रनियापुर निवासी जग प्रसाद व बघेलखंड के जगराम को लकड़ी के बोटों के साथ गिरफ्तार किया है।

# पुलिस ने गुमशुदा युवक को परिजनों से मिलवाया

**बलरामपुर।** थाना महराजगंज तराई पुलिस ने बिहार राज्य के सात माह से गुमशुदा युवक को उसके परिजनों से मिलाया है। प्रभारी निरीक्षक पीएन तिवारी हमराहियों के साथ शनिवार रात गस्त पर निकले थे। युवक को लावारिश अवस्था में घूमता देखकर उससे पूछताछ की। वह मंदबुद्धि था। उसने अपना नाम पता छोटे प्रसाद ग्राम परसौनी थाना सीतामढ़ी बिहार राज्य बताया। उसके परिजनों को बुलाकर रविवार को प्रभारी निरीक्षक ने सुपुर्द कर दिया।

# 15-15 हजार के दो इनामी अभियुक्त बंदी

**रेहराबाजार।** रेहराबाजार पुलिस ने शनिवार देर रात 15-15 हजार के दो ईनामी वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह, उप निरीक्षक सुरेश सिंह, मुख्य आरक्षी सफात अली व आरक्षी संजय कुमार गस्त पर निकले थे। मुखबिर से सूचना मिली कि दुष्कर्म आदि धारा में वांछित 15-15 हजार के ईनामी अब्दुल कुद्दूस व हादिम जिला छोड़कर भागने की फिराक में थे। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

# टूरिस्ट बस दुर्घटनाग्रस्त बाल-बाल बचे लोग

**पचपेड़वा।** रविवार सुबह लगभग 10 बजे दिल्ली से सोनौली बॉर्डर जा रही टूरिस्ट बस रजडेरवा और रामनगर गांव के बीच बौद्ध परिपथ पर मोटरसाइकिल को बचाने के चक्कर में दुर्घटनाग्रस्त हो गई। दुर्घटना के कारण आवागमन ठप हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बस काफी तेज गति से बढ़नी की तरफ जा रही थी। सामने से आ रहे मोटरसाइकिल सवार को बचाने के चक्कर में ड्राइवर ने काफी तेज ब्रेक लगाया और रफ्तार ज्यादा होने के कारण गाड़ी घूम कर पुल के बीचो बीच रेलिंग तोड़कर खड़ी हो गई, लेकिन ड्राइवर की सूझबूझ से बस नाले में गिरने से बच गई। किसी यात्री को चोट नहीं पहुंची है। स्थानीय पुलिस ने सभी यात्रियों को प्राइवेट बसों में बैठाकर गंतव्य की ओर रवाना कर दिया है। उपनिरीक्षक पुरणेश पांडेय ने बताया कि क्रेन से बस हटवा दिया गया है।

# दो इनामी आरोपितों को पुलिस ने दबोचा

**संवादसूत्र, रेहराबाजार (बलरामपुर):** रेहराबाजार थाना की पुलिस ने दो इनामी आरोपितों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने मसीहाबाद ग्रंट गांव निवासी अब्दुल कुद्दूस व हादिम उर्फ अब्दुल रहीम को गिरफ्तार किया है।

दोनों के ऊपर 15-15 हजार रुपये का इनाम घोषित था। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि दोनों आरोपितों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज था। पुलिस को काफी दिनों से इनकी तलाश थी। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक सुरेश सिंह, मुख्य आरक्षी सफात अली, आरक्षी संजय कुमार व मीनू सिंह शामिल रहीं।

# पुल पर लटकी बस, बाल-बाल बचे यात्री



**पचपेड़वा (बलरामपुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर रजडेरवा पुल के पास दिल्ली से बढ़नी जा रही टूरिस्ट बस अनियंत्रित होकर रेलिंग तोड़ते हुए लटक गई। घटना में सभी यात्री बाल-बाल बच गए। प्रभारी निरीक्षक पचपेड़वा अनिल सिंह ने बताया कि यह बस दिल्ली से बढ़नी होते हुए गोरखपुर के सोनौली बार्डर जा रही थी। बस में कुल 26 यात्री सवार थे। कार व बाइक सवार को बचाने के चक्कर में बस पुल की रेलिंग तोड़ते हुए नीचे लटक गई। सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकालकर दूसरी बस से गंतव्य के लिए भेज दिया गया है। (संवाद)

# कोरोना की तीसरी लहर को लेकर बरतें सतर्कता



बलरामपुर में पैदल गश्त करती पुलिस टीम। -संवाद

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**बलरामपुर।** कोरोना महामारी की तीसरी लहर को लेकर सतर्कता बरती जा रही है। कोरोना महामारी के बढ़ते प्रकोप पर काबू पाने के लिए प्रशासन की तरफ से सप्ताह में दो दिन की साप्ताहिक बंदी करने का निर्णय लिया गया है। दो दिन की साप्ताहिक बंदी के दौरान जिले के सभी दुकानों/प्रतिष्ठानों को बंद कराए गए। सभी कोतवाली व थानों की पुलिस ने पैदल गश्त कर सख्ती दिखाई। पुलिस टीम ने संदिग्धों की जांच के साथ लोगों को कोरोना महामारी से बचाव के लिए जागरुक किया।

डीएम श्रुति व एसपी हेमंत कुटियाल ने बताया कि कोरोना महामारी की तीसरी लहर को लेकर सभी लोगों को विशेष सतर्कता बरतने की जरुरत है तभी कोरोना को हराने में मदद मिल सकेगी। डीएम व एसी के निर्देश पर जिले के सभी कोतवाली व थानों की पुलिस ने शनिवार व रविवार को पैदल गश्त कर साप्ताहिक बंदी को सफल बनाया। सार्वजनिक स्थलों, चौराहों, बाजारों व भीड़-भाड़ वाली जगहों पर संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों और वस्तुओं की गहनता से जांच की गई। दुकानें बंद कराई गई।

## सभी कोतवाली व थानों की पुलिस ने पैदल गश्त कर दिखाई सख्ती

बड़े प्रतिष्ठानों व सराफा कारोबारियों को सीसीटीवी कैमरे लगवाने का निर्देश दिया गया।

# BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 19-07-2021

# चोरी की छह बाइक बरामद, एक गिरफ्तार

बहराइच | संवाददाता

## कार्रवाई

- गिरफ्तार युवक को केस दर्ज कर जेल भेजा
- रुपईडीहा पुलिस की ओर से की गई कार्रवाई

पुलिस की ओर से ऑटो लिफ्टर गैंग के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए छह चोरी की बाइक बरामद की है। मौके से एक आरोपी को भी गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के विरुद्ध केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अशोक कुमार व क्षेत्राधिकारी नानपारा जंग बहादुर यादव के निर्देशन में रुपईडीहा पुलिस की ओर से यह कार्रवाई की गई। रविवार को चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इस दौरान केवलपुर के चिकवन मोहल्ले में अपराह्न चार बजे भगवानपुर करिंगा गांव के मार्ग से नेपाल जाने वाले रास्ते पर चोरी की एक बाइक बरामद की गई। इसे एक युवक नेपाल बेचने के लिए ले जाया जा रहा था। मौके से आरोपी चिकवन मोहल्ला निवासी चांद बाबू पुत्र इकबाल को भी गिरफ्तार कर लिया गया। उसकी निशानदेही पर बाबाकुटी चौराहे पर महमूद जूस वाले की दुकान के अंदर से पांच और चोरी की बाइक बिना नंबर प्लेट के बरामद की गई।

# 23 लाख की चरस के साथ एक गिरफ्तार

**बहराइच।** कैसरगंज थाने में तैनात उपनिरीक्षक मनोज कुमार सिंह पुलिस बल के साथ रविवार को मध्याह्न गोड़निया गांव के पास से निकल रहे थे।एक संदिग्ध युवक को रोककर उसकी तलाशी ली। उसके पास से 750 ग्राम चरस बरामद हुई। गिरफ्तार युवक की पहचान बिराहिमपुर बिल्होरा निवासी फरमान के रूप में हुई। उससे थाने में पूछताछ की जा रही है।

# दहेज उत्पीड़न के तीन आरोपी गिरफ्तार

**बहराइच।** रामगांव थानाध्यक्ष अभय सिंह को रविवार को मध्याह्न भनक लगी कि दहेज उत्पीड़न मामले में नामजद लोगों को सोहरवा के पास देखा गया है।

इस पर उन्होंने उपनिरीक्षक विनोद सिंह को पुलिस बल के साथ भेजा। पुलिस ने किशुनपुर मीठा निवासी शाकिर, छन्नू व गुफरान को गिरफ्तार कर लिया। तीनों से थाने में पूछताछ की जा रही है।

# दहेज हत्यारोपित गिरफ्तार

**गंभीरवाबाजार :** रामगांव पुलिस ने दहेज हत्या के मामले में रविवार को तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि किशुनपुर मीठा दरहियापुरवा में हफीजा की दहेज के लिए हत्या कर शव को फंदे से लटकाने का आरोप लगा था। मृतका के पिता की तहरीर पर पति छन्नू उर्फ फुरकान, गुफरान समेत पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। घटना में शामिल शाकिर अली, छन्नू उर्फ फुरकान व गुफरान को गड़वा चौराहे के पास से गिरफ्तार किया गया। आरोपितों को न्यायालय भेजा गया है। (संसू)

# चोरी की छह बाइक के साथ आटोलिफ्टर बंदी

**संसू, बहराइच :** रुपईडीहा पुलिस ने आटोलिफ्टर गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के दौरान पकड़े गए उसकी निशानदेही पर चोरी की छह बाइकें भी बरामद की गई हैं। डंप की गई बाइकों को नेपाल बेचने की तैयारी थी।

अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अशोक कुमार ने बताया कि वाहन चोरी की वारदातों पर शिकंजा कसने के सख्त निर्देश दिए गए। इसी क्रम में थानाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह ने गश्त के दौरान नेपाल मार्ग पर भगवानपुर करिंगा गांव के पास एक संदिग्ध बाइक सवार को रुकने का इशारा किया तो वह भागने लगा। घेराबंदी कर पुलिस कर्मियों ने उसे पकड़ लिया।

पकड़े गए आरोपित की पहचान आटोलिफ्टर चांदबाबू निवासी केवलपुर रुपईडीहा के रूप में हुई। उसकी निशानदेही पर चोरी की पांच बाइकें और बरामद की गई। आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय भेज दिया गया।

# ऑटोलिफ्टर गैंग का खुलासा, छह बाइक के साथ एक गिरफ्तार

**रुपईडीहा।** चोरी की बाइक को नेपाल में बेचने वाले ऑटोलिफ्टर गैंग का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर छह चोरी की बाइक के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके पास से चोरी की छह बाइकें बरामद हुई हैं।

शनिवार रात संयुक्त टीम गश्त कर रही थी तभी मुखबिर से सूचना मिली कि चोरी की बाइक को बेचने के लिए एक युवक नेपाल जाने की फिराक में है। इस पर टीम भगवानपुर करिंगा गांव के मार्ग से नेपाल जाने वाले रास्ते पर मुस्तैद हो गई। तभी एक संदिग्ध बाइक सवार आता हुआ दिखाई पड़ा। टीम ने घेराबंदी कर कागजात मांगे तो युवक पुलिस के सामने टूट गया और चोरी की बात स्वीकार कर ली। थानाध्यक्ष ने बताया कि पकड़े गए आरोपी की पहचान केवलपुर गांव निवासी चांदबाबू के रूप में हुई। कड़ी पूछताछ में आरोपी के निशानदेही पर बाबाकुट्टी चौराहे पर महमूद जूस वाले की दुकान के अंदर से पांच चोरी की अन्य बाइकें बरामद कीं। (संवाद)

# SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 19-07-2021

# चेकिंग अभियान में 51 हजार का जुर्माना वसूला

## कार्रवाई

**श्रावस्ती।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में शनिवार को पुलिस की ओर से विभिन्न थाना क्षेत्रों में वाहन चेकिंग अभयान चलाया गया। चलाये गए अभियान में 153 वाहनों को रोका गया इसमें वाहन के पेपर, हेलमेट, तीन सवारी, मास्क, डीएल आदि की चेकिंग की गई। 36 वाहनों को यातायात नियमों का उल्लंघन करते पाया गया। नियमों की अनदेखी करने वाले सभी वाहनों में से एक वाहन को सीज किया गया 35 वाहनों का मोटर वाहन अधिनियम में ई-चालान किया गया। चालान किए गए वाहनों पर 51 हजार 500 रुपये का जुर्माना लगाया गया।

# 60 लोगों से आठ हजार रुपये जुर्माना वसूला

**श्रावस्ती।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर कोविड नियमों का उल्लंघन करने वाले लोगों पर नकेल कसा जा रहा है। दैनिक भ्रमण व गश्त के दौरान बिना मास्क के मिलने वाल लोगों पर जुर्माना लगाया जा रहा है। साथ ही चौक चौराहों पर चेकिंग कर लोगों को सोशल डिस्टेंसिंग के साथ ही अन्य नियमों का पालन करने की सख्त हिदायत दी जा रही है। शनिवार को 60 लोगों को कोविड नियम का उल्लंघन करते पकड़ा गया।

# 'कोविड प्रोटोकाल के तहत घर पर मनाएं त्योहार'

**संसू, श्रावस्ती :** कलेक्ट्रेट सभागार में केंद्रीय शांति समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता डीएम टीके शिबु ने की। उन्होंने कहा कि पूर्व के वर्षों की भांति इस वर्ष भी जिले में बकरीद का त्योहार भाई-चारे के साथ मनाया जाएगा। ऐसा कोई कार्य न करें, जिससे किसी दूसरे व्यक्ति की भावनाएं आहत हों। कोविड प्रोटोकाल को ध्यान में रखते हुए घर पर ही त्योहार मनाएं।

डीएम ने कहा कि सांप्रदायिक सौहार्द के लिए यह जिला अपनी अलग पहचान रखता है। बकरीद के त्योहार में भाईचारे की मिसाल कायम रखें। जिला प्रशासन की ओर से साफ-सफाई, विद्युत व पानी के माकूल बंदोबस्त कराए जाएंगे। अमन-चैन से खिलवाड़ करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। त्योहार के दौरान कोविड प्रोटोकाल का पालन अवश्य करें। मास्क का प्रयोग करें, शारीरिक दूरी अपनाकर घर पर ही त्योहार मनाएं। बिना अनुमति के कोई भी जुलूस नहीं निकलेगा। प्रतिबंधित जानवरों की कुर्बानी नहीं की जाएगी। सामूहिक कुर्बानी पर भी प्रतिबंध रहेगा। सार्वजनिक स्थानों पर मादक पदार्थ, अवैध मदिरा व शराब का सेवन पूर्ण रूप से वर्जित रहेगा। यदि कोई भी व्यक्ति बिना अनुमति के जुलुस निकालते या सार्वजनिक स्थलों पर मदिरापान करते पाया गया तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एसपी अरविंद कुमार मौर्य ने कहा कि बकरीद का त्योहार एक-दूसरे की भावनाओं का आदर करते हुए मिल-जुल कर मनाएं।

# कच्ची शराब बरामद

**श्रावस्ती :** भिनगा कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक बृजेश द्विवेदी पुलिस टीम के साथ गश्त पर निकले थे। इसी दौरान संदेह होने पर अमरहवा गांव निवासी विनोद निषाद को रोका। तलाशी में उसके कब्जे से 10 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। आरोपित के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। (संसू)

# दस लीटर कच्ची शराब के साथ युवक धरा

**श्रावस्ती।** भिनगा कोतवाली प्रभारी बृजेश द्विवेदी ने शनिवार रात अमरहवा जाने वाले कच्चे रास्ते पर पुलिया से लगभग 300 मीटर की दूरी पर एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया। जिसके कब्जे से पुलिस ने दस लीटर कच्ची शराब बरामद की है। गिरफ्तार युवक की पहचान अमरहवा निवासी विनोद निषाद के रूप में हुई। जिसके विरुद्ध आबकारी अधिनियम कार्रवाई की गई। उधर, जिला पुलिस ने शनिवार रात विशेष अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने 11 लोगों को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया। जिनके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई कर उन्हें संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। वहीं जिला पुलिस की ओर से रविवार को संदिग्ध वाहनों के विरुद्ध जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस ने 153 वाहनों की जांच की, एक वाहन सीज कर 35 वाहनों का ई-चालान किया। साथ ही पुलिस ने 71,500 रुपये शमन शुल्क भी वसूल किया। (संवाद)

# बकरीद पर सफाई, बिजली, पानी के किए जाएं बेहतर प्रबंध : डीएम

**श्रावस्ती।** कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी त्योहार शांतिपूर्ण माहौल में पूरे कराने के लिए शनिवार को डीएम की अध्यक्षता में जिला शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में जिलाधिकारी टीके शिबु ने कहा कि सांप्रदायिक सौहार्द के लिए श्रावस्ती की अपनी अलग पहचान है। जिलेवासियों से अपील है कि बकरीद के त्योहार में भाईचारे की मिसाल कायम रखें।

डीएम ने कहा कि जिला प्रशासन की ओर से सफाई, विद्युत एवं पानी आदि के बंदोबस्त कराए जाएंगे। अमन चैन बिगाड़ने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। कोई ऐसा कार्य न करें, जिससे किसी दूसरे व्यक्ति की भावनाएं आहत हों। त्योहार के दौरान कोविड-19 के सुरक्षात्मक प्रोटोकॉल का पालन अवश्य करे। बिना अनुमति के कोई भी जुलूस नहीं निकलेगा, न ही प्रतिबंधित जानवरों की कुर्बानी की जायेगी, सामूहिक कुर्बानी पर भी प्रतिबंध रहेगा। यदि कोई भी व्यक्ति बिना अनुमति के जुलूस निकालते या सार्वजनिक स्थलों पर मदिरा पान करते पाया गया तो उनके विरूद्ध कार्रवाई की जायेगी।



शांति समिति की बैठक करते डीएम व एसपी। -संवाद

एसपी अरविन्द कुमार मौर्य ने कहा कि त्योहार पर गुड पुलिसिंग की व्यवस्था रहेगी। मौके पर एएसपी बीसी दुबे, उपजिलाधिकारी प्रवेन्द्र कुमार, उपजिलाधिकारी राजेश कुमार मिश्रा, उपजिलाधिकारी आरपी चौधरी, सीओ इकौना एमपी शर्मा, अधिशासी अभियंता विद्युत आरएस मौर्या, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका भिनगा अवधेश कुमार भारती, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत इकौना प्रेमनाथ मौजूद रहे। (संवाद)